राष्ट्रीय दैनिक

प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

11 बैंकिंग सेक्टर में बड़ा दांव खेलने की तैयारी में आनंद महिंद्रा ...

भारत को 2047 तक ऊर्जा के मामले में स्वतंत्र देश बनाने का लक्ष्य ... 11

वर्ष : 11 | अंक : 78 | पटना, शुक्रवार, 28 जुलाई, 2023 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

मौसम

अधिकतम तापमान 40°C

न्यूनतम तापमान 29.0°C

हां	30%
नहीं	50%
कह नहीं सकते	10%

बाजार

सोना	59,340
चांदी	55,350
सेंसेक्स	63,327
निफ्टी	18,816

आईसीजी ने समुद्र में फंसे अनुसंधान जहाज पर सवार 36 लोगों को बचाया

भारत सरकार के इस पोत पर सवार थे अनुसंधान टीम के 8 वैज्ञानिक

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। भारतीय तटरक्षक दल ने गोवा और कारवार के बीच फंसे भारत सरकार के एक अनुसंधान जहाज को बचा लिया है, जो तकनीकी समस्याओं के कारण समुद्री लहरों से जूझ रहा था। जहाज पर 28 सदस्यीय चालक दल के अलावा 8 वैज्ञानिक सवार थे। सभी 36 लोगों को बचाकर सुरक्षित रूप से गोवा लाया गया है। यह अत्याधुनिक अनुसंधान पोत कीमती वैज्ञानिक उपकरण और अनुसंधान डेटा ले जा रहा था। कोस्ट गार्ड के डीआईजी केएल अरुण ने गुरुवार को बताया कि भारतीय तटरक्षक बल ने गुरुवार को गोवा और कारवार के बीच फंसे एक अनुसंधान जहाज को बचाया। जहाज में तकनीकी दिक्कत आ रही थी, जिसके कारण इसमें सवार कुल 36 लोग समुद्र में फंसे हुए थे। इस जहाज ने कल दोपहर लगभग 3 बजे संकट की घोषणा की कि इसमें कोई प्रणोदन नहीं है और पूरी तरह से बिजली बंद है। जहाज में 28 सदस्यीय चालक दल और 8 वैज्ञानिक थे और बचाए जाने के बाद उन्हें वापस गोवा लाया गया है। स्थिति गंभीर थी, क्योंकि अत्याधुनिक अनुसंधान पोत मूल्यवान वैज्ञानिक उपकरण और अनुसंधान डेटा ले जा रहा था।

आखिरकार काफी मशक्कतों के बाद राष्ट्रीय संपत्ति को बचा लिया गया। तटरक्षक बल ने एक आधिकारिक बयान में बताया कि अनुसंधान पोत सिंधु साधना के एक इंजन में खराबी और पूरी तरह से बिजली की विफलता से यह समुद्र तट की ओर 3 समुद्री मील की गति से बह रहा था। गोवा के तटरक्षक बल मुख्यालय को जब 26 जुलाई को दोपहर 1 बजे के आसपास संकट संदेश मिला, तब यह पोत जमीन से लगभग 20 समुद्री मील दूर था। संकट की कॉल मिलने पर भारतीय तटरक्षक बल तुरंत कार्रवाई में जुट गया और उच्च प्राथमिकता वाले बचाव अभियान को सक्रिय कर दिया। भारत सरकार का अनुसंधान पोत बचाने के लिए पहला जहाज शाम 5 बजे तक और दूसरा रात तक पहुंच गया। इस महीने की शुरूआत में भारतीय तटरक्षक जहाज ह्यअभीकह्न ने समुद्र में फंसे पांच मछुआरों को एक नाव से बचाया था। भारतीय तटरक्षक जहाज कोच्चि से ओखा जा रहा था। इसी बीच यूके संस नाम की मछली पकड़ने वाली नाव चालक दल के पांच सदस्यों के साथ 30 जून 2023 को बेपोर के पास समुद्र में निकली थी। बाद के दिनों में मौसम बिगड़ने पर भारी लहरों के कारण नाव किसी भी मछली पकड़ने वाले बंदरगाह में प्रवेश करने में असमर्थ थी। भारतीय तटरक्षक के मुताबिक 06 जुलाई को नाव मालिक ने बेपोर में भारतीय तटरक्षक स्टेशन को सूचित किया कि मौसम और खराब होने के कारण उसकी नाव देवभूमि द्वारका जिले के ओखा बंदरगाह के पास चालक दल के पांच सदस्यों के साथ समुद्र में फंसी है। इसके बाद भारतीय तटरक्षक का जहाज अभीक चालक दल को सुरक्षित निकालने के लिए डायवर्ट किया गया। भारतीय तटरक्षक जहाज तुरंत घटनास्थल पर पहुंचा और प्रतिकूल मौसम के बावजूद समुद्र में फंसे सभी पांच लोगों को सफलतापूर्वक बचाया गया।

मणिपुर में हुई फिर हिंसा : हिंसक भीड़ ने कई घरों और दुकानों को लगा दी आग

गोलीबारी और आगजनी की घटना के बाद तनाव की स्थिति

प्रात : किरण

इंफाल/एजेंसी। राज्य के टेंगनौपाल जिले के सीमावर्ती शहर मोरेह में फिर गोलीबारी और आगजनी की घटना के बाद तनाव की स्थिति बनी हुई है। कई घरों में और दुकानों में आग लगा दी गई है और लूटपाट की कोशिश की गई। संदिग्ध कुकी आतंकवादियों ने तैनात केंद्रीय अर्धसैनिक और राज्य सुरक्षा बलों की बीच गोलीबारी हुई। मणिपुर पुलिस सूत्रों से गुरुवार को जानकारी मिली कि बुधवार को कई कुकी महिलाओं ने मैतेई समुदाय के स्वामित्व वाली दुकानों को लूटने से रोकने की कोशिश की। इस पर असम राइफल्स के जवानों ने उन्हें रोकने की कोशिश की तो उग्र भीड़ सुरक्षाकर्मियों से ही भिड़ गई। गुस्साई भीड़ ने मोरेह वार्ड संख्या 6, 7, 8 और 9 में कई मैतेई घरों और दुकानों को आग लगाना शुरू कर दिया। जिससे अन्य राज्यों के प्रवासियों की कई दुकानों को भी नुकसान पहुंचा है। पुलिस नियंत्रण कक्ष के अनुसार, भीड़ ने लगभग 15-16 घरों को जला दिया और वन गेस्ट हाउस को भी आंशिक रूप से जला दिया। झड़प के बाद संदिग्ध कुकी आतंकवादियों और सीमावर्ती शहर में तैनात केंद्रीय अर्धसैनिक और राज्य सुरक्षा बलों की टीम के बीच गोलीबारी हुई। सूत्रों के मुताबिक, देर शाम तक गोलीबारी होती रही। इस गोलीबारी में कोई हताहत नहीं हुआ। मोरेह की घटना के जवाब में इम्फाल पूर्व के अकम्पट राहत केंद्र में रहने वाले विस्थापित लोगों ने बुधवार को सिंगजामेई ब्रिज पर विरोध प्रदर्शन किया। यह विस्थापित लोग मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह से मिलने जा रहे थे। पुलिस ने उन्हें सिंगजामेई पुल पर रोक दिया। बाद में समूह के चार प्रतिनिधियों को मुख्यमंत्री से मिलने की अनुमति दी गई थी। राहत शिविर में रह रहे पीड़ितों में से एक ने मीडिया को बताया कि हम अपने घर वापस लौटना चाहते हैं। लेकिन, उचित सुरक्षा के बिना हम कैसे लौट सकते हैं। संकट के बीच कुकी उग्रवादी लगातार अलग-अलग जगहों पर हमले कर रहे हैं। उन्होंने सवाल किया कि अगर वे हमलों को नहीं रोक सकते तो बड़ी संख्या में केंद्रीय बलों को तैनात करने का क्या फायदा है। मुख्यमंत्री से मुलाकात के बाद विस्थापितों के प्रतिनिधियों में से एक ने पत्रकारों को बताया कि उन्हें बताया गया कि मुख्यमंत्री ने मोरेह में अतिरिक्त बल भेजने का निर्देश दिया है। साथ ही मोरेह क्षेत्र में तैनात असम राइफल्स के कमांडिंग ऑफिसर को भी कुकी उग्रवादियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई करने को कहा है।

इंडिया के सांसदों का प्रतिनिधिमंडल 29-30 को मणिपुर का दौरा करेगा: विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) के घटक दलों के सांसदों का एक प्रतिनिधिमंडल आगामी 29 और 30 जुलाई को हिंसा प्रभावित मणिपुर का दौरा करेगा। लोकसभा में कांग्रेस के सचेतक मणिकम टैगोर ने बताया कि विपक्षी दलों के 20 से अधिक सांसदों का एक प्रतिनिधिमंडल इस सप्ताहांत मणिपुर का दौरा कर हालात का जायजा लेगा। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने हाल ही में मणिपुर का दौरा किया था। विपक्षी दल संसद में मणिपुर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बयान और चर्चा की मांग कर रहे हैं। कांग्रेस ने मणिपुर हिंसा के मुद्दे पर संसद में जारी गतिरोध के बीच बुधवार को लोकसभा में सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया, जिस पर सदन में चर्चा के लिए मंजूरी दे दी गई। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला सभी दलों के नेताओं से बातचीत करने के बाद इस प्रस्ताव पर चर्चा के लिए तिथि तय करेंगे।

काले कपड़े पहन संसद पहुंचे विपक्षी दलों के नेता

नई दिल्ली। विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) के सभी घटक दलों के सांसद गुरुवार सुबह संसद भवन काले कपड़े पहन कर पहुंचे। विपक्षी नेताओं का कहना है कि वह मणिपुर मुद्दे पर सदन के अंदर चर्चा की मांग कर रहे हैं। सभी विपक्षी चाहते हैं कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सदन में आकर जवाब दें। लेकिन वह ऐसा नहीं कर रहे हैं। आप सांसद राघव चड्ढा ने कहा कि मणिपुर मुद्दे पर विपक्षी दल चाहते हैं कि प्रधानमंत्री मोदी सदन के अंदर आकर जवाब दें लेकिन वह ऐसा नहीं कर रहे हैं। इसी के विरोध में विपक्षी सांसदों ने काला कपड़ा पहन कर संसद आने का साझा निर्णय लिया था। उल्लेखनीय है कि इंडिया के सभी घटक दलों के सांसद सदन जाने से पहले कांग्रेस अध्यक्ष व राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के दफ्तर पहुंचकर चर्चा की उसके बाद वह सदन की कार्यवाही में हिस्सा लेने पहुंचे थे। सदन की कार्यवाही स्थगित होने के बाद सभी इंडिया घटक के सांसद संसद भवन परिसर में एकत्र होकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान खड़गे ने कहा कि आज लोग जागृत हो गए हैं, वो लड़ेंगे और लड़ते रहेंगे। प्रधानमंत्री मोदी लोकतंत्र के मंदिर में नहीं बोलना चाहते हैं। वह राजस्थान जाकर राजनीतिक भाषण दे रहे हैं।

जापानी विदेश मंत्री हयाशी दो दिवसीय भारत यात्रा पर पहुंचे

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। जापान के विदेश मंत्री योशिमासा हयाशी भारत-जापान रणनीतिक संबंधों की समीक्षा करने और इन्हें मजबूत करने के उद्देश्य से दो दिवसीय यात्रा पर बृहस्पतिवार को यहां पहुंचे। विदेश मंत्री एस जयशंकर और उनके जापानी समकक्ष हयाशी विभिन्न मुद्दों पर व्यापक चर्चा करेंगे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने ट्विटर पर कहा, आज होने वाली 15वीं भारत-जापान मंत्रिस्तरीय रणनीतिक वार्ता के लिए जापान के विदेश मंत्री हयाशी का गर्मजोशी से स्वागत। उन्होंने कहा, भारत-जापान के बीच विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी से जुड़े मुद्दों पर व्यापक चर्चा होगी। पिछले पांच महीने में यह हयाशी की दूसरी भारत यात्रा है।

लोकसभा में जन विश्वास (प्रावधानों में संशोधन) विधेयक पारित, बिजनेस करना होगा आसान

नई दिल्ली/एजेंसी। लोकसभा ने गुरुवार को बिजनेस करने में आसानी लाने के लिए छोटे-मोटे अपराधों में सजा को खत्म करने या कम करने से जुड़े जन विश्वास (प्रावधानों में संशोधन) विधेयक 2023 पारित कर दिया। विधेयक के माध्यम से 42 कानूनों के 183 प्रावधानों में बदलाव किया जाना है। विधेयक को पेश करते और चर्चा का उत्तर देते हुए केन्द्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि कई प्रावधानों को अपराध की श्रेणी से बाहर करने से बिजनेस करने में आसानी होगी। विधेयक पर चर्चा के दौरान विपक्ष हंगामा करता रहा। जन विश्वास विधेयक पिछले साल लोकसभा में पेश किया गया था। बाद में इसे संयुक्त संसदीय समिति (जीपीसी) को भेज दिया गया था। संसदीय समिति ने इस विधेयक के जरिए 19 मंत्रालयों से जुड़े करीब 42 अधिनियमों के 183 प्रावधानों में संशोधन का प्रस्ताव दिया था। इसमें वित्त मंत्रालय, सड़क परिवहन, कृषि, सूचना एवं प्रौद्योगिकी और अन्य कई मंत्रालय शामिल हैं।

सिनेमैटोग्राफ (संशोधन) विधेयक 2023 राज्य सभा से पारित

नई दिल्ली/एजेंसी। राज्यसभा ने गुरुवार को सिनेमैटोग्राफ (संशोधन) विधेयक 2023 पारित कर दिया। सिनेमैटोग्राफ (चलचित्र) संशोधन विधेयक का उद्देश्य फिल्म पायरेसी को रोकने और केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) द्वारा दिए गए आयु-आधारित प्रमाणन में सुधार के साथ-साथ सभी प्लेटफार्मों पर फिल्मों और सामग्री के वर्गीकरण में एकरूपता लाना है। गुरुवार को राज्यसभा में सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने सदन के पटल पर सिनेमैटोग्राफ (संशोधन) विधेयक 2023 पर विचार करने और पारित करने के लिए पेश किया था। सदन में इस विधेयक पर चर्चा के बाद बयान देते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा कि इस विधेयक का पारित होना बहुत महत्वपूर्ण है।

न्यायालय ने ईडी के निदेशक के कार्यकाल को 15 सितंबर तक बढ़ाया

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। उच्चतम न्यायालय ने प्रवर्तन निदेशालय के प्रमुख संजय कुमार मिश्रा के कार्यकाल को 15 सितंबर तक बढ़ाने की इजाजत देते हुए बृहस्पतिवार को स्पष्ट किया कि इसके बाद कोई कार्यकाल विस्तार प्रदान नहीं किया जाएगा। केन्द्र सरकार ने मिश्रा का कार्यकाल 15 अक्टूबर तक बढ़ाने का अनुरोध किया था। न्यायमूर्ति बी आर गवई, न्यायमूर्ति विक्रमनाथ और न्यायमूर्ति संजय करोल की पीठ ने कहा कि वह व्यापक जनहित और राष्ट्रहित में कार्यकाल विस्तार प्रदान कर रही है, लेकिन मिश्रा 15 सितंबर की मध्य रात्रि के बाद ईडी के प्रमुख नहीं रहेंगे। सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने कार्यकाल विस्तार के केन्द्र के अनुरोध पर सवाल किया और पूछा कि निवर्तमान प्रमुख के अलावा क्या पूरा

विभाग अयोग्य लोगों से भरा पड़ा है। केन्द्र की ओर से उपस्थित सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से पीठ ने कहा, क्या हम यह छवि पेश नहीं कर रहे हैं कि और कोई नहीं है और पूरा विभाग अयोग्य लोगों से भरा पड़ा है। शीर्ष विधि अधिकारी ने दलील दी कि फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) की समीक्षा के मद्देनजर ईडी के मौजूदा नेतृत्व का बने रहना आवश्यक है क्योंकि एफएटीएफ की रेटिंग मायने रखती है। मेहता ने कहा कि मिश्रा का रहना अनिवार्य नहीं है लेकिन उनकी उपस्थिति पूरी समीक्षा प्रक्रिया और रेटिंग के लिए आवश्यक है। ईडी की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू ने कहा, कुछ पड़ोसी देश चाहते हैं कि भारत एफएटीएफ की ग्रे सूची में पहुंच जाए और ऐसे में ईडी प्रमुख का पद पर बने रहना आवश्यक है। पीठ ईडी प्रमुख मिश्रा का कार्यकाल 15 अक्टूबर तक बढ़ाने का अनुरोध करने वाली केन्द्र की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। शीर्ष अदालत ने मिश्रा को लगातार दो बार एक-एक साल का कार्यकाल विस्तार दिए जाने को 11 जुलाई को गैरकानूनी बताया था और कहा था कि केन्द्र सरकार का यह आदेश 2021 के उसके फैसले के विपरीत है जिसमें उसने कहा था कि भारतीय राजस्व सेवा के अधिकारी को और कार्यकाल विस्तार नहीं दिया जाना चाहिए।

अजित पवार ने राकांपा के चिह्न पर ठोका दावा, शरद पवार गुट ने कहा चुनाव आयोग को भेजेंगे जवाब

प्रात : किरण

मुंबई/एजेंसी। शरद पवार नीत राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) ने बृहस्पतिवार को कहा कि महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार गुट द्वारा पार्टी के नाम और चिह्न को लेकर किए गए दावे पर निर्वाचन आयोग ने उनकी प्रतिक्रिया को लेकर एक पत्र भेजा है, जिसका वे जवाब भेजेंगे। हालांकि अजित पवार गुट के नेता प्रफुल्ल पटेल ने इस मामले पर टिप्पणी करने से इंकार कर दिया। एनसीपी में बगावत करते हुए अजित पवार गुट दो जुलाई को महाराष्ट्र की एकनाथ शिंदे सरकार में शामिल हो गया था। सरकार में अजित पवार को उपमुख्यमंत्री पद जबकि आठ अन्य विधायकों को मंत्री पद प्रदान किया गया था। शरद पवार नीत राकांपा गुट के राष्ट्रीय प्रवक्ता क्लाईड क्रास्टो ने बृहस्पतिवार को कहा कि चुनाव आयोग ने अजित पवार के गुट द्वारा पार्टी के नाम और चिह्न पर दावा किए जाने को लेकर उनकी (शरद पवार गुट की) प्रतिक्रिया जानने के लिए एक पत्र भेजा है। क्रास्टो ने कहा, हम तदनुसार जवाब देंगे। प्रफुल्ल पटेल ने नागपुर में संवाददाताओं से कहा, मैं अपनी पार्टी के अंदरुनी मामलों से संबंधित मुद्दों पर टिप्पणी नहीं करना चाहता हूं। उन्होंने कहा, शरद पवार हमारे आदर्श बने रहेंगे और हम चाहते हैं कि वह (शरद पवार) हमारे द्वारा लिए गए राजनीतिक फैसले को स्वीकार करें। हम उन्हें मनाएंगे।

संक्षिप्त खबरें

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना : किसानों के बैंक खाते में 1583.66 करोड़

पटना। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत 14वीं किस्त के रूप में बिहार के 75,84,538 किसानों के बैंक खाते में 1583.66 करोड़ रुपए का अंतरण किया गया। प्रधानमंत्री किसान निधि देश के सभी रैयत किसानों के परिवारों को आय सहायता प्रदान करने की दृष्टि से केंद्र सरकार द्वारा प्रायोजित योजना है। कृषि विभाग द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना देश के सभी रैयत किसान परिवार (पति, पत्नी और अवयस्क बच्चे) जिनके नाम से कृषि योग्य जमीन एवं जमाबंदी है, वैसे किसान परिवार को आर्थिक सहायता के उद्देश्य से केंद्र सरकार द्वारा 01 दिसंबर, 2018 से लागू किया गया। इस योजना का उद्देश्य फसल के स्वास्थ्य एवं उचित उपज के लिए किसान को विभिन्न उपादान क्रय करने में वित्तीय मदद प्रदान करने के लिए है, ताकि किसानों के प्रत्याशित कृषि आय को सुनिश्चित किया जा सके। इस योजना पर खर्च होने वाली राशि शत-प्रतिशत केंद्र सरकार द्वारा वहन किया जाता है।

विद्युत कर्मियों के प्राण रक्षा हेतु की गई नियंत्रित फायरिंग

पटना। कटिहार जिले के बारसाई घटना को लेकर बिजली विभाग का कहना है कि नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड के बारसोई स्थित विद्युत आपूर्ति प्रमंडल कार्यालय के समक्ष ग्राम पंचायत राज ईमादपुर के मुखिया एवं अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा लो वोल्टेज की समस्या को लेकर धरना प्रदर्शन के दौरान असामाजिक तत्वों के द्वारा विद्युत आपूर्ति प्रमंडल के कर्मियों के साथ मारपीट कर उन्हें घायल करने एवं सरकारी सम्पत्ति को भारी क्षति पहुँचाने के विरूद्ध स्थानीय पुलिस द्वारा निरोधात्मक कार्रवाई एवं सीमित बल प्रयोग करते हुए स्थिति पर नियंत्रण प्राप्त किया गया जिससे विद्युत एवं पुलिस कर्मियों की प्राण रक्षा संभव हो सकी। बताया गया है कि विगत एक माह पहले बारसोई में लो वोल्टेज की समस्या उत्पन्न होने पर ग्रिड उपकेन्द्र बारसोई के 50 एमवीए के पावर ट्रांसफार्मर के टैप पोजिशन को 6 से 11 करते हुए लो वोल्टेज की समस्या का निराकरण कर लिया गया। पुनः दो-तीन दिन पहले लो वोल्टेज की समस्या की जानकारी प्राप्त हुई जिसके पश्चात संचरण प्रमंडल, पूर्णिया से समन्वय स्थापित करने पर ज्ञात हुआ कि पुर्णिया पावर ग्रिड (भारत सरकार) से ही 132 केवीए का पावर लो वोल्टेज पर प्राप्त हो रहा है। पूर्णिया पीजीसीआईएल में टैप पोजिशन बढ़ाने हेतु 24 जुलाई को ईआरएलडीसी कोलकाता से अनुरोध किया गया। तत्पश्चात पूर्णिया पीजीसीआईएल ने ट्रांसफार्मर का टैप पोजिशन बढ़ाया। साथ ही दिनांक 25 जुलाई को ग्रिड उपकेन्द्र बारसोई के दोनों 50 एमवीए ट्रांसफार्मर का टैप पोजिशन 11 के बढ़ाकर 13 किये जाने पर बारसोई ग्रिड उपकेन्द्र का वोल्टेज सामान्य हो गया। फलतः 33 केवीए आउट गोइंग फीडर में 25 जुलाई को वोल्टेज की स्थित निम्नवत दर्ज की गयी लो वोल्टेज की समस्या का निराकरण यद्यपि 25 जुलाई को ही कर लिया गया था तथापि स्थानीय व्यक्तियों द्वारा 26 जुलाई को विद्युत कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन किया गया। धरना प्रदर्शन के दौरान उग्र भीड़ के द्वारा कार्यालय के मुख्य द्वार को तोड़ दिया गया एवं कार्यालय के अंदर रखे गये उपस्कर जैसे कम्प्यूटर, लैपटॉप, विद्युत शक्ति उपकेन्द्र के कंट्रोल रूम में रखे गये उपकरण, सभी दरवाजे, शीशे कार्यालय कर्मियों के गाड़ी, आदि को क्षेतिग्रस्त कर दिया गया। जिससे विभाग का लगभग 6-7 लाख रुपए की क्षति हुई है।

उद्घाटन राजस्थान के सीकर में विभिन्न परियोजनाओं के शिलान्यास एवं उद्घाटन के अवसर पर बोलें प्रधानमंत्री

आजादी के इतने दशक बाद आई है किसानों के दुख दर्द समझने वाली केन्द्र सरकार: मोदी

प्रात : किरण

सीकर/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी केन्द्र सरकार को किसान का दुख दर्द समझने वाली सरकार बताते हुए कहा है कि आजादी के इतने दशक बाद यह ऐसी सरकार आई है जो उसकी चिंता समझती है। इसलिए उसने गत नौ वर्षों में लगातार किसान हित में फैसले लिए गए हैं और बीज से बाजार तक किसानों के लिए नई व्यवस्थाओं का निर्माण कर दिया है।

श्री मोदी गुरुवार को राजस्थान के सीकर में विभिन्न परियोजनाओं के शिलान्यास एवं उद्घाटन के अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि आज देश भर में सवा लाख से ज्यादा प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र राष्ट्र को समर्पित किए गए हैं। ये सभी केंद्र सच्चे अर्थों में किसानों की समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करेंगे। ये एक तरह से किसानों के लिए वन स्टॉप सेंटर हैं। उन्होंने कहा कि किसान भाई-बहनों को अक्सर खेती से जुड़े सामानों के लिए, दूसरी जरूरतों के लिए अलग-अलग जगहों पर जाना पड़ता है। अब किसान को ऐसी मुश्किलों का सामना नहीं करना पड़ेगा। अब प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र, किसानों को वहां से बीज भी मिलेगा और खाद भी मिलेगा। इसके अलावा खेती से जुड़े औजारों और दूसरी मशीनें भी इस केंद्र पर मिला करेंगी। ये सेंटर खेती से जुड़ी हर आधुनिक जानकारी किसानों को देंगे। उन्होंने कहा कि किसानों को कई बार योजना की सही जानकारी नहीं होने से भी उन्हें बहुत नुकसान होता है। ये प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र अब किसानों को हर योजना की समय पर जानकारी का भी जरिया बनेंगे। उन्होंने कहा कि यह तो अभी शुरूआत है। उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि वे आदत डाले कि उन्हें भले ही किसानी से लेकर कोई चीज खरीदनी नहीं है, लेकिन वे बाजार में गए और उस नगर में अगर किसान समृद्धि केंद्र है, कुछ भी नहीं खरीदना है तो भी वहां चक्कर काटिए। क्या चल रहा है जरा देखिए। हर वैरायटी पर नजर डालेंगे, क्या

नया आया है क्या नहीं, देखते रहेंगे। इससे बहुत बड़ा लाभ होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस साल के अंत तक देश में पौने दो लाख से ज्यादा प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र औ बनाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि आज केंद्र में जो सरकार है, वो किसानों के खर्चे कम करने के लिए, उनके खर्चों में हाथ बंटाने के लिए पूरी ईमानदारी से काम कर रही है। पीएम किसान सम्मान निधि, दुनिया की सबसे बड़ी योजना है जिसमें किसानों के बैंक खातों में सीधे पैसे ट्रांसफर किए जाते हैं। आज की चौदहवीं किश्त को जोड़ दें तो अब तक 2 लाख 60 हजार करोड़ से भी ज्यादा रुपए किसानों के बैंक खातों में सीधे भेजे गए हैं। इन पैसों ने छोटे-छोटे अनेक खर्च निपटाने में किसानों की बड़ी मदद की है। श्री मोदी ने कहा कि हमारी सरकार कैसे अपने किसान भाइयों के पैसे बचा रही है, इसका एक उदाहरण यूरिया की कीमतें भी हैं। कोरोना की कितनी बड़ी भयंकर महामारी आई, उसके बाद रूस और यूक्रेन का युद्ध हो गया और इसके कारण बाजार में बहुत बड़ी उथल-पुथल हो गई। खास करके फर्टिलाइजर के क्षेत्र में तो तूफान मच गया। लेकिन इसका असर हमारी सरकार ने किसानों पर नहीं पड़ने दिया। उन्होंने कहा कि वह देश के अपने हर किसान भाई-बहन को खाद कीमतों की यह सच्चाई बताना चाहते हैं। आज भारत में यूरिया की जो बोरी हम किसानों को दो सौ छियासठ रुपये में देते हैं उतना ही यूरिया हमारे पड़ोस में पाकिस्तान के किसानों को करीब-करीब आठ सौ रुपए में वो बोरा मिलता है। इसी तरह यह यूरिया बंगलादेश के किसानों को वहां के बाजार में सात सौ बीस रुपए में मिलता है जबकि चीन में किसानों को यह यूरिया 2100 रुपए में मिलती है। उन्होंने कहा कि इतना ही नहीं इस यूरिया की बोरी के लिए अमरीका के किसानों को तीन हजार रुपए से ज्यादा खर्च करने पड़ते हैं। श्री मोदी ने कहा कि हमारी सरकार, यूरिया की कीमतों की वजह से भारत के किसानों को परेशानी नहीं होने देगी और इस सच्चाई को देश का किसान देख रहा है, हर दिन अनुभव कर रहा है। जब यूरिया खरीदने जाता है ना तो उसे पक्का विश्वास होता है कि यह मोदी की गारंटी है। गारंटी किसको कहते हैं वो किसान को पूछोगे तो पता चलेगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत का विकास तभी हो सकता है, जब भारत के गांवों का विकास हो। भारत विकसित भी तभी बन सकता है, जब भारत के गांव विकसित हों। इसलिए आज हमारी सरकार भारत के गावों में हर वो सुविधा पहुंचाने का काम कर रही है, जो शहरों में मिला करती है। उन्होंने कहा कि सब जानते हैं कि एक समय था जब देश की एक बड़ी आबादी स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित रहती थी। यानी, करोड़ों करोड़ लोग हमेशा किस्मत के भरोसे अपना जीवन दांव पर लगाकर जीते थे। ये मान लिया गया था कि अच्छे अस्पताल तो दिल्ली-जयपुर में, या बड़े शहरों में ही होते हैं। हम इस स्थिति को भी बदल रहे हैं। आज देश के हर हिस्से में नए एम्स खुल रहे हैं, नए मेडिकल कॉलेज खुल रहे हैं।

उन्होंने कहा कि हमारे इन प्रयासों का परिणाम है कि आज देश में मेडिकल कॉलेजों की संख्या बढ़कर 700 के पार हो गई है। 8-9 साल पहले राजस्थान में भी केवल 10 मेडिकल कॉलेज होते थे। आज राजस्थान में भी मेडिकल कॉलेजों की संख्या 35 हो गई है। इससे अपने ही जिले के आस-पास अच्छे इलाज की सुविधा तो हो ही रही है, इनसे पढ़ाई करके बड़ी संख्या में डॉक्टर भी निकल रहे हैं। ये डॉक्टर छोटे कस्बों और गांवों में बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था का आधार बन रहे हैं।

संक्षिप्त खबरें

ईसीआर सीनियर सेकेन्ड्री स्कूल, के प्रथम पूर्ववर्ती छात्र मिलन समारोह का आयोजन

दानापुर खगौल। नगर के रेलवे सिनियर सेकेन्ड्री स्कूल खगौल में दानापुर रेल मंडल एवं पूर्ववर्ती छात्रों के आपसी सहयोग से भव्य एवं रंगारंग साँस्कृतिक कार्यक्रम के साथ पूर्ववर्ती छात्र मिलन समारोह का आयोजन किया जाना सुनिश्चित किया गया है। जिसमें रेलवे स्कूल के छात्र रहे देश- विदेश से आ रहे छात्र शामिल होकर एक दूसरे के साथ बिताए हुए पलों को पुर्नजीवित करेंगे।स्कूल के दिनों की यादों को समेटे हुए एक स्मारिका के प्रकाशन का निर्णय सर्वसम्मति से लिया जा चुका है।134 वर्ष पुराने इस स्कूल का इतिहास काफी गौरवपुर्ण रहा है,इस स्कूल के पूर्ववर्ती छात्र आज देश के कोने-कोने सहित विदेशों में भी भिन्न भिन्न क्षेत्रों मेंयथा,प्रशासनिक,न्यायिक,पुलिस सेवा,व्यवसायी, पत्रकार, चिकित्सा सेवा एवं इंजीनियर इत्यादि जगहों पर अपनी सेवाएँ दे रहे हैं इस मिलन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में दानापुर रेल मंडल के डी.आर.एम. एवं विशिष्ट अतिथि अपर मंडल रेल प्रबंधक,सहित हजारों मे पूर्व छात्र मौजूद रहेंगे।

खगौल थाना में पदस्थापित सब इंस्पेक्टर शांतनु कुमार को पद से निलंबित कर दिया गया

दानापुर। फुलवारी शरीफ थाना क्षेत्र के अंतर्गत खगौल थाना में पदस्थापित सब इंस्पेक्टर शांतनु कुमार को पद से निलंबित कर दिया गया है। साथ ही उनकी सरकारी पिस्टल को जब्त कर लिया गया है। दरअसल पटना पुलिस के वरीय अधिकारियों के पास एक वीडियो संज्ञान में आया जिसमें खगौल थाना में पदस्थापित सब इंस्पेक्टर शांतनु कुमार के द्वारा एक मिठाई की दूकान में जाकर सरकारी पिस्टल निकाल कर दूकान के काउंटर पर रखने और दूकानदार को धमकाने की बात प्रकाश में आई थी। इस संबंध में वरीय अधिकारियों के निर्देश पर 24 घंटा के अंदर विभागीय कार्रवाई के विरुद्ध स्पष्टीकरण की मांग की गई है कि किस परिस्थिति में मिठाई दुकान पर गए थे स्पष्टीकरण प्राप्त होने तक तत्काल कार्रवाई करते हुए उन्हे तत्काल निलंबित कर दिया गया है।

तीन फरार आरोपी गिरफ्तार

फतुहा। गुरुवार को नदी थाना पुलिस ने हत्या के प्रयास के दो फरार आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपी जेठुली के सिद्धु राय व सुरज राय है। पुलिस के मुताबिक मारपीट के दौरान दोनों पर हथियार से हत्या के प्रयास किए जाने का आरोप है। वहीं पुलिस ने फतेहजामपुर से एक फरार धंधेबाज रंजीत राय को गिरफ्तार किया है। इस पर वर्ष 2020 से ही फरार रहने का आरोप है। नदी थाना एसएचओ अखिलेश सिंह ने इसकी जानकारी दी है।

लावारिस अवस्था में वियर बरामद किया गया

दानापुर खगौल रेल थाना आरपीएफ के द्वारा स्टेशन पर विशेष चेकिंग के क्रम में दानापुर रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नंबर 1से पूर्व लावारिस हालत में चार झोले में बीयर बरामद किया गया जीआरपी थानाध्यक्ष रणधीर कुमार ने बताया की प्लेटफार्म नंबर 1से पूरब लावारिस हालत में चार झोले से 144 पीस बियर बरामद किया गया अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज कर ली गई है।

वाहन चोर गिरफ्तार, स्कूटी बरामद

पटना सिटी (प्राकि)। सुल्तानगंज थाना की पुलिस ने वाहन जांच के दौरान एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। साथ ही एक स्कूटी को भी बरामद किया गया है। थानाध्यक्ष शेर सिंह यादव ने बताया कि त्रिपोलिया निवासी शुभम कुमार को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी दो साल पूर्व भी वाहन चोरी के आरोप में जेल जा चुका है। इधर आलमगंज थाना की पुलिस ने राजाघाट से 50 लीटर शराब के शराब के साथ अजय कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

जमीन कारोबारी टेनी हत्याकांड में एक गिरफ्तार

पटना सिटी (प्राकि)। जमीन कारोबारी विनोद सोनी उर्फ टेनी हत्याकांड में पुलिस ने एक अप्राथमिकी अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार रवि कुमार को गुरुवार को जेल भेजा गया है। पुलिस हत्याकांड में शामिल दो अन्य अपराधियों की तलाश में छापेमारी कर रही है। थानाध्यक्ष गौरीशंकर गुप्ता ने गुरुवार को बताया कि मास्क लगाए एक अपराधी का हुलिया पादरी की हवेली के सोनार टोली का रहने वाला विजय यादव के पुत्र रवि कुमार से मिल रहा था। इसके बाद उसे गिरफ्तार किया गया। उससे पूछताछ करने के बाद जेल भेजा गया है।

वोटर लिस्ट से नाम कटवाने को ले मारपीट, रुपया व चेन छिनने का आरोप

मनोहर सिंह बग्गा व सरजिंदर सिंह ने चौक थाना में मामला दर्ज कराया

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

प्रबंधक कमेटी, तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब का चुनाव प्रक्रिया जैसे-जैसे आगे बढ़ता जा रहा है, वैसे-वैसे लोगों के बीच और तकरार भी बढ़ता जा रहा है। ताजा मामला बुधवार की सुबह की है। मंगल तालाब सुबह की सैर करने निकले सिख आपस में भिड़ गए। इस दौरान मारपीट, गाली-गलौज और नगद रुपया छिनने का आरोप भी लगाया गया है। चौक थाना के थानाध्यक्ष गौरी शंकर गुप्ता ने बताया कि दोनों पक्ष के द्वारा आवेदन दिया गया है। इस आधार पर मामला दर्ज किया गया है। इसमें तख्तश्री हरिमंदिर जी प्रबंधक कमेटी के चुनाव को लेकर मतदाता सूची से नाम काटे जाने को लेकर विवाद होने का जिक्र है। मनोहर सिंह बग्गा ने कहा कि 26 जुलाई की सुबह सात बजे रोज की तरह वह मंगल तालाब में टहल रहे थे।

उसी समय तख्तश्री कमेटी के पूर्व महासचिव और हाजीगंज के रहने वाले तथा हलका संख्या एक के संभावित प्रत्याशी सरजिंदर सिंह अपने सहयोगी अमरजीत सिंह और बब्बू सिंह आ रहे थे। अचानक सरजिंदर सिंह और अमरजीत सिंह गाली देते हुए बोलने

सरजिंदर सिंह

मनोहर सिंह बग्गा

लगे कि तुम हमारे सहयोगी रविंद्र सिंह उर्फ नीटू का सब वोट कटवा दिए हो। हमने कहा कि वोट काटना और जोड़ना कमेटी का काम है। इस पर हमें गाली देते हुए मारने लगे। इस दौरान उनके गले से सोने का चेन और करीब 2200 रुपया निकाल लिया। फिर पटक कर मारने लगे और पता नहीं कोई नुकीला औजार था, उससे भी हमला किए और बोले कि इतना गोली मारेंगे कि पहचान में नहीं आओगे। श्री बग्गा के दिए आवेदन पर कांड 435/23 दर्ज करते हुए धारा 341, 323, 379, 504, 506 लगाया गया है। दूसरी ओर सरजिंदर सिंह से बात किए जाने पर उन्होंने कहा कि कोई बहुत बड़ी बात नहीं है। छोटी-मोटी तकरार होती रहती है। मगर इसे इतना तूल दिया जाएगा, वह सोच नहीं सकते थे। दरअसल सुबह टहलने के दौरान मनोहर सिंह बग्गा से बात हुई कि आपने उनका वोटर रविंद्र सिंह और कमेटी के अध्यक्ष जगजोत सिंह के भाई, जो दिल्ली में रहते हैं, उनका और परिवार का नाम भी वोटर लिस्ट से कटवा रहे थे। श्री सोही के भाई महीने में दो-तीन बार पटना आते हैं। ऐसे में उनका नाम काटा जाना सही नहीं है। इसी बात को लेकर उलझ गए और हाथापाई करते हुए गाली देने लगे। इसी बात पर उनसे बहस होने लगी और उन्होंने मुझे गाली देकर धक्का दिया और कहा कि जो करना है कर लो मैं तुम्हें इलेक्शन से पहले जान से मारने की धमकी दी और हमारे गले से सोने की चेन करीब 20 ग्राम का झपट लिया और 23 उनका मुझे मार दिया बाद में जाते समय कहा कि मैं तुम्हें ऐसे केस में फंसा दूंगा कि जिंदगी भर याद करोगे मैं ऐसा पहले भी अनेक बार कर चुका हूं। सरजिंदर सिंह के द्वारा दिए गए आवेदन पर चौक थाना में कांड संख्या 436/23 दर्ज किया गया है, जिसमें धारा 341, 323, 504, 506, 379 लगाया गया है। दोनों कांड के अनुसंधान की जिम्मेवारी पीएसआई जितेंद्र कुमार को सौंपी गई है। कमेटी के पूर्व महासचिव सरजिंदर सिंह ने कहा कि दावा/आपत्ति के निबटान के लिए महासचिव इंद्रजीत सिंह के द्वारा सोमवार का दिन विशेष रूप से निर्धारित किया गया था। उस दिन बड़े खुशनुमा माहौल में कमेटी के हलका संख्या एक से चुनाव लड़ने के संभावित प्रत्याशियों ने मिलकर काम किया। मगर बाद में उनके पक्ष के वोटरों का नाम कटवाने का प्रयास किया गया। यही बात मनोहर सिंह बग्गा से पूछ रहे थे कि आग-बबूला हो गए और खुद उन पर प्रहार किया और चेन छिन लिया।

मोहर्रम को लेकर अशोक राजपथ व संवेदनशील एरिया में फ्लैग मार्च

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

मोहर्रम को लेकर अनुमंडल पुलिस प्रशासन के कप्तान ने थानाध्यक्षों को अलर्ट मोड पर रखा है। असामाजिक तत्व, अफवाह फैलाने वाले और शरारती तत्वों को संदेश देने का काम किया गया है। इसे लेकर गुरुवार की देर शाम एसडीओ गुंजन सिंह एवं एएसपी शरथ आरएस के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला गया। इसमें सुलतानगंज थाना अध्यक्ष शेर सिंह यादव, अगमकुआं थानाध्यक्ष सुधीर कुमार, आलमगंज थाना के थानाध्यक्ष अभिजीत कुमार, बहादुरपुर थानाध्यक्ष योगेश चंद्र आदि भी शामिल हुए। फ्लैग मार्च अशोक राजपथ और सुल्तानगंज थाना क्षेत्र के संवेदनशील एरिया में किया गया। वैसे इसका दायरा आलमगंज और खाजेकलां थाना क्षेत्र में भी रहा। इस दौरान एसडीओ गुंजन सिंह ने कहा कि मोहर्रम को लेकर फ्लैग मार्च किया जा रहा है। यहां अतिरिक्त बल मिल गया है। संवेदनशील स्थान पर सीसीटीवी के अलावा अतिरिक्त वीडियोग्राफी भी करायी जा रही है। शांति समिति के सदस्यों, समाजसेवियों और अमन-चैन में विश्वास रखने वाले से लेकर मजिस्ट्रेट एवं पुलिस पदाधिकारियों को भी मोबलाइज्ड

किया गया है। उन्हें हर तरह से आसूचना इकट्ठा किया जाना है। अगर कहीं कोई गड़बड़ी की संभावना दिखती है, तो वे तुरंत संबंधित थाना के थानाध्यक्ष, एएसपी और उन्हें भी तत्काल फोन के द्वारा सूचित करेंगे। एसडीओ ने बताया कि मोहर्रम के पहलाम को लेकर तीन अस्थायी थाना खोला गया है। इसमें तिराहे की मस्जिद, पत्थर की मस्जिद और दरगाह कर्बला के पास है। इसके अलावा छह कंट्रोल रूम भी बनाया गया है, जो पूरे समय काम करेगा। हर प्रोसेशन के साथ भी वीडियोग्राफी कराई जाएगी। जितने भी संवेदनशील प्वाइंट हैं, वहां और कॉर्नर पर भी सीसीटीवी से नजर रखी जाएगी, ताकि कोई भी असामाजिक तत्व, हुड़दंगी या शरारती तत्व सद्भाव को खंडित नहीं कर पाए। पटना सिटी के 85 स्थान पर मजिस्ट्रेट और पुलिस पदाधिकारी के साथ बल की तैनाती की गई है। 14 मजिस्ट्रेट को सिटी कंट्रोल रूम में सुरक्षित रखा गया है। बिना लाइसेंस के किसी भी पहलाम जुलूस को नहीं निकलने दिया जाएगा। हर लाइसेंसी को लाइसेंस में दिए गए निर्धारित रूट और समय का अनुपालन करना होगा। पहलाम जुलूस में साउंड बॉक्स या लाउडस्पीकर निर्धारित मानक के अनुसार ही बजाया जाना है, ताकि वायु प्रदूषण को नियंत्रित किया जा सके। वहीं लाउडस्पीकर रात 10 से सुबह छह बजे तक प्रतिबंधित रहेगा। बिहार में शराबबंदी लागू है। ऐसे में शराब की चोरी-छुपे या अवैध ढंग से बिक्री या सेवन करने वालों पर भी पैनी निगाह रखी जाएगी। मोहर्रम के पहलाम वाले दिन जब भी सड़क पर प्रोसेशन होगा, तो उस दौरान ट्रैफिक को डायवर्ट कर दिया जाएगा। खासकर त्रिपोलिया से लेकर एनआईटी मोड़ के बीच और अंबेडकर मोहल्ला से मुसल्लहपुर के बीच यातायात को शनिवार की दोपहर के बाद से लेकर रविवार की रात पहलाम होने तक बंद रखा जाएगा। नगर निगम को सफाई, चूना-ब्लीचिंग का छिड़काव और पानी के टैंकर चिन्हित स्थानों पर लगाने को कहा गया है। एएसपी शरथ आरएस ने कहा कि अशोक राजपथ और संवेदनशील प्वाइंट पर पुलिस बल की तैनाती की गई है। रात में भी पुलिस की गश्त रहेगी। आसूचना तंत्र को सक्रिय किया गया है, ताकि किसी भी तरह की सूचना को ससमय हासिल कर उस पर कार्रवाई की जा सके। किसी भी कीमत पर सांप्रदायिक सद्भाव को बिगड़ने नहीं दिया जाएगा।

कार के धक्के से बाइक सवार की मौत, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

बतौर सुपरवाइजर पेंट कंपनी में कार्यरत बाइक सवार रवि चौधरी की मौत बुधवार की रात कार के धक्के से हो गई। हालांकि मृतक के परिजनों का आरोप है कि साजिश के तहत बाइक में धक्का मार कर उनकी हत्या की गई है। दीदारगंज थाना की पुलिस का कहना है कि मामले की छानबीन की जा रही है। कर्मचारी की मौत पीएमसीएच में हुई है। कंपनी के कर्मचारी रवि चौधरी बुधवार की रात कंपनी से काम समाप्त करने के बाद अपने एक अन्य साथी के साथ बाइक से घर दीदारगंज चेकपोस्ट के लिए निकला था। इसी दौरान पीछे से आ रही एक कार ने धक्का मार दिया। इसमें वह बुरी तरह से जख्मी हो गए। परिवार एवं कर्मचारियों की मदद से पहले उन्हें इलाज के लिए एनएमसीएच लाया गया।

यहां से रेफर होने के बाद फिर पीएमसीएच में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। रहां उनकी मौत इलाज के दौरान हो गई। इधर मृतक के ससुर प्रदीप जायसवाल एवं अन्य का कहना है कि यह दुर्घटना नहीं, बल्कि साजिश के तहत हत्या की गई है। इसके पीछे कारण यह है कि कंपनी में ट्रांसपोर्ट का काम करने वाले बंटी से उनका पिछले चार दिनों से अनबन चल रहा था। रवि चौधरी ने माल लोडिंग के लिए बंटी का वाहन का गस्तेमाल करना बंद कर दिया था। इस बात को लेकर अनबन भी हुआ था। इस मसले को लेकर समझौता भी हुआ था। ससुर का कहना है कि इसको लेकर बंटी ने देख लेने की धमकी भी दी थी। बुधवार की रात जब वह कंपनी से निकल रहे थे, तभी साजिश के तहत उनके बाइक में धक्का मारा गया। इसमें उनकी मौत हो गई ,जबकि बाइक सवार दूसरा साथी घायल हुआ है। गुरुवार को जब मृत कर्मचारी का शव कंपनी के पास पहुंचा, तब साथी कर्मचारियों ने कुछ देर के लिए हंगामा भी किया। मौके पर दीदारगंज चेकपोस्ट की पुलिस पहुंची। मृतक को दो बेटी और एक बेटा है। मृतक रवि के साथी शुभम ने बताया कि कंपनी में पिछले एक सप्ताह से विवाद चल रहा था। लेकिन ऐसा कर दिया जाएगा, इस बात का भरोसा नहीं था। इधर दीदारगंज थाना के प्रभारी थानाध्यक्ष अनोज कुमार पाठक ने बताया कि रात में वाहन से धक्का लगने की खबर की सूचना मिली थी। मौत का कारण सड़क हादसा है या फिर साजिश, जांच के बाद ही पता चलेगा। पीएमसीएच टीओपी से फर्द बयान आने पर ही मामला स्पष्ट हो पाएगा। पुलिस मामले की फिलहाल छानबीन कर रही है।

मोहर्रम पर चमरू डंडिया से निकला अलम, दुलजना का जुलूस आज

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

मुर्हरम की आठवीं तारीख पर गुरुवार को चमडोरिया स्थित इमामबाड़ा दरगाह बाबुल हवायच से अलम का जुलूस निकाला गया। शिया समुदाय की ओर से अनेक अलम के साथ निकला जुलूस अशोक राजपथ के चौक मोड़, खाजेकलां, गुरहट्टा, गुजरी बाजार से होता नवाब बहादुर रोड तक गया। इसमें जीनत ए अजा, दस्ते सज्जदिया, अंजुमने अब्बासिया, अंजुमने पंजेतनी, अंजुमने हैदरी व अंजुमने सज्जादिया समेत अन्य अंजुमन के लोग शामिल होकर नौहाखानी करते व मर्सिया पढ़ते और जंगे करबला का जिक्र करते चल रहे थे। दरगाह चमरूडंडिया इमामबाड़ा के सचिव सैयद जौहर इमाम जौनी, सैयद सरबर इमाम, डॉ

सिकंदर अली, सैयद अली इमाम, बासिफ हुसैन, सैयद रजा इमाम, तनवीरूल हसन तन्नू, संजर अली समेत बड़ी संख्या में लोग कलम जुलूस में शामिल थे। दरगाह के सचिव ने बताया कि मातमी जुलूस का सिलसिला दसवीं मोहर्रम तक रहेगा। नवमी मोहर्रम पर सोमवार को बावली इमामबाड़ा से दुलजना का जुलूस निकलेगा, जो बड़ी हवेली गुजरी बाजार तक जाएगा। मेहंदी जुलूस के संयोजक सैयद हसन अली ने बताया कि नवमी मोहर्रम पर सिंधी दालान खाजेकलां स्थित स्वर्गीय मेहंदी अली खान साहेब के इमामबाड़ा में मजलिस होगा। स्थापित सिपहर व ताजियों का पहलाम शनिवार को दोपहर से शुरू हो जाएगा। इसके लिए प्रशासन की ओर से भी तैयारी पूरी कर ली गई है।

हत्याकांड में महेशपुर का दो गिरफ्तार, बाइक बरामद

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

मेहंदीगंज थाना क्षेत्र के महेशपुर में नौ जुलाई की रात दो लोगों को गोली मारी गई थी। इसमें एक राजमिस्त्री शशिभूषण प्रसाद की गोली मार हत्या एवं दूसरे युवक विष्णु पासवान को गोली मार जख्मी किया गया था। आरोपित दो अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। हालांकि इस मामले में पुलिस को अभी भी सात लोगों की तलाश है। इस संबंध में कांड संख्या 126/23 दर्ज किया गया था इसमें आर्म्स एक्ट एवं अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार अधिनियम भी लगाया गया था। इस घटना के उद्भेदन के लिए सिटी एसपी पूर्वी के निर्देश पर एसपी शरद आर एस के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया था। मेहंदीगंज थाना के थानाध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार ने गुरुवार को बताया कि वैज्ञानिक एवं तकनीकी सहयोग से हत्याकांड में शामिल अपराधियों की पहचान कर गिरफ्तारी

हुई है। इसमें मेहंदीगंज थाना क्षेत्र के महेशपुर का रहने वाला कुंदन राज और संजय कुमार शामिल है। पुलिस ने उक्त बाइक को भी बरामद कर लिया है, जिससे अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया था। थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि गिरफ्तार दोनों भक्तों के विरुद्ध है मेहंदी गंज थाना में आर्मी एक्ट और एससी एसटी एक्ट आदि धारा में 164/22 दर्ज है। छापेमारी दल में अगमकुआं थाना के थानाध्यक्ष सह पुलिस निरीक्षक सुधीर कुमार, मेहंदीगंज के थानाध्यक्ष एसआई धर्मेंद्र कुमार, रामनाथ चौहान, एएसआई उत्तम सिंह के अलावा तकनीकी सेल से विनय प्रकाश की टीम और मेहंदीगंज थाना से आरक्षी सुरेश कुमार, पप्पू कुमार तथा जितेंद्र कुमार शामिल थे। दरअसल नौ जुलाई की रात हुई गोलीबारी की घटना में राजमिस्त्री शशिभूषण प्रसाद बेवजह अपराधियों की गोली का शिकार हुआ और मारा गया। आधा दर्जन से अधिक आपराधिक मामलों में आरोपी महेशपुर का रहना वाला विष्णु पासवान को उसके विरोधी मारते, पीटते और खदेड़ते हुए चले आ रहे थे। विष्णु जान बचाने के लिए मजदूरों के कमरे में घुस गया था। विष्णु ने भी जान बचाने को गोलीबारी कमरे के अंदर से कर रहा था। विष्णु को छाती के पास गोली लगी थी। मृतक मजदूर के पिता जिला नालंदा थाना एकंरसराय के मथुराबीघा का रहने वाला इंद्रदेव प्रसाद यादव के बयान पर पुलिस ने हत्या में अज्ञात अपराधियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज किया था। थानाध्यक्ष ने बताया कि हत्याकांड में शामिल अन्य सात अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

भाजपा ने बूथ मजबूती को लेकर किया शक्ति केन्द्रों पर बैठक

प्रात :किरण संवाददाता

फतुहा। फतुहा नगर भाजपा मंडल की ओर से गुरुवार को फतुहा के कैलाशपति मिश्र शक्ति केन्द्र पर शक्ति केन्द्र प्रमुख सह किसान मोर्चा के नगर अध्यक्ष शिवनाथ यादव, भाभाशाह शक्ति केन्द्र पर प्रमुख सह नगर महामंत्री अनामिका अग्रवाल, महराणा प्रताप शक्ति केन्द्र पर प्रमुख सह नगर महामंत्री अरूण झा, वीर कुवंर सिंह सिंह शक्ति केन्द्र पर नगर उपाध्यक्ष बबलू शाह, छत्रपति शिवाजी शक्ति केन्द्र और भीव राव अंबेडकर शक्ति केन्द्र की सयुंक्त बैठक नगर मंत्री रवि प्रकाश की अध्यक्षता में बूथ मजबूती को लेकर हुई। इस अवसर पर जिला महामंत्री अरविंद यादव, जिला प्रवक्ता रामजी प्रसाद, बख्तियारपुर प्रभारी मुन्ना

सिंह, भाजपा के वरिष्ठ नेता केशर प्रसाद, नगर अध्यक्ष श्याम सुंदर केशरी, नगर उपाध्यक्ष अनिल कुमार शर्मा, युवा अध्यक्ष सुजीत कुमार, अलपसंख्यक अध्यक्ष मो. फारूख सहित बूथ अध्यक्ष सहित सैकड़ों मौजूद रहे।

दानापुर मंडल रेल प्रबंधक ने स्वच्छता रथ को, हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

प्रात : किरण संवाददाता

दानापुर। खगौल नगर के बृहस्पतिवार 27 तारीख को मंडल रेल प्रबंधक दानापुर के कार्यालय के प्रागंण से भारत सरकार द्वारा आयोजित स्वच्छता सर्वेक्षण में दानापुर के रैंकिंग को सुधारने एवं लोगों को फीड बैक देने हेतु जागरूकता कार्यक्रम को प्रारम्भ किया गया । इस कार्यक्रम के तहत तीन स्वच्छता रथ को, हरी झंडी दिखाकर ,मंडल रेल प्रबंधक दानापुर जयंत कुमार चौधरी के द्वारा सह उपस्थिति अपर मंडल रेल प्रबंधक दानापुर इन्फ्रा एवं परिचालन वरीय मंडल यांत्रिक अभियंता समाडी डी ० ई ० एन ० एच ० एम ० दानापुर एवं अन्य शाखा अधिकारियों के द्वारा हरी झंडी दिखाकर स्वच्छता रथ को रवाना किया गया । यह जागरूकता अभियान तीन दिनों तक दानापुर मंडल के क्षेत्र में घुम घुम कर स्वच्छता रथ एवं क्एउ के द्वारा लोगों को घर के स्तर पर कचरा प्रबन्धन , कचरा पृथकीकरण , गृह स्तर पर कम्पोस्टींग आदि हेतु लोगों को जागरूक करेगी । विदित हो की ग्राम स्वराज्य समिति घोषी एवं आगा खान फाऊंडेशन यूरोपियन

युनियन के सहयोग से विगत 05 वर्षो से पटना के तीन नगर परिषदों, दानापुर , फुलवारीशरीफ एवं खगौल में कचरा प्रबन्धन हेतु कार्यकर रही है। साथ ही कचरा प्रबंधन हेतु दानापुर एवं खगौल में टफ्क्ष सेन्टर की भी स्थापना की है । साथ ही लोगों को कचरा प्रबंधन हेतु घर - घर घूमकर लोगो को जागरुक कर रही है । इस तीन दिवसीय जागरुकता अभियान को रेल मंडल दानापुर एवं ग्राम स्वराज्य समिति घोषी एवं आगा खान फाऊंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में संचालित किया जा रहा है । यह संस्था रेलवे एरिया , रेलवे कॉलोनी एवं रेलवे के कर्मियों को जागरूक करने हेतु कार्य करेगी साथ ही स्वच्छता सर्वेक्षण में लोगों के फीड बैक को बढ़ाने हेतु कैनोपी एवं स्टैन्डी भिन्न भिन्न जगह पर लगाकर लोगों को जागरूक करेगी ।

लोडेड देशी कट्टा एवं चार गोली के साथ युवक गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

फतुहा। थाना क्षेत्र के विक्रमपुर के समीप से सूचना के आधार पर एक युवक को पुलिस ने खदेड़ कर पकड़ा। थानाध्यक्ष के अनुसार सूचना मिली थी कि जमीन कब्जा को लेकर कुछ लोग हथियार के साथ पहुंचे हैं। जिसको लेकर मौके पर पहुंची पुलिस ने खदेड़ कर युवक को गिरफ्तार कर लिया। जिसके पास से एक लोडेड देशी कट्टा एवं चार जिन्दा कारतूस मिले

हैं। गिरफ्तार व्यक्ति का नाम सुनिल कुमार, विक्रमपुर है। जिसे पुलिस ने न्यायिक हिरासत में भेजा दिया है पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

प्रेम न बाड़ी उपजे, प्रेम न हाट बिकाय: महंथ ब्रजेश मुनी

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। सद्गुरु कबीर साई मंदिर में साप्ताहिक सत्संग का आयोजन किया गया। महंत ब्रजेश मुनि के पावन सानिध्य में सत्संग का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालु भक्त माताएं बहनों ने निर्गुण भजन गाकर भक्ति में वातावरण बनाया। महंत ब्रजेश मुनि ने कहा प्रेम नवारी उपजे प्रेम न हाट बिकाय राजा प्रजा यही नीचे सीस देइ ले जाय सदगुरु। कबीर साहब ने कहा है प्रेम कहीं हाट बाजार खेत खलिहान में नहीं बचता है न बिकता है। पूरे मानव मात्र को प्रेम करना चाहिए। राजा, प्रजा, अमीर, गरीब सब सुख शांति चाहता है प्रेम, सद्भावना-सद्भाव के बीच जीना पसंद करता है ।

इसीलिए मनुष्य को प्राणी मात्र से प्रेम करना चाहिए। सत्संग में डॉ इंद्रजीत कुमार ने कहा कि मनुष्य को स्वस्थ रहने के लिए हमेशा मुंह को साफ करना चाहिए। खाना खाने के बाद भी ब्रश करना चाहिए। स्वस्थ व्यक्ति ही समाज को सुधार सकता है। भजन गायक रूबी प्रधान, रिंकू सिंह, गजेंद्र झा, कमलेश पासवान, उमा पासवान ने भजन गाकर वातावरण को भक्तिमय बनाया। तत्पश्चात आरती प्रसाद का वितरण हुआ।

जदयू महिला प्रकोष्ठ की उपाध्यक्ष बनीं रुचि, पूजा व ममता

प्रात :किरण संवाददाता

पटना सिटी। प्रदेश जदयू महिला प्रकोष्ठ का गठन किया गया है। इसमें पटना सिटी से दो महिला नेत्री रुचि अरोड़ा और पूजा एन शर्मा को जगह मिली है ।वहीं ममता शर्मा को भी गया जिला के कोटे से प्रदेश का उपाध्यक्ष बनाया गया है। इसे लेकर जदयू की महिला नेत्रियों प्रदेश स्तर पर मिले भागीदारी से खुश हैं। रुचि अरोड़ा के पति अनंत अरोड़ा भी पटना महानगर जदयू के प्रवक्ता हैं। पूजा एन शर्मा के ससुर एंब्रोस पैट्रिक व पति अभिषेक पैट्रिक भी जेडीयू से जुड़े हैं। रुचि, पूजा व ममता ने सीएम नीतीश कुमार, राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह, प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा और महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष श्वेता विश्वास का आभार जताते कहीं की पार्टी और सरकार के बीच तालमेल बैठा जनता को योजनाओं का लाभ दिलाने का काम करूंगी। विपक्षी दल के नेताओं की साजिश और गलत निर्णय से भी जनता को अवगत कराने का काम किया जाएगा।

पटना महानगर के अध्यक्ष आसिफ कमाल, रश्मि अरोड़ा, अनू जायसवाल, स्मिता सिन्हा, रामप्रवेश जी, मुकेश ठाकुर, राजेश बल्लभ, राजकुमार पटेल आदि ने तीनों उपाध्यक्ष को बधाई दी है।

वृद्धाश्रम में पौधारोपण कर दिव्यांगों के लिए वाकर दिया

पटना सिटी। जल जीवन हरियाली योजना अंतर्गत स्वयंसेवी संस्था द्वारा किया गया। पर्यावरण मित्र सुभाष कुमार उर्फ अन्नू कसेरा के नेतृत्व में सहारा वृद्धाश्रम, गुलजारबाग में पौधारोपण किया गया। इस दौरान 11 फलदार एवं औषधि युक्त नीम, गगरा नींबू, बेल, अमृतफल आंवला, कामिनी एवं शीशम के पौधे एवं 115 पीस गमला सहित तुलसी, रात की रानी, एलोवेरा, गुलाब, उड़हूल, जूही, चमेली, चंपा आदि के दर्शनीय, खुशबूदार फूल एवं औषधियुक्त पौधे का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प पर्यावरण प्रेमियों द्वारा लिया गया। साथ ही दो पीस वाकर दिव्यांग वृद्ध के लिए सहारा वृद्धाश्रम के को-ऑर्डिनेटर दीपक कुमार को भेंट किया गया। पर्यावरण मित्र सुभाष कुमार उर्फ अन्नू कसेरा ने कहा कि पेड़ ही जीवन है, पेड़ लगाएं धरती बचाएं। मौके पर समाजसेवी कन्हाई पटेल ने कहा कि प्रतिवर्ष मानसून महीने में पौधारोपण अभियान संस्था द्वारा किया जाता है।

जांच रिपोर्ट आने के बाद आवश्यक कार्रवाई करेगी सरकार:मदन

प्रदूषण नियंत्रण को लेकर संवेदनशील है परिवहन विभाग : शीला

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

समाज कल्याण मंत्री मदन सहनी ने कहा कि कटिहार की घटना पर राज्य सरकार की पैनी निगाह है। मामले को संज्ञान में लिया गया है और गहन जांच-पड़ताल भी जारी है। जांच रिपोर्ट आने के बाद सरकार आवश्यक निर्णय लेगी। मंत्री गुरूवार को जदयू प्रदेश कार्यालय में आयोजित सुनवाई कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों से मुखातिब हुए। उन्होंने कहा कि बिहार में सभी लोगों को सरकार के समक्ष अपनी-अपनी बात रखने का पूरा अधिकार प्राप्त है मगर प्रशासन ने किन परिस्थितियों में बल का प्रयोग किया है इस बारे में जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। मदन सहनी ने भाजपा को निशाने पर लिया और कहा कि मणिपुर की घटना पर भाजपा के लोग मुंह छुपाए घूमते हैं, 80 दिनों से मणिपुर जल रह है लेकिन भाजपा के डबल इंजन की सरकार स्थिति को नियंत्रित करने में अब

नीतीश कुमार से डरी हुई है भाजपा : रत्नेश

तक नाकामयाब साबित हुई है। इस अवसर पर परिवहन मंत्री शीला मंडल ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए कहा कि प्रदेश के सभी जिलों में सीएनजी एवं इलेक्ट्रिक बसों का परिचालन सुनिश्चित करने हेतु सरकार पुरी प्रतिबद्ध है। सभी जिलो में सीएनजी और चार्जिंग प्वाइंट की व्यवस्था उपलब्ध कराने को लेकर कार्य चल रहा है। पटना के साथ-साथ कुछ और जिलो में इसकी शुरूआत भी हो चुकी है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रदूषण नियंत्रण को लेकर परिवहन विभाग सजग और बेहद संवेदनशील है। पत्रकारों द्वारा ऑनलाइन चालान कटने के संबंध में पूछे गए सवाल पर मंत्री श्री शीला मंडल ने बताया कि सड़क दुर्घटना पर लगाम कसने के लिए

इसकी शुरूआत की गई है और मुझे खुशी इस बात की है कि पटना में पहले के मुकाबले अब ज्यादा लोगो ने हेलमेट पहनना शुरू कर दिया है। मणिपुर की घटना पर उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य में दोनों जगह भाजपा की सरकार है फिर भी इतने दिनों के बाद अब तक सरकार हिंसा को नियंत्रित करने में विफल साबित हुई है। खासतौर पर महिलाओं के साथ मणिपुर में अमानवीय दुर्व्यवहार किया गया है उससे पूरे देश की महिलाएं आक्रोशित है।साथ ही अनुसूचित जाति/जनजाति कल्याण मंत्री रत्नेश सदा ने कहा कि भाजपा नीतीश कुमार से डरी हुई है और उसी डर का ही यह प्रमाण है की पटना में विपक्षी एकता की बैठक के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने आनन-फानन में एनडीए के घटक दलों की बैठक बुलाई। मंत्री रत्नेश सदा ने कहा कि 2024 में एनडीए गठबंधन पूरी तरह से साफ हो जाएगा, देश की जनता अब इनके बहकावे में नहीं आने वाली है।

जदयू प्रदेश कार्यालय में आयोजित सुनवाई कार्यक्रम के दौरान मंत्रीगण ने सभी जिलों से पहुंचे आमलोगों के शिकायतों को सुनकर त्वरित निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

राष्ट्रीय एकता के लिए बड़ा खतरा है भाजपा की उन्मादी राजनीति : राजीव

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

भाजपा को निशाने पर लेते हुए जदयू के राष्ट्रीय महासचिव व प्रवक्ता राजीव रंजन ने कहा है कि मणिपुर में पिछले ढाई महीने से फैली अशांति और भाजपा की चुप्पी से यह साफ हो गया है कि वर्तमान समय में राष्ट्रीय एकता के लिए भाजपा की उन्मादी राजनीति से बड़ा खतरा कोई और नहीं है। यह देश के समाजिक तानेबाने और आपसी भाईचारे की कीमत पर अपना राज स्थापित करने के लिए भाजपा द्वारा रचे जा रहे षड्यंत्रों का ही नतीजा है कि आज मणिपुर में फैली आग की आंच अब उत्तर-पूर्व राज्यों के कई इलाकों में फैलने लगी है। खबरों के अनुसार एक समुदाय विशेष के लोग मिजोरम से भाग रहे हैं। मेघालय से भी झड़प की खबरें आने लगी है, वहीं नगालैंड, असम के कुछ इलाकों में भी तनाव की रिपोर्ट आ रही है। हिंसा-प्रतिहिंसा की आग में पूरा पूर्वोत्तर भारत घिरता जा रहा है, लेकिन ठोस कारवाई करने की बजाए केंद्र सरकार अभी भी मुंह बाए तमाशा देख रही है। उन्होंने कहा कि मणिपुर हिंसा में भाजपा की बीरेन सिंह सरकार न सिर्फ नाकारा साबित हुई है, बल्कि हिंसा भड़काने में उसकी संलिप्तता भी अब कोई ढकी-छिपी बात नहीं है। आधे दर्जन से अधिक भाजपा विधायकों की स्वीकारोक्ति के बाद बात यह पूरी तरह साफ हो चुकी है कि मणिपुर की भाजपा सरकार न सिर्फ वहां के संकट का समाधान करने में नाकाम रही है, बल्कि स्वयं संकट का कारण भी है। उसके रहते वहां शांति बहाली असंभव है। लेकिन फिर भी केंद्र सरकार इस मामले में कुछ करना तो दूर एक बयान तक नहीं दे रही है। यह बताता है कि मणिपुर की हिंसा कोई संयोग नहीं बल्कि भाजपा का सोचा समझा प्रयोग है। राष्ट्रीय महासचिव ने कहा कि वास्तव में मणिपुर की मौजूदा त्रासदी कोई अचानक पैदा हुआ संकट नहीं है, बल्कि इसके पीछे हिंदुत्व की लहर पैदा करने और एक समुदाय विशेष में भाजपा का अपना स्थायी वोटबैंक बनाने की सुस्पष्ट रणनीति है। यह वही रणनीति है जिसे भाजपा गुजरात, मध्यप्रदेश उत्तरप्रदेश जैसे राज्यों में पहले आजमाती आ रही है। इनका स्पष्ट संदेश है कि जो भी इनके साथ है उन्हें कुछ भी करने की आजादी है और जो भी इन्हें वोट नहीं देगा उसपर इनका कहर बरपते रहेगा। लेकिन इनका यह प्रयास इस बार उल्टा पर गया है। मणिपुर की नृशंस घटनाओं ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। लोग समझ चुके हैं कि देश को बचाना है तो भाजपा को हटाना होगा।

बारसोई गोलीकांड सरकार की विफलता : महबूब

● माले की एक राज्यस्तरीय टीम करेगी बारसोई का दौरा

पटना। भाकपा-माले विधायक दल के नेता महबूब आलम ने बिजली के सवाल पर बारसोई में प्रदर्शन कर रहे निर्दोष लोगों पर पुलिस फायरिंग की कड़ी निंदा की है। उन्होंने इसे राज्य सरकार की विफलता कहा है। आगे कहा कि सवाल यह उठता है कि जब पुलिस-प्रशासन को पहले से पता था कि लोग काफी आक्रोशित हैं तो उन्हें नियंत्रित करने के लिए तैयारी क्यों नहीं की गई? पता चला कि खुद को बचाने के लिए भाग रहे एक मासूम लड़के पर पुलिस ने गोली चलाई है। इस घटना में अबतक दो लोगों के मारे जाने की खबर है। घटना की गहन जांच होनी चाहिए और दोषी अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। वहीं, भाकपा-माले राज्य सचिव कुणाल ने कहा कि बारसोई पुलिस गोलीकांड की आड़ में भाजपा ओछी राजनीति कर रही है और उसके लोग माले विधायक दल के नेता महबूब आलम को जानबूझकर निशाना बना रहे हैं। पूरी घटना की उच्चस्तरीय जांच के लिए आज ही माले विधायक सुदामा प्रसाद के नेतृत्व में एक टीम बारसोई रवाना होगी।

संसद बाधित कर विकास रोकना ही विपक्ष का लक्ष्य : मंगल

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पूर्व स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि देश की तमाम विपक्षी पार्टियां केवल लोकतंत्र की दुहाई देती हैं, मगर उसका पालन करना वो नहीं जानती। दिल्ली में मानसून सत्र के दौरान प्रतिदिन संसद बाधित कर देश की जनता के साथ विपक्ष अन्याय कर रहा है। उनके पास न तो नेता है और न ही नीयत है। केवल नाम का विपक्षी एकता है। संसद में जनहित से जुड़े मुद्दों पर सार्थक बहस से समाधान निकलता है और देश में विकास को गति मिलती है। मगर कांग्रेस और उसकी तमाम सहयोगी ऐसा नहीं चाहती। विपक्ष पीएम नरेन्द्र मोदी के विकास कार्यों से घबराकर संसद को हंगामे की भेंट चढ़ा रहा है। देश

की जनता सब देख रही है। आगामी लोकसभा चुनाव में सब हिसाब हो जाएगा। श्री पांडेय ने कहा कि विपक्ष केवल एक होने का दिखावा कर रहा है। विपक्ष कभी एक नहीं हो सकता। अब तक विपक्ष के नेतृत्वकर्ता का पता नहीं है। विपक्ष का संयोजक कौन होगा, अभी तक यह भी तय नहीं हुआ है। शीट शेयरिंग से लेकर विचारों की टकराहट भी जगजाहिर है। ऐसे में जनता को इंडिया के नाम पर विपक्ष द्वारा केवल धूल झोंकने का काम किया जा रहा है। विपक्ष केवल हंगामा करना जानता है। लोकतंत्र में एक निष्पक्ष और स्वच्छ छवि वाले विपक्ष की जरूरत है। जो देश के विकास के लिए सरकार के साथ सहयोग की भावना से कार्य करे। हमारे पास पीएम नरेन्द्र मोदी हैं। उनके सामने चुनौती पैदा करने की हैसियत विपक्ष के किसी भी नेता में नहीं है। पीएम ने देश के सभी वर्गों के लिए कार्य किया है। महिला, बच्चे, बुजुर्ग व युवा सभी का विकास हुआ। आज पीएम की लोकप्रियता सात समंदर पार भी बरकरार है। इसलिए विपक्ष घबराहट में है और उसे समझ नहीं आ रहा कि पीएम का मुकाबला कैसे करें।

चिराग ने अतिपिछड़ों को राजनीति के मुख्यधारा से जोड़ा : लोजपा रा

पटना। 30 को पटना के श्री कृष्ण मेमोरियल हॉल में लोजपा (रा) द्वारा आहूत अतिपिछड़ा सम्मेलन में अतिपिछड़ों के लिए चिराग पासवान ऐतिहासिक कार्य-योजना की घोषणा करेंगे। अतिपिछड़ा सम्मेलन की व्यापक तैयारी किया गया है। गुरूवार को पार्टी के राज्य मुख्यालय में तैयारी की समीक्षा पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. सत्यानंद शर्मा ने स्वयं किया। बैठक में अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रभारी अध्यक्ष मनोज कुमार, युवा लोजपा-रा के राष्ट्रीय महासचिव अनिल कुमार पासवान, पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष विष्णु पासवान, अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव शंकर शर्मा, सुदीप्त कुमार,विजय पासवान, साहिल कुमार, उमेश दास, बिन्दा पासवान सहित अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के अनेकों पदाधिकारी शामिल थे। अतिपिछड़ों के समाजिक, शैक्षणिक, आर्थिक एवं राजनैतिक विकास के लिए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान द्वारा तैयार कार्य-योजना की मुद्रित प्रति बैठक में रखा गया। जिसमें चिराग पासवान ने अतिपिछड़ों की आबादी 36 प्रतिशत को देश और राजनीति के मुख्यधारा से जोड़ने के साथ-साथ जन्मजात पेशा को बढ़ावा देकर पूरे बिहार में लघु उधोग और कुटीर उधोग का जाल बिछाने का मंत्र दिया है। सम्मेलन की तैयारी कर लिया गया है। अलग-अलग कई समिति गठित किया गया है, जो व्यवस्था में लग गए है। उक्त आशय की जानकारी अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रवक्ता रमेश कुमार ने दिया।

बिजली को लेकर बड़ा आंदोलन करेगी बिहार की जनता : मनोज

पटना। भाजपा प्रवक्ता मनोज शर्मा ने राज्य सरकार पर हमला बोला है। कटिहार के बारसोई में जो घटना हुई है वह सरकार के लिए एक बड़ी चुनौती है। सरकार को आत्मनिरीक्षण कर अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। कहा कि बजली की समस्या को लेकर बिहार की जनता ने आंदोलन का मूड बना लिया है। सिर्फ कटिहार के बारसोई में बिजली कटौती हो रही है ऐसा नहीं है। पूरे बिहार की कमोबेश यही हालत है। हर जगह कई कई घंटों तक बिजली की कटौती हो रही है। बिजली कटने की वजह से लोग जब बिजली विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों के पास शिकायत कर रहे हैं तो उन्हें वहां से भगा दिया जा रहा है। जूनियर इंजीनियर, एग्जीक्यूटिव इंजीनियर लोगों की बात नहीं सुन रहे हैं। पूरा विभाग रामभरोसे चल रहा है। ऐसे में यदि सरकार तुरंत नहीं चेती तो पूरे बिहार में बिजली को लेकर लोग बड़ा आंदोलन करेंगे और यह आंदोलन कितना भयावह होगा कि सरकार उसका अनुमान भी नहीं लगा सकती है। जब नीतीश कुमार भाजपा के साथ थे तो, बिहार में बिजली नाममात्र की कटती थी। लोग बिजली से खुश थे। लेकिन, महागठबंधन की नीतीश सरकार की नियमावली और जर्जर व्यवस्था ने पूरी बिजली विभाग को ध्वस्त कर दिया है। पुराने इंस्टॉलेशन के कारण बिजली की समस्या बनी हुई है। इसके अलावा शहरी क्षेत्रों में जिस तरह से स्मार्ट मीटर लगाए गए हैं उससे विभाग अवैध वसूली कर रहा है। अब लोगों का बिजली बिल दुगुना हो गया है। ऐसे में बिजली को लेकर लोगों के अंदर गुस्सा है और यही वजह है कि लोग अब बिजली को लेकर सड़क पर उतर रहे हैं, आंदोलन कर रहे हैं। कटिहार बारसोई की घटना इसी वजह से हुई है।

बारसोई घटना की उच्चस्तरीय जांच हो : लोजपा रा

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

लोजपा रा ने कटिहार जिले की बारसोई की घटना को निंदनीय बताया है। कटिहार जिले के बारसोई की घटना से पूरे देश में बिहार शर्मसार हो रहा है। केंद्र सरकार को चाहिए कि बिहार में राष्ट्रपति शासन लागू हो। कटिहार जिले के बारसोई में बिजली अनियमितता को लेकर स्थानीय लोगों द्वारा शांतिपूर्ण प्रदर्शन के दौरान निहत्थे लोगों पर पुलिस द्वारा गोली चलाने की घटना को लेकर लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के द्वारा आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए पार्टी के मुख्य प्रदेश प्रवक्ता राजेश भट्ट ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए उक्त बाते कही। श्री भट्ट ने ऊर्जा मंत्री के बयान की कड़ी निंदा की है। कहा कि सरकार प्रदेश की जनता की समस्याओं के प्रति कितना संजीदा है इस घटना से पूरी तरह उजागर हो गया है। जमीनी हकीकत यह है कि बिजली की आपूर्ति में सरकार पूरी तरह विफल साबित हो गई है। जिसे लेकर बिहारवासियों को धरना प्रदर्शन करने को मजबूर होना पड़ रहा है। बिजली की अनियमितता को लेकर सड़कों पर उतरती है तब तब उन्हें लाठी और गोलियों से पीटा जाता है जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। श्री भट्ट ने लोजपा (रा) की ओर से कटिहार के बारसोई की इस घटना में दोनों मृतकों के परिवारों के प्रति गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए सरकार से उन्हें 50 50 लाख मुआवजा देने और परिवार के एक सदस्य को सरकारी सेवा में बहाल करने की मांग की है। साथ ही इस घटना की उच्चस्तरीय जांच सीबीआई से कराने की मांग करते हुए इस मामले में संलिप्त सभी दोषी अधिकारियों पर संविधान की धारा 302 के तहत हत्या का मुकदमा चलाते हुए उन पर कठोर से कठोर दंड सुनिश्चित करने की मांग की है। प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से पार्टी के प्रवक्ता प्रो विनीत सिंह, राजेश कुमार सिंह, अनुपम पासवान, पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष विभूति भूषण पासवान, मीडिया प्रभारी निशांत मिश्रा उपस्थित थे। इस आशय की जानकारी लोजपा (रा) के प्रदेश मीडिया प्रभारी निशांत मिश्रा ने दी।

प्रशासन की लापरवाही से हुई बारसोई की घटना : पप्पू

पटना। जनाधिकार पार्टी के प्रमुख पप्पू यादव ने कटिहार मामले को लेकर प्रशासन पर जमकर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि कटिहार में खाकी जनरल डायर की भूमिका में नजर आया। बिजली की मांग को लेकर कटिहार जिला के बारसोई में पुलिस द्वारा जो घटना घटित हुई, वह दुर्भाग्यपूर्ण है। यह बाढ़ का इलाका है, जहां बिजली की आपूर्ति बाधित रहती है। बिजली विभाग के पदाधिकारियों की मनमानी होती है। एक तो स्मार्ट मीटर बिहार के लोगों के लिए वसूली मीटर बन गया है। आज हम वहां गए और मृतक के परिजनों से मिलकर 20-20 हजार और घायलों के परिजनो को 10 हजार मदद किया। वहां लोगों ने बताया कि आंदोलन कर रहे लोगों की बस इतनी सी डिमांड थी, कि पदाधिकारी आकर उनसे मिल ले। लेकिन अफसर राज में यह कहां संभव है। इस घटना के प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि पुलिस ने आते ही गोलीबारी शुरू कर दी थी। जबकि आंदोलन को खत्म करने के लिए पुलिस अक्सर आंसू गैस और वाटर कैनन लेकर आती है। मगर यहाँ पुलिस ने सारे नियम ताक पर रख दिए और गोली कमर से ऊपर मारी। और तो और जो लोग आंदोलन में नहीं थे, उसे भी निशाना बनाया गया। यह तो जलियांवाला बाग की भी अति है। इस पर से जिले के डीएम की संवेदनहीनता की परकाष्ठा नजर आ रही है। डीएम ने इस घटना को लेकर रात में कहा कि जिसने उकसाया उसको चिन्हित कर कार्रवाई होगी। उन्होंने ये नहीं कि मामले की जांच की होगी! जिसने फायरिंग का ऑर्डर दिया, उस पर 302 का मुकदमा हो! हमेशा पदाधिकारियों की मनमानी आम जनता पर होती है। मुझे लगता है कि इस मामले में कुछ बातों को दबाया भी गया है। इसलिए इस मामले में सरकार को यहां पदाधिकारियों को सस्पेंड करना था। एसडीओ की भूमिका भी संदिग्ध है। एसडीओ से बार-बार वार्ता के लिए कहा जा रहा था। अगर एसडीओ ने वार्ता कर लिया होता तो यह घटना नहीं घटती।

श्रीकृष्ण की बाल लीला देश जाति से परे : आचार्य चंद्रभूषण

पटना। श्रीकृष्ण लीला देख विभोर हुए दर्शक आध्यात्मिक सत्संग समिति द्वारा शक्तिधाम में सात दिवसीय भागवत कथा के पांचवे दिन प्रारंभ में यजमान वाई सी अग्रवाल एवं लक्ष्मण टेकरीवाल ने सपरिवार व्यास पूजन एवं गुरु पूजन किया। तत्पश्चात पवन अग्रवाल, बिनोद कुमार अग्रवाल, डॉ हिमिता अग्रवाल, आरुषि, अजय कु गौतम, अमर अग्रवाल ने महाराजश्री को माल्यार्पण कर उनका आशीर्वाद लिया दोपहर बाद आज की भागवत कथा का प्रारम्भ करते हुए शास्त्रोपासक आचार्य डॉ चंद्रभूषणजी मिश्र ने श्रीकृष्ण लीला की विवेचना करते हुए बताया कि भगवान को प्राप्त करने के चार तरीके हैं नाम, रूप, लीला और धाम। लीला के द्वारा भगवान श्रीकृष्ण जन समाज को आकर्षित कर भगवता से जोड़ने का काम करते हैं। आचार्यश्री ने बताया कि चाहे जितना भी बाहरी सपोर्ट मिले परन्तु बिना भगवत कृपा के कोई भी जीवन और कार्य सफल नहीं होता है। राक्षस भी भगवान का भजन शत्रु भाव से करते हैं और भगवान उनका उद्धार करके अपने धाम में पहुंचा कर मोक्ष भेज देते हैं। आचार्यश्री ने बताया कि श्रीकृष्ण की बाल लीला सर्वश्रेष्ठ मानी जाती है जिसमे देश जाति से परे उन सभी बालकों को भगवान अपनी लीला में शामिल करते हैं जो समाज से तिरस्कृत हैं। भगवान की टीम में भोले भाले दिव्यांग बच्चे भी हैं। आचार्यश्री ने बताया कि मक्खन चोरी के दो भाव हैं, एक भक्त के ह्रदय की भावना को चुराना, दूसरा चोरी करके दूध, दही, मक्खन उन बालकों को खिलाना जिनके घर में इन चीजों की कमी है। आचार्यश्री ने बताया कि श्रीकृष्ण का अवतार एक उदार प्रेम का अवतार है। पूतना श्रीकृष्ण को मारने जाती है परन्तु श्रीकृष्ण यशोदा और देवकी की तरह पूतना को भी माँ जैसा सम्मान देते हैं। पूतना को भागवत में अविद्धा कहा गया है। आचार्यश्री ने बताया कि बकासुर के द्वारा भगवान उन ढोंगी लोगो का पोल खोलते हैं जो उछलती मछलियों का शिकार बगुले की तरह करके साधू की तरह बैठ जाते हैं। भगवान बकासुर के द्वारा इन ढोंगियों से सावधान रहने का उपदेश देते हैं। आचार्यश्री ने बताया कि भागवत में तीन तरह के पापों की चर्चा की गयी है। अधासुर के द्वारा श्रीकृष्ण उस पाप से उद्धार का तरीका बताते हैं जो बिना भोग के समाप्त नहीं होता है।

मौलाना सोहेल अहमद का योगदान सदैव अविस्मरणीय रहेगा : कुशवाहा

पटना। इमारत-ए-शरिया (बिहार, झारखंड, उड़ीसा) के नायब मौलाना सोहेल अहमद नदवी के इंतकाल पर जद(यू.) ने गहरी संवेदना प्रकट की। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री उमेश सिंह कुशवाहा ने शोक प्रकट करते हुए कहा कि मौलाना सोहेल अहमद नदवी जी के इंतकाल की दुःखद समाचार सुनकर मन व्यथित है। असमय उनका जाना हम सभी के लिए भारी क्षति है जिसकी पूर्ति कभी नहीं हो सकती है। अल्पसंख्यक समाज के उत्थान में उनका योगदान सदैव अविस्मरणीय रहेगा। मौलाना सोहेल नदवी समाज में शांति, सद्भाव और प्रेम के मजबूत पक्षधर थे। अल्लाह उन्हें जन्नत में आला मुकाम अता फरमाए। शोक-संवेदन व्यक्त करने में बिहार विधान परिषद के मुख्य सचेतक संजय कुमार सिंह गांधी, पार्टी के राष्ट्रीय सचिव सह विधान पार्षद रविन्द्र प्रसाद सिंह, ललन कुमार सर्राफ, नीरज कुमार, मुख्यालय प्रभारी अरूण कुमार सिंह, चंदन कुमार सिंह एवं वासुदेव कुशवाहा मौजूद थे।

2024 तक बिहार भाजपा में सिर्फ गिनती के लोग ही बच जाएंगे : उमेश

पटना। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने भाजपा में हुए फूट पर चुटकी लेते हुए कहा कि भाजपा में भागमभाग का यह सिलसिला अभी तो बस शुरू हुआ है, यह खेल अभी आगे लंबा चलने वाला है। उन्होंने दावा करते हुए यह भी कहा कि जिस तरह की राजनीतिक परिस्थितियां बन रही है उससे लगता है कि 2024 लोकसभा चुनाव तक बिहार भाजपा संगठन में सिर्फ गिनती के लोग ही बच जाएंगे। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हम भाजपा के वरिष्ठ प्रवक्ता विनोद शर्मा के हौसले को सलाम करते हैं जो उन्होंने स्वार्थ और सत्ता की राजनीति को त्यागकर सत्य और नारी सम्मान के पक्ष में अपनी आवाज बुलंद करने का साहसिक निर्णय लिया है। इतना नैतिक बल गिनेचुने व्यक्ति में ही होता है। उन्होंने कहा कि मौजूदा समय में भाजपा के कई ऐसे नेता हैं जो अपनी पार्टी में घुटन महसूस कर रहे हैं और इस घुटन की सबसे मुख्य वजह मणिपुर में महिलाओं के साथ हुए बर्बर घटना पर धृतराष्ट्र की भांति देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की खामोशी और उनके सरकार की निष्क्रियता है। श्री कुशवाहा ने तंज कसते हुए कहा कि मणिपुर की घटना के बाद भाजपा के नेता और क्षेत्र में सक्रिय रहने वाले कार्यकर्ता समाज में अपने चेहरे को ढककर घूम रहे हैं। सत्ता में बैठे भाजपा शीर्ष नेतृत्व के गलत कारनामों की वजह से स्थानीय कार्यकताओं को हर जगह लज्जित और अपमानित होना पड़ रहा है। ऐसी शर्मनाक स्थिति में शायद ही कोई स्वाभिमानी व्यक्ति थोड़े समय के लिए भी भाजपा के छत्रछाया में रहना स्वीकार करेगा। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि देश की महिलाओं का श्राप भाजपा के पतन का मुख्य कारण बनने वाला है। 2024 लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन बनाम महिला विरोधी ठगबंधन की लड़ाई है। जो भी राजनीतिक दल या व्यक्ति इंडिया की विचारधारा से प्रेरित और महिला सम्मान के प्रति संवेदनशील है, वह इंडिया के साथ मिलकर भाजपा मुक्त भारत बनाने के महाअभियान में अपनी अहम भूमिका निभाएगा।

आइसा नेताओं पर जानलेवा हमले की माले ने की कड़ी निंदा

अपराध की बढ़ती घटनाओं को नियन्त्रित करे सरकार

पटना। भाकपा-माले के राज्य सचिव कुणाल और पटना महानगर के सचिव अभ्युदय ने कल पटना के भिखना पहाड़ी चौक पर अपने राष्ट्रीय सम्मेलन की तैयारी में कोष संग्रह कर रहे आइसा नेताओं पर जानलेवा हमले की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि महागठबंधन की सरकार को अपराध के बढ़ती घटनाओं पर अविलंब रोक लगानी चाहिए। इसे हम स्वीकार नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि कोष संग्रह के दरमियान अचानक लाठी-डंडे से लैस एक गिरोह ने आइसा नेताओं पर हमला कर दिया, जिसमें आइसा के राज्य अध्यक्ष विकास यादव और आदित्य रंजन बुरी तरह घायल हो गए। विकास यादव के सर पर गहरी चोट है और वे फिलहाल पीएमसीएच में इलाजरत हैं। माले नेताओं ने कहा कि अपराधियों की अविलंब गिरफ्तारी होनी चाहिए। यह भी कहा कि पटना विश्वविद्यालय के कैंपस तथा उसके आसपास के इलाकों में छात्र नेताओं और आम छात्रों की सुरक्षा की गारंटी सरकार को करनी चाहिए।

डीएम ने अनुमंडल कार्यालय पटना सदर का किया निरीक्षण

● आम लोगों के कार्यों के निष्पादन में तेजी लाने का डीएम ने दिया निदेश

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

जिलाधिकारी चन्द्रशेखर सिंह ने गुरूवार को पटना सदर अनुमंडल कार्यालय का निरीक्षण किया। यह एक पूर्व-निर्धारित निरीक्षण था। डीएम ने कार्यालय प्रबंधन की अच्छी स्थिति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए अनुमंडल पदाधिकारी को अभिलेखों का समुचित रख-रखाव सुनिश्चित करने, अनुमंडल दंडाधिकारी के न्यायालय में लंबित मामलों का नियमानुसार शीघ्र निष्पादन करने तथा कर्मियों की बायोमेट्रिक उपस्थिति का नियमित अनुश्रवण करने का निदेश दिया। डीएम डॉ. सिंह द्वारा सदर अनुमंडल स्थित लोक सेवा केंद्र, वरिष्ठ नागरिक भरण-पोषण शाखा, भूमि सुधार उप समाहर्ता कार्यालय, निर्वाचन कार्यालय, आपूर्ति शाखा, सामान्य शाखा सहित विभिन्न शाखाओं एवं कार्यालयों का निरीक्षण किया, पदाधिकारियों एवं कर्मियों की उपस्थिति की जांच की, उनका परिचय प्राप्त किया तथा उनके दायित्वों एवं कार्यों की जानकारी ली। डीएम डॉ. सिंह ने कहा कि बिजली की लगातार उपलब्धता के कारण उपभोक्ताओं द्वारा किरासन तेल के उठाव में रूचि नहीं ली जाती है। उन्होंने अनुमंडल पदाधिकारी को किरासन तेल की मांग के बारे में पिछले छः माह के ट्रेंड का विश्लेषण कर प्रतिवेदन समर्पित करने का निदेश दिया ताकि इसके आवंटन को रेशनलाईज करने के बारे में विभाग को प्रस्ताव भेजा जा सके। जिलाधिकारी ने सार्वजनिक जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं की नई अनुज्ञप्ति हेतु उम्मीदवारों की चयन प्रक्रिया शीघ्र पूरा कर अनुज्ञप्ति निर्गत करने का निदेश दिया। डीएम ने अनुमण्डल पदाधिकारी को कार्यालय अन्तर्गत सभी कर्मचारियों एवं कार्यालय परिचारियों का सेवापुस्त अद्यतन संधारित रखने का निदेश दिया गया। साथ ही सभी संविदा कर्मियों के सेवा अभिलेख को भी अद्यतन संधारित करने का निदेश दिया। जिलाधिकारी द्वारा अनुमंडल पदाधिकारी को अनुमंडल कार्यालय में स्वीकृत बल के विरूद्ध कर्मियों की पदस्थापना एवं प्रतिनियुक्ति की समीक्षा करने का निदेश दिया गया। डीएम डॉ. सिंह ने कहा कि सामान्यतः कार्यालय प्रबंधन की स्थिति अच्छी पाई गई। अनुमण्डल कार्यालय की बेहतर कार्य-संस्कृति पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्होंने आम लोगों के कार्यों के निष्पादन में तेजी लाने का निदेश दिया। जिलाधिकारी ने भूमि सुधार उप समाहर्ता के न्यायालय में वादों के निष्पादन की स्थिति की समीक्षा की गई। भूमि विवाद निराकरण वाद में कुल 227 दायर वादों में 156 वादों को निष्पादित कर दिया गया है। दाखिल-खारिज अपील वाद में कुल 560 दायर वादों में से 411 वादों को निष्पादित किया गया है। नापी अपील वाद में 6 वाद लंबित हैं। रैयती वाद में प्राप्त 8 वादों में 6 वादों को निष्पादित किया गया है। डीएम डॉ. सिंह ने लंबित वादों को शीघ्र निष्पादित करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी द्वारा भूमि सुधार उप समाहर्ता कार्यालय में बेहतर प्रबंधन पर संतोष व्यक्त किया गया।

कजरी नृत्य के साथ 30 जुलाई को मनाया जाएगा आनंदोत्सव

सम्मेलन शिरोमणि, सम्मेलन-चूड़ामणि, सम्मेलन-रत्न अलंकरणों से सम्मानित होंगे साहित्यकार

● आहूत होगा भव्य कवि-सम्मेलन, सम्मेलन-कर्मी भी होंगे सम्मानित

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

सम्मेलन के 42वें महाधिवेशन की व्यापक सफलता के उपलक्ष्य में आगामी 30 जुलाई को बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में आनंदोत्सव का आयोजन किया जाएगा। जिसमें महाधिवेशन में मूल्यवान योगदान के लिए सम्मेलन की कार्यसमिति और स्वागत समिति के अधिकारियों और सदस्यों को सम्मेलन-शिरोमणि, सम्मेलन चूड़ामणि, सम्मेलन-रत्न अलंकरणों से विभूषित किया जाएगा। इस अवसर पर कजरी-नृत्य प्रस्तुत करने वाली नृत्यांगनाएं भी सम्मानित की जाएंगी। प्रशंसनीय सेवाओं के लिए सम्मेलन-कर्मियों को भी सम्मेलन-सेवी सम्मान प्रदान किया जाएगा। अपने अध्यक्षीय-कक्ष में, तैयारी की समीक्षा के पश्चात यह जानकारी देते हुए सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने बताया है कि कजरी-उत्सव की सांगितिक प्रस्तुतियों से आरंभ होने वाले इस आनंदोत्सव में एक भव्य कवि-सम्मेलन भी आयोजित होगा। संध्या-सहभोज के साथ यह उत्सव संपन्न होगा। सम्मान हेतु हैदराबाद से विशेष अंग-वस्त्रम मंगाया गया है। समारोह में 42वें महाधिवेशन की स्वागत समिति के अध्यक्ष डा रवींद्र किशोर सिन्हा समेत सम्मेलन की कार्यसमिति और स्वागत समिति के सभी अधिकारी एवं सदस्यगण तथा आमंत्रित अतिथि भाग लेंगे। समीक्षा बैठक में सम्मेलन के अर्थ मंत्री प्रो सुशील कुमार झा, प्रबंधमंत्री कृष्ण रंजन सिंह, पुस्तकालय मंत्री ई अशोक कुमार, संगठन मंत्री डा शालिनी पांडेय, वरिष्ठ साहित्यकार एवं कार्यसमिति सदस्य बच्चा ठाकुर, कार्यसमिति सदस्य बांके बिहारी साव, प्रवक्ता अप्सरा मिश्र, स्वागत समिति के महासचिव, आनंद मोहन झा, सम्मेलन के प्रशासी पदाधिकारी सूबेदार नंदन कुमार मीत, डा र

संक्षिप्त खबरें

बूढ़ी गंडक नदी में स्नान करने के दौरान छात्र हुआ लापता, खोज जारी

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर प्रखंड अंतर्गत पतैलिया पंचायत के दियानतपुर गांव स्थित शिवजी घाट बूढ़ी गंडक नदी में स्नान करने के दौरान सातवीं कक्षा के छात्र लापता हो गया। छात्र उत्क्रमित मध्य विद्यालय दियानतपुर में सातवीं कक्षा में पढ़ता था। गुरुवार की दोपहर दादी के साथ वह स्नान करने गया था। जहां गहरे पानी में चले जाने के कारण लापता हो गया। घटना की सूचना प्रशासन को दी गई हैं। सूचना मिलते ही विभूतिपुर अंचलाधिकारी अशोक कुमार यादव, आर ओ मधुसूदन चौरसिया, थाना से पुलिस बल घटनास्थल पर पहुंचकर आपदा प्रबंधन के सरकारी गोताखोर एवं स्थानीय गोताखोरों की मदद से शव खोजवाने का प्रयास जारी है। बता दें कि लापता छात्र दो भाइयों में बड़ा था। वहीं छात्र के लापता होने की सूचना मिलते ही उसकी मां व परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो रहा था। समाचार लिखे जाने तक खोज जारी था। शव बरामद नहीं हो सका था।

श्रीराम जानकी ठाकुरबाड़ी मंदिर से लाखों की मूर्ति की चोरी

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर प्रखंड क्षेत्र के साखमोहन पुरवारीटोल स्थित श्री राम जानकी ठाकुरबाड़ी से बुधवार की रात्रि अज्ञात चोरों ने लाखों की मूर्ति की चोरी की घटना का अंजाम दिया। घटना के संबंध में बताया गया पुजारी मंदिर में नहीं था। इसी बात का फायदा उठाकर चोर गेट के ताला के बलिया काट कर मंदिर में प्रवेश किया एवं मंदिर से राम, लक्ष्मण, सीता के तीन बड़ी मूर्ति एवं गोपाल जी आदि के पांच मूर्ति कुल 8 मूर्ति चोरी कर ली। जिसकी अनुमानित कीमत 20 लाख रुपए बताया गया है। वहीं चोरी को लेकर कन्हैया दास उर्फ कन्हैया सिंह विभूतिपुर थाना में एक आवेदन दिया है। वहीं इस संबंध में थानाध्यक्ष संदीप कुमार पाल से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि घटना की जांच की जा रही है। छापेमारी जारी है।

पॉक्सो मामले में दोषी को बीस वर्ष सश्रम कारावास एवं जुमार्ना

समस्तीपुर। पॉक्सो मामले में स्पीडी ट्रायल के तहत गुरुवार को एडीजे 6 न्यायालय समस्तीपुर के द्वारा बंगरा थाना क्षेत्र के कोठिया वार्ड नंबर 9 निवासी भुवनेश्वर साह के पुत्र शक्ति कुमार को दोषी पाते हुए 20 वर्ष सश्रम कारावास एवं 20 हजार रुपए जुमार्ने की सजा सुनाई गई है। वहीं, जुमार्ना नहीं देने की स्थिति में अभियुक्त को 6 महीने अतिरिक्त साधारण कारावास की सजा भुगतनी होगी।

पंचायत की योजनाओं की जांच की

कल्याणपुर, समस्तीपुर। कल्याणपुर प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी संतोष कुमार चौरसिया ने गुरुवार को बासुदेवपुर पंचायत के वार्ड 4 एवं 10 में पीसीसी एवं गली गली नल जल योजना की जांच की। वहीं जांच करते हुए लोगों से पूछताछ के उपरांत नल जल को सही पाया गया। वहीं उन्होंने गोपालपुर और बिरसिंहपुर पंचायत में कई मतदान केंद्र का निरीक्षण किया। जिसमें मतदान केंद्र संख्या 189 एवं 190 पर पेयजल की समस्या को लेकर अविलंब ही पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में योजनाओं के संचालन करने से पूर्व योजना का बोर्ड लगाना अनिवार्य है। अगर कहीं योजना का बोर्ड नहीं लगाया जाता है तो उक्त योजना के ऊपर विभागीय कार्रवाई हेतु लिखा जाएगा।

विभागीय मंत्री के आश्वासन पर 51 दिन बाद कृषि सलाहकारों की हड़ताल समाप्त

कल्याणपुर, समस्तीपुर। कृषि विभाग के किसान सलाहकारों का हड़ताल 51 दिन बाद समाप्त हो गया। इस घोषणा के बाद सभी पंचायत के कृषि सलाहकार ने अपना योगदान प्रखंड मुख्यालय में देते हुए कार्य आरंभ कर दिया है। जारी पत्र के अनुसार कृषि मंत्री द्वारा सलाहकारों की जायज मांगों को अविलंब पूरा किए जाने का भरोसा दिलाया। इसके बाद सभी सलाहकार अपने काम पर लौट गए। मौके पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी ने

पुल के पथ निर्माण के लिए डीएम ने किया निरीक्षण

शिवाजीनगर, प्रात : किरण संवाददाता

शिवाजीनगर प्रखंड अंतर्गत हांसोपुर बंधार की सीमा पर मृत बागमती नदी पर पुल के पहुंच पथ नहीं बनने के कारण लोगों को आवाजाही में कठिनाई हो रही थी। शिवाजीनगर प्रखंड और खानपुर प्रखंड को जोड़ने वाली पुल के पहुंच पथ नहीं बनने से हो रही परेशानी। जिलाधिकारी योगेंद्र सिंह गुरुवार को हासोपुर पहुंच पथ के उक्त स्थल निरीक्षण किया। उनके साथ एसडीओ मो० मुस्तकीम, बीडीओ हरि ओम शरण, सीओ प्रिया आयार्नी, पुल निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता के साथ स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने स्थल निरीक्षण के दौरान कार्यपालक अभियंता से कहा कि पहुंच पथ में पढ़ने वाले जमीन से संबंधित स्थानीय किसानों से मिलकर बात करें और नियमानुसार कार्रवाई करते हुए 31 दिसंबर 2023 तक अधूरे पहुंच पथ का कार्य को पूरा करें। ताकि हर हाल में 1 जनवरी 2024 से पुल पर सुचारू ढंग से आवाजाही बहाल हो सके। जिससे आम आवाम को आने जाने में सुविधा हो गा। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि इस कार्य में किसी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। जिलाधिकारी ने पुल निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता से जानकारी लेते हुए पूछा कि पुल का निर्माण कब हुआ था। जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि पुल का निर्माण 2016 में 5 करोड़ 18 लाख के लागत से बना था। किंतु पहुंच पथ नहीं बनने से आवाजाही में काफी कठिनाई हो रही थी। जिलाधिकारी योगेंद्र सिंह ने अधिकारी एवं ग्रामीणों से पहुंच पथ के बारे में जानकारी लिया और आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। इस क्रम में शादीपुर से बंधार बागमती नदी के पूर्वी तटबंध को भी देखा। बाढ़ की स्थिति का भी जानकारी लिए। वहीं रमौल में बन रहे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं डुमरा मोहन में निमार्णाधीन प्रखंड सह अंचल कार्यालय के बारे में भी अधिकारियों से जानकारी लिए। साथ ही प्रखंड सह अंचल कार्यालय से किसानों के खेतों में जाने के लिए पहुंच पथ के संबंध में एसडीओ एवं सीओ को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उक्त पुल के हासोपुर पुल के पहुंच पथ बन जाने से दो प्रखंडों को लोगों को आवाजाही में वह भी सुविधा। मौके पर सीआई कपिल देव झा, अंचल अमीन धर्मेंद्र कुमार, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष नंद कुमार चौधरी, समेत ग्रामीण व अधिकारी मौजूद थे।

पौधों को नुकसान पहुंचा रहे बकरियों को भगाने पर दबंगों ने महादलित परिवार को पीटा

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

घर के दरवाजे पर लगा रखे पेड़-पौधों को नुकसान पहुंचा रहे बकरियों को भगाना एक महादलित परिवार को भारी पड़ गया। दबंग बकरी मालिक ने अपने परिजनों के साथ महादलित परिवार के घर पर चढ़ाई कर न सिर्फ को जातिसूचक गाली दी वरन परिवार के मुखिया और उसके पत्नी के साथ मारपीट भी की। दबंगों के द्वारा की गई मारपीट और तलवार के वार से महादलित परिवार का मुखिया गंभीर रूप से घायल गया। जिसकी पहचान समस्तीपुर मुफ्फसिल थाना क्षेत्र अंतर्गत मोरदीवा के रसलपुर पठान निवासी अमीरी राम के पुत्र पप्पू राम के रूप में हुई है। वहीं, दबंगों ने पप्पू राम की पत्नी पूनम देवी के साथ भी मारपीट और दुर्व्यवहार की घटना को अंजाम दिया। मारपीट की घटना में गंभीर रूप से घायल हुए पप्पू राम को आनन-फानन में इलाज के लिए समस्तीपुर सदर अस्पताल ले जाया गया। जहां उसका इलाज कराया गया। उपरोक्त आरोप लगाते हुए पूनम देवी ने मुफ्फसिल थाने में आवेदन देकर जानमाल की सुरक्षा की गुहार लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कर दोषियों पर उचित कानूनी कार्रवाई की मांग की है। घटना को लेकर आवेदन में कहा गया है कि बीते बुधवार को किसी के अंत्येष्टि कार्यक्रम में शरीक होने के बाद अपने घर लौटे पप्पू राम ने अपने घर के दरवाजे पर लगे पौधों को नुकसान पंहुचा रहे बकरियों को भला-बुरा कहते हुए भगा दिया। जिससे बकरी मालिक क्रोधित हो गए और अपने परिजनों के साथ मिलकर महादलित पप्पू राम की जबरदस्त पिटाई कर दी और जान मारने की नियत से तलवार से वार भी किया। जिससे उनके हाथ की एक उंगली घायल हो गई। इतना ही नहीं, उन लोगों ने पप्पू राम की पत्नी के साथ भी दुर्व्यवहार किया और मारपीट की। आवेदन में मो० शमरुद्दीन, मो० अफसर, मो० फैज आलम, जिन्नत खातून और मो० मंजर के ऊपर जातिसूचक गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर घायल किए जाने का आरोप लगाया गया है। आवेदन में कहा गया है कि आरोपियों की रिश्तेदारी जिला पार्षद अजहर आलम से और वे लोग जिला पार्षद के रिश्ते में भाई, बहन, बहनोई एवं भगिना लगते हैं। वहीं, मुफ्फसिल थानाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि दोनों पक्ष से आवेदन प्राप्त हुआ है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जो भी विधि सम्मत कार्रवाई होगी की जाएगी।

छात्रा से मोबाइल छिनतई कर भाग रहे युवक को लोगों ने पकड़ा, पिटाई के बाद किया पुलिस के हवाले

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर सरकारी बस पड़ाव में गुरुवार को दीनदहाड़े एक छात्रा से मोबाइल की छिनतई कर ली गई। मोबाइल छीनकर भाग रहे युवक को मौके पर मौजूद लोगों ने पकड़ लिया और उसकी जमकर पिटाई कर दी। इसके बाद उसे नगर थाना पुलिस को सुपुर्द कर दिया। जिसकी पहचान मुजफ्फरपुर जिले के सकरा मुरौल थाना निवासी अमरनाथ राय के पुत्र भरत कुमार के रूप बतायी गई है। पुलिस के द्वारा लोगों की पिटाई से घायल हुए युवक का समस्तीपुर सदर अस्पताल में इलाज कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार सरकारी बस पड़ाव के पास मोबाइल फोन पर बात करते हुए जा रही छात्रा का मोबाइल फोन छीनकर एक युवक भागने लगा। जिसे स्थानीय लोगों ने खदेड़कर पकड़ लिया और जबरदस्त पिटाई कर पुलिस के हवाले कर दिया। वहीं, इसको लेकर नगर थानाध्यक्ष विक्रम आचार्य ने कहा कि घायल युवक का उपचार कराया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है, विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

सरायरंजन के नौआचक स्कूल में लगी आग, कागजात और फर्नीचर जलकर हुए राख

सरायरंजन, प्रात : किरण संवाददाता

सरायरंजन प्रखंड क्षेत्र के नौआचक गांव स्थित मध्य विद्यालय के ऑफिस में गुरुवार की सुबह आग लग गया। आग लगने से ऑफिस में रखे सभी आवश्यक कागजात, फरनिर्चर आदि जलकर राख हो गये। आग लगने की सूचना पर पंचायत के मुखिया, सरपंच एवं ग्रामीणों ने पहुंचकर ऑफिस का ताला तोरकर आग को किसी तरह काबू पाया। उधर, आग लगने को लेकर पंचायत के मुखिया महेंद्र राय, सरपंच अनवारूल हक, उपमुखिया जितेंद्र कुमार राय आदि ग्रामीणों ने बताया कि इस स्कूल में एचएम एवं अन्य शिक्षकों द्वारा हर रोज स्कूल में लड़ाई करते रहते है। और शिक्षकों द्वारा बच्चों को पढाई नहीं करते है। स्कूल में राजनीतिक के तहत आग लगाई गई है। अगर अपने आप आग लगती तो ऑफिस से महात्मा गांधी एवं डॉ० भीमराव अंबेडकर के फोटो को निकालकर ऑफिस से निकालकर दिवाल किनारे रखा हुआ था। पंचायत के जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणों ने स्कूल के सभी शिक्षकों को यहां से ट्रांसफर करने की मांग बीईओ से किया है। और कहा है की जबतक स्कूल के सभी शिक्षकों का तबादला नहीं होगा तबतक स्कूल में अच्छी पढाई नहीं हो सकता है। आग लगने की घटना पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। आग की घटना की सूचना पर पहुंचे बीईओ सुमन कुमार ने बताया कि स्कूल में आग लगने की सूचना मिली है। हमने मामले की जांच की जाएगी दोषी होगें उसपर उचित कार्रवाई की जाएगी। स्कूल के एच एम पंकज कुमार ने बताया की नौ बजे से पहले हम स्कूल के लिए आ रहे थे तो मुखिया के द्वारा सूचना मिली की स्कूल में आग लग गया है। किसी ने आग लगाने का आरोप लगा रहे है तो वह गलत आरोप है। समाचार प्रेषण तक घटना की प्राथमिकी दर्ज नहीं हो सकी थी।

समस्तीपुर भाजपा के वरिष्ठ नेता का निधन

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

भाजपा समस्तीपुर विधानसभा ग्रामीण मंडल पश्चिम राजखंड शंभूपट्टी निवासी भाजपा के वरिष्ठ नेता रामदयाल प्रसाद कुशवाहा के निधन पर गुरुवार को भाजपा जिलाध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा एवं अन्य भाजपा नेताओं ने उन्हें पार्टी का झंडा ओढ़ाकर अंतिम विदाई दी। भाजपा जिलाध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा ने बताया कि रामदयाल प्रसाद कुशवाहा भाजपा के वरिष्ठ नेता थे। वे 1990 के दशक में राममंदिर आंदोलन से भाजपा में जुड़कर संगठन में मंडल स्तर से जिला स्तर पर विभिन्न दायित्व का निर्वहन करते हुए भाजपा के लिए अपना योगदान दिया है। उनके निधन पर भाजपा जिलाध्यक्ष उपेन्द्र कुमार कुशवाहा, विमला सिंह, विधानसभा प्रभारी जिला उपाध्यक्ष प्रभात कुमार ठाकुर, जिला प्रवक्ता मुकेश कुमार सिंह, मंडल अध्यक्ष विष्णुदेव कुशवाहा, भाजपा नेता सुनील कुमार झा, शिवशंकर शर्मा, प्रवीण सिंह, शंकर महतो, तिलकेश्वर प्रसाद सिंह, विरजू ठाकुर, बब्लू झा, रामनारायण सिंह सहित अन्य लोगों उनके शोकाकुल परिवार को दुख के घड़ी में ढांढस बंधाते हुए शोक-संवेदना किया। शोक-संवेदना व्यक्त करते जिलाध्यक्ष उपेन्द्र कुमार कुशवाहा ने कहा कि भाजपा समस्तीपुर विधानसभा भाजपा के लिए यह अपूरणीय क्षति है, भाजपा परिवार ने अभिभावक खो दिया है।

काम पर लौटे किसान सलाहकार

प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर प्रखंड क्षेत्र में कार्यरत सभी किसान सलाहकार काम पर लौट गया है। बता दें कि किसान सलाहकार जनसेवक के पद पर समायोजन की मांग को लेकर 06 जून से हड़ताल पर थे। किसान सलाहकार के प्रखंड अध्यक्ष प्रेमचंद सिंह ने बताया कि कृषि मंत्री के आश्वासन व किसान सलाहकार राज्य संघ के आवाह्न पर सभी किसान सलाहकार हड़ताल से लौटकर अपना योगदान देकर अपने अपने क्षेत्र के कार्य पर लोटे। जिसमें प्रखंड क्षेत्र में कार्यरत किसान सलाहकार कन्हैया कुमार, संजीत कुमार, रंजीत कुमार प्रथम, रंजीत कुमार द्वितीय, राम कुमार झा, रंजीत कुमार तृतीय, जानकी, सिकंदर रजक, मानसिंह मधुकर, अमरेश कुमार साहनी, मनोज कुमार, बैजू साहनी, बमबम कुमार, अमरेश कुमार आदि ने आज अपना योगदान दिया है।

अपने बच्चे की हत्या करने वाला पिता गिरफ्तार, अपने भाई के साथ अपनी पत्नी के अवैध संबंध से था आहत

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर जिले के मोहिउद्दीननगर थाना क्षेत्र अंतर्गत बीते मंगलवार की रात एक शराबी पिता के द्वारा अपने तीन साल के मासूम बच्चे की गंडासे से काटकर हत्या किए जाने के मामले का गुरुवार को पुलिस ने खुलासा कर दिया। पुलिस ने आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, घटना में प्रयुक्त गंड़ासा को भी पुलिस ने बरामद कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मोहिउद्दीननगर थाना क्षेत्र के मकसुदनपुर भदैया निवासी कारी सहनी के पुत्र कुंदन सहनी उर्फ कुंदन कुमार के रूप में हुई है। समस्तीपुर एसपी कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में मामले का खुलासा करते हुए एसपी विनय तिवारी ने बताया कि मृतक बच्चे की मां ने मोहिउद्दीननगर थाने में अपने पति के विरुद्ध मामला दर्ज कराया था। आरोपी कुंदन के बस पकड़कर कहीं अन्यत्र भागने की गुप्त सूचना मिलने के बाद पुलिस ने छापेमारी कर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के द्वारा की गई विस्तृत पूछताछ में गिरफ्तार कुंदन ने कांड में अपनी संलिप्ता को स्वीकार की है। पुलिस के अनुसार कुंदन ने बताया कि रुपए कमाने को लेकर वह गुजरात के अहमदाबाद गया था, जहां वह डेढ़ वर्षो तक रहा। वहीं, उसकी पत्नी गांव में ही घर पर रह रही थी। इस दौरान उसके भाई और उसकी पत्नी के बीच अवैध संबंध स्थापित हो गया। जिसमें उसकी पत्नी गर्भवती हो गई। इस संबंध में पत्नी से पूछने पर कुछ नहीं बताया गया। लेकिन कुंदन को शक बना रहा। इस दौरान एक दिन उसने अपने पत्नी को अपने भाई चंदन सहनी के साथ आपतिजनक स्थिति में देख लिया। पहले से ही गांव-समाज से मानसिक प्रताड़ना झेल झेल रहा कुंदन इस घटना के बाद काफी ज्यादा आकोशित हुआ हो गया। जिसके बाद वह अपनी पत्नी को मारने के लिये गंड़ासा लेकर दौड़ा। लेकिन इसकी पत्नी घर से बाहर भाग गई। इसी दौरान कुंदन कुमार ने अपने तीन वर्ष के बच्चे को गंड़ासा से काट दिया, जिससे घटनास्थल पर ही बच्चे की मौत हो गई।

श्रीमद्भागवत कथा महायज्ञ की तैयारी पूरी, आज निकलेगी कलशयात्रा

सरायरंजन, प्रात : किरण संवाददाता

सरायरंजन प्रखंड के उदापट्टी स्थित कीर्तन झा भवन परिसर में 28 जुलाई से कलश यात्रा के साथ शुरू होने वाले सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा महायज्ञ समारोह की सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

कथा महायज्ञ समारोह के मुख्य आयोजक कीर्तन झा के अनुसार श्रीमद्भागवत के सुख्यात कथावाचक श्री देवीकांत ठाकुर के मुखारविंद से स्थानीय श्रद्धालु श्रीमद्भागवत कथा महायज्ञ के श्रवणयज्ञ से लाभ उठाएंगे। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म की धार्मिक मान्यताओं के अनुसार श्रीमद् भागवत कथा के आयोजन एवं श्रवण से श्रद्धालुओं के मृत माता-पिता को जहां मोक्ष की प्राप्ति होती है। वहीं जीवित एवं देहधारी महानुभाव माता पिता को समस्त सांसारिक सुखों की प्राप्ति के साथ ही समस्त मनोकामनाओं की पूर्ति एवं देह छूटने पर साक्षात गोविंद श्री नारायण हरि की प्राप्ति होती है।

जबकि इस तरह के धार्मिक अनुष्ठानों से क्षेत्र में सुख, शांति और समृद्धि भी आती है। इसीलिए सभी धमार्नुरागी को पूरे हर्षोल्लास पूर्वक श्रीमद्भागवत कथा महायज्ञ समारोह का हर हाल में लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने ग्रामीणों से इस अनुष्ठान में पहुंचकर कथा सुनकर जीवन सफल बनाने की अपील की। मौके पर मधुकांत झा, गंगाधर झा, साहेब झा, सच्चिदानंद झा, रामानंद झा, हरेराम झा, राजाराम झा, योगमाया देवी, आशा देवी, बेवी कुमारी सुनिता देवी, शंकर सुमन, अंजनी सुमन, प्रियासुमन, सपना, आलोक, साकेत, मुरलि, छोटु, सहित दर्जनों गणमान्य मौजूद रहे।

पुण्यतिथि पर याद किए गए एपीजे अब्दुल कलाम

प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर प्रखंड अंतर्गत पैराडाइज पब्लिक स्कूल नरहन के प्रांगण में भारत के महान विभक्ति एपीजे अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा की अध्यक्षता राहुल कर रहे थे। वहीं सर्वप्रथम उपस्थित लोगों ने उनके फोटो पर पुष्पांजलि अर्पित किए। विद्यालय के प्रधान शोभा कांत राय ने अब्दुल कलाम के राष्ट्र के प्रति त्याग, बलिदान और समर्पण के भाव को विस्तार से बताया। मौके पर रामविलास, सुरेश, अरविंद, अनिल, अक्षित्त, तौफिक, अली, अमन, मीता, आयंशा, प्रीति, पूनम, नीशु, राहुल, खुशी आदि मौजूद थे।

मौलाना आजाद कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी नेउरा को दो पाठ्यक्रमों के तहत मंजूरी मिली

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। एमएसीईटी के अध्यक्ष डॉ. अहमद अब्दुल हई ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया, ह्लमौलाना आजाद कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजीह्व की शुरूआत वर्ष 1987 में मिल्लत एजुकेशन सोसाइटी के तहत की गई थी। यह पूरे उत्तर भारत में पहला स्व-वित्तपोषित अल्पसंख्यक कॉलेज हैं। सोसायटी का मुख्य मिशन विशेष रूप से अल्पसंख्यकों के बीच वैज्ञानिक/व्यावसायिक तकनीकी शिक्षा की स्थापना को बढ़ावा देना था। कॉलेज की शुरूआत सबसे पहले अनीसाबाद में हुई थी। इसे वर्ष 1994 में अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) नई दिल्ली से मान्यता मिली। वर्ष 2000 में, कॉलेज को लगभग 18 एकड़ क्षेत्र में फैले विशाल परिसर में नेउरा में स्थानांतरित कर दिया गया। तब से, यह एआईसीटीई मान्यता के अनुसार इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी कार्यक्रम में चार साल के बी.टेक पाठ्यक्रम सफलतापूर्वक चला रहा है। स्नातक पाठ्यक्रमों में वार्षिक प्रवेश 330 अर्थात सिविल इंजीनियरिंग का है। - 60, इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग। झ 30, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार इंजीनियरिंग। झ 30, कंप्यूटर विज्ञान और इंजीनियरिंग। झ 60, कंप्यूटर विज्ञान और इंजीनियरिंग। (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग) - 30, कंप्यूटर साइंस और इंजीनियरिंग (डेटा साइंस) - 60 और मैकेनिकल इंजीनियरिंग। - 60

इस वर्ष हमें उल्लिखित पाठ्यक्रमों के तहत मंजूरी मिल गई है:

1. (एमसीए) मास्टर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन के पीजी कार्यक्रम में, वार्षिक प्रवेश 120 है।
2. डिप्लोमा कोर्स (3 साल का कोर्स) वार्षिक प्रवेश 180 अर्थात सिविल इंजीनियरिंग झ 60, कंप्यूटर विज्ञान और इंजीनियरिंग। - 60 और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग। झ 60 हैं।

सभी विभागों में अच्छी तरह से योग्य अनुभवी संकाय और अच्छी तरह से सुसज्जित प्रयोगशालाएँ हैं। 100 डेस्कटॉप के साथ एक कंप्यूटर केंद्र है जिसमें बड़ी संख्या में एप्लिकेशन सॉफ़्टवेयर हैं और इंटरनेट से अच्छी तरह से जुड़ा हुआ है और दो अन्य कंप्यूटर लैब हैं। कुल 340 कंप्यूटर सिस्टम वाली 3 अन्य कंप्यूटर लैब हैं, जो बिहार में सबसे बड़ी में से एक है। हमारे पास ब्रियो इंटरएक्टिव फ्लैट पैनल 75 इंच स्थापित पुस्तकालय है जिसमें लगभग 4500 से अधिक टाइटल्स हैं। विभिन्न क्षेत्रों को कवर करने वाले 25000 वोलुमस हैं।

कॉलेज में एक स्थापित प्रशिक्षण और प्लेसमेंट सेल भी है जो छात्रों को कैंपस चयन के माध्यम से नौकरी पाने में मदद करता है। इस सेल के माध्यम से बड़ी संख्या में छात्रों को आईबीएम, विप्रो, माइक्रोसॉफ्ट, टीसीएस, टीसीई, एनटीपीसी, एनएचपीसी, बीएचईएल, डीआरडीओ, एनएएल आदि जैसे विभिन्न संगठनों में नौकरी मिलती है

बालश्रम से रोकथाम व पलायन हो रहे बाल मजदूर के बचाव को लेकर स्कूली बच्चों के बीच क्विज व आर्ट प्रतियोगिता का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

बेगूसराय। प्राथमिक मकतब तरैया के प्रांगण में टीएसएन के बैनर तले बालश्रम से रोकथाम व पलायन हो रहे बाल मजदूर को बचाव हेतु स्कूल के बच्चों के बीच क्विज व आर्ट कला के माध्यम से विषय-बाल श्रमिकों व हो रहे पलायन से बचाव हेतु बच्चों के बीच रखा गया। जिसमें बच्चों व सर्वाइवर ने क्यूज जैसे प्रतियोगिता में भाग लेते हुए अपने-अपने विभिन्न तरीकों से बच्चों ने प्रदर्शन किया। उसके तत्पश्चात बच्चों के बीच संस्थान के माध्यम से प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को मेडल से सम्मानित किया गया। साथ ही जिला लीडिंग प्रखंड समन्वयक गुलशन कुमार द्वारा बच्चों के बीच बाल एवं किशोर श्रम अधिनियम 1986 संशोधन 2016 की धारा तीन एवं तीन ए के अंतर्गत 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को किसी भी क्षेत्र, परिवार और परिवारिक उधम एवं मनोरंजन को छोड़कर तथा किशोर किशोरियों का 14 एवं 14 वर्ष से अधिक और 18 वर्ष से कम खतरनाक व्यवसाय और प्रक्रियाओं में नियोजन काम करवाना प्रतिबंधित है। विभिन्न ढाबा, रेस्टोरेंट, होटल, मोटर एवं चाय की दुकान इत्यादि घरेलू कामकाज, ऑटोमोबाइल वर्कशॉप, गैरेज, ईट भट्टा निर्माण पटाखा उद्योग, सीमेंट उद्योग में कार्य कराने के विरुद्ध सशक्त कानूनी कार्रवाई करवाने का प्रावधान है। साथ ही प्राथमिक मकतब तरैया के अध्यापक वीर विक्रांत राय ने कहा कि बालश्रम मुक्त समाज बनाने में पहला दायित्व उनके अभिभावक का बनता है। इससे जुड़े बाल श्रम से बचाव हेतु उन्होंने अपने विचार को बच्चों के बीच साझा किए। साथ ही विद्यालय के शिक्षक के द्वारा बच्चों के बीच हो रहे बाल श्रमिक से बचाव हेतु अपने अपने विचार को रखें। उनके द्वारा बताया गया शिक्षा यह सीढ़ी है, जिसके माध्यम से चलकर बच्चे कोई भी मुकाम पा सकते हैं। मौके पर निकहत आरा शिक्षिका, खालदा अख्तरी, शौला हैदरी, प्रमोद शर्मा, आभा कुमारी, अरशिया तह्मीद, दिलरुबा प्रवीण, मोहम्मद नजीबुल्लाह, मोहम्मद इन्तखाव आलम, इमतेखार अनवर उपस्थित रहे। बच्चों ने इस कार्यक्रम में भाग लेते हुए बालश्रम रोकथाम के कार्य में अपनी प्रतिभा को दिखाते हुए शपथ लिया। यह कार्य अपने समाज के टोले मोहल्ले या कहीं भी इस तरह का कुछ भी दिखे, उसे रोकथाम के लिए 1098 पर कॉल कर सूचना देंगे या आप लोग से संपर्क साझा करेंगे।

सरकारी संपत्ति की तोड़फोड़ व पुलिस टीम पर हमला करने के मामले में पुलिस ने चिपकाया इश्तिहार

प्रात : किरण संवाददाता

बेगूसराय। भगवानपुर थाना एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में तोड़फोड़ क्षतिग्रस्त कर देने तथा पुलिस पर हमला कर घायल कर देने मामले में भगवानपुर थाना में दर्ज प्राथमिकी कांड संख्या 29/23 में फरार अभियुक्त दहिया निवासी सिकंदर महतो के पुत्र विकास महतो, अवधेश महतो के पुत्र जितेंद्र महतो, अकलू सदा के पुत्र नरेश सदा, खंतर सदा के पुत्र नवीन सदा, उमा तांती के पुत्र रोहित कुमार, नवटोलिया निवासी भोला सदा के पुत्र राजा सदा, बालेश्वर सदा के पुत्र राकेश सदा, रूकेश महतो के पुत्र धीरज कुमार के घर न्यायालय के द्वारा जारी इश्तिहार को ढोल बजाकर थाने के एएसआई विनीत झा एवं अपर थानाध्यक्ष राजीव कुमार एएस आई महेश प्रसाद द्वारा चिपकाया गया और प्रेरित किया गया की जल्द ही अभियुक्त को सरेंडर कराए, सरेंडर नहीं कराने पर न्यायालय द्वारा फिर जारी किए गए कुर्की के आदेश पर घर का कुर्की जप्ती की जाएगी। इधर इश्तिहार चिपकाए जाने से अभियुक्त के परिजनों में हड़कंप मच गया। ढोल बजाकर इश्तिहार चिपकाए जाने से स्थानीय लोगों में फिर से घटना की चर्चा तेज हो गई। इस संबंध में अपर थानाध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया कि थाना कांड संख्या 29/23 के सभी 8 फरार अभियुक्त के घर इश्तिहार चिपकाया गया है। सभी फरार अभियुक्त के परिवार वालों से कहा गया है कि जल्द से जल्द न्यायालय में स्लेंडर कराए नही तो कुर्की जप्ति की करवाई की जाएगी।

राजकीयकृत मध्य विद्यालय अयोध्या का निरीक्षण में मिली अनियमितता

प्रात : किरण संवाददाता

मंसूरचक, बेगूसराय। तेघड़ा प्रखंड क्षेत्र के राजकीयकृत मध्य विद्यालय अयोध्या का औचक निरीक्षण प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी राम उदय महतो ने किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में भारी अनियमितता पाई गई। निरीक्षण के दौरान पाया गया विद्यालय में एक जर्जर भवन है, जिसमें विद्यालय के प्रधानाध्यापक के द्वारा शौचालय का निर्माण करवाया गया है। जो गंदगी से भरा है। जर्जर भवन होने के कारण कभी भी दुर्घटना हो सकती है। विद्यालय प्रधानाध्यापक के खिलाफ विद्यालय के सभी सहायक शिक्षक और ग्रामीणों ने इसकी शिकायत की। विद्यालय प्रधान के द्वारा मनमानी की जाती है। बच्चों को मीनू के अनुसार मध्याह्न भोजन नहीं दिया जाता। बच्चों की उपस्थिति से अधिक उपस्थिति रजिस्टर में दर्ज की जाती है। विद्यालय में वर्ग का संचालन ठीक ढंग से नहीं हो पा रहा है। वार्षिक परीक्षा में अपने बेटे और भतीजा को घर से ही परीक्षा दिलवाते हैं और कॉपी लेकर विद्यालय में जमाकर देते है। जो जांच में मिला और सभी सहायक शिक्षक के साथ राजनीति करते है। यह आदत इनकी विगत 6 साल से होते आ रहा है। विद्यालय परिसर गंदगी से भरी है। वर्ग पांच, छह, सात और आठ वर्ग के बच्चों से पूछा ग

संक्षिप्त खबरें

स्कॉर्पियो सवार लोगों ने किया युवती का अपहरण, प्राथमिकी दर्ज

भोरे। भोरे थाना क्षेत्र के तिलक डूमर गांव में स्कॉर्पियो सवार कुछ लोगों ने खेत में काम कर रही एक युवती का अपहरण कर लिया। घटना के बाद गायब हुई युवती की मां के बयान पर चार लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। बताया जा रहा है कि तिलक डूमर गांव के जगीलाल सिंह की पत्नी बिगनी देवी अपनी पुत्री ममता कुमारी के साथ खेत में काम कर रही थी कि तभी एक स्कॉर्पियो गाड़ी से उसी गांव के अनूप यादव, अरुण यादव, रवि यादव और मुन्नी कुमारी आए और जबरन ममता कुमारी को गाड़ी में बैठा कर ले कर चले गए। काफी खोजबीन के बाद भी जब कहीं पता नहीं चला, तो स्थानीय थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है

जमीनी विवाद को लेकर हुई मारपीट के मामले में प्राथमिकी दर्ज

भोरे। भोरे थाना क्षेत्र के डूमर नरेंद्र गांव में जमीनी विवाद को लेकर हुई मारपीट में प्राथमिकी दर्ज की गई है। कोर्ट के आदेश पर दर्ज की गई प्राथमिकी में आठ लोगों का आरोपी बनाया गया है। बताया जाता है कि डूमर नरेंद्र गांव के हृदयानंद चैहान की पत्नी मुनिया देवी अपने दरवाजे पर बैठी थी कि जमीनी विवाद को लेकर उसी गांव के नंदू चैहान, मुन्नी देवी, नथुनी चैहान सहित आठ लोग मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर छानबीन कर रही है।

सब्जी तोड़ रही महिला के साथ छेड़खानी, कोर्ट के आदेश पर प्राथमिकी दर्ज

भोरे। भोरे थाना क्षेत्र के खलवा गांव में सब्जी तोड़ रही एक महिला के साथ उसी गांव के कुछ लोगों ने छेड़खानी की विरोध करने पर मारपीट भी की गई। मामले में कोर्ट के आदेश पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। बताया जा रहा है कि खलवां गांव की एक महिला अपने खेत में सब्जी तोड़ रही थी। कि उसी गांव के बिट्टू मिश्रा, रोहित मिश्रा, रामाकांत मिश्रा, दिलीप मिश्रा, अक्षय मणि मिश्रा, अरविंद मिश्रा वहां जाकर उसके साथ छेड़खानी करने लगे। उसने इसकी जानकारी अपने परिवार में दी तो मधु मंगल सुनार और मंगल सुनार आरोपितों से पूछने गए जिनके साथ गाली-गलौज और मारपीट की गई।

नीलाम पत्र वाद का एक वारंटी गिरफ्तार

थावे। थावे पुलिस ने नीलाम पत्र वाद में जारी किए गए वारंट के आधार पर छापेमारी कर एक वारंटी को घर से गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष शशि रंजन कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित हरदिया गांव के मंजूर आलम के पास बैंक का रुपये बकाया है। पूछताछ के बाद गिरफ्तार वारंटी को गुरुवार को न्यायालय में प्रस्तुत कर दिया गया। छापेमारी के दौरान एसआई पिंटू कुमार आदि पुलिस बल मौजूद थे।

शराब पीने के आरोप में दो गिरफ्तार

विजयीपुर प्रातः किरण संवाददाता
शराब पीकर अपने घर में शोर मचा रहे विजयीपुर थाना क्षेत्र के मठिया मुसहर टोली से एक व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार शराबी पुजारी मंडल बताया गया है। वही दूसरी तरफ यूपी से शराब पीकर आ रहे चिकवलिया गांव के संतोष तुरहा को पुलिस ने विजयीपुर नवतन मोड़ से गिरफ्तार कर लिया। दोनों का मेडिकल चेकअप कराने के पश्चात गुरुवार को गोपालगंज कोर्ट में प्रस्तुत किया गया।

थावे बाजार में किसानों ने सुनी पीएम के मन की बात

थावे। गुरुवार को थावे बाजार में किसानों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लाइव प्रसारण सुना। जिसमे काफी संख्या में किसान एव भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए। किसान सभा का आयोजन थावे बाजार में अदिति फर्टिलाइजर द्वारा किया गया। लाइव प्रसारण में पीएम ने यूरिया गोल्ड (सल्फर कोटिड यूरिया) का शुभारंभ किया। इसके साथ ही उन्होंने कहा करोड़ों किसान जिसका इंतजार कर रहे थे व आज पूरी हो गई है। पीएम किसान निधि की 14वीं किस्त के रूप में 8 15 करोड़ से अधिक किसानों के खाते में 17,500 करोड़ से अधिक राशि का हस्तांतरण किया गया है। पीएम ने कहा कि आज देश के किसानों की मुश्किलों को हल करने के लिए 1, 25 लाख किसान समृद्धि केंद्रों को समर्पित किया जा रहा है। इनके जरिये खेती से जुड़ी सूचना उसका लाभ आदि बताया जाएगा। लाइव प्रसारण के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष संदीप कुमार गिरी, ओमप्रकाश राय, सुदामा मांझी, मनीष कुमार गुप्ता, भरत सिंह, विजय सिंह व लालबाबू प्रसाद सहित किसान एवं भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

मारपीट व 151 के मामले में चार गिरफ्तार

बरौली। बरौली थाने की पुलिस ने मारपीट में 151 के मामले में चार लोगो को गिरफ्तार कर ली पुलिस गिरफ्त में आये चारों बरौली के स्वर्गीय जलेस्वर गुप्ता के पुत्र ओमप्रकाश गुप्ता, रामबाबू गुप्ता, प्रेमनाथ प्रसाद का पुत्र मनीष कुमार व संतोष कुमार का पुत्र प्रतीक राज शामिल है। गिरफ्तार चारो से पुलिस ने पूछताछ करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

मंत्री ने किया गावों का दौरा, समस्याओं की ली जानकारी

भोरे प्रात : किरण संवाददाता

भोरे विधायक सह सूबे के मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन मंत्री सुनील कुमार गुरुवार को भोरे प्रखंड के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा कर वर्तमान हालात की जानकारी ली। इसी क्रम में मंत्री ने धरहरा गांव निवासी अमित मिश्र के घर पहुंचे थे। ग्रामीणों से चर्चा कर पानी-बिजली, लोक स्वास्थ्य, खाद्य आपूर्ति सहित अन्य विषयों पर चर्चा की। उनकी समस्याएं जानी तथा उनके समयबद्ध निस्तारण का आश्वासन दिया। मंत्री ने ग्रामीणों को प्रदेश सरकार के विकास कार्यों से अवगत करवाया।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने गावों के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी है। शिक्षा, चिकित्सा, पेयजल सहित समस्त विभागों में ऐतिहासिक कार्य हुए हैं। वहीं लगातार ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए योजनाएं बनाई जा रही ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में विकास लगातार जारी रह सके। उन्होंने बताया कि समस्या समाधान के लिए सरकार ने बेहतर कार्यप्रणाली विकसित की है जिसमें निर्धारित समयावधि में समस्या का निस्तारण और शिकायतों का समाधान किया जाता है। मंत्री ने ग्रामीण क्षेत्रों के दौरे के दौरान प्रदेश सरकार की योजनाओं का प्रचार प्रसार किया। सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी। लामीचैर पंचायत के लक्ष्मीपुर में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में उन्होंने केंद्र सरकार पर निशाना साधा। जाति और धर्म की राजनीति का आरोप लगाते हुए केंद्र की सरकार को उखाड़ फेंकने की अपील की। उन्होंने कहा कि केंद्र की सरकार रहते आपसी भाईचारा कायम नहीं रह सकता है। सबका साथ और सबका विकास अगर चाहिए तो महागठबंधन पर आप लोग भरोसा करें। जिस तरह बिहार में महागठबंधन विकास की गंगा बहा रहा है उसी प्रकार केंद्र में सरकार आने पर विकास के पथ पर यह देश अग्रसर रहेगा। स्वास्थ्य के क्षेत्र में हमारी सरकार निजी अस्पताल से बेहतर सुविधाएं देने के लिए शिद्दत से प्रयास कर रही है। मौके पर शत्रुघ्न गुप्ता, उप प्रमुख दीपू मिश्रा, राम अवधेश यादव, लामीचैर पंचायत के मुखिया मोहन सिंह, शिक्षक मुन्नू पांडेय, शत्रुघ्न गुप्ता, विनोद सिंह, मुख्तार मास्टर, सत्येंद्र सिंह, बिंदा प्रसाद सिंह, मनोज तिवारी, अवध बिहारी सिंह, वीरेंद्र चैरसिया, शेख इकरामुद्दीन, अबुल हसन आदि लोग मौजूद रहे।

उचकागांव थाना क्षेत्र से अपराधियों का बचकर निकल पाना होगा मुश्किल

उचकागांव प्रात : किरण संवाददाता

उचकागांव थाना क्षेत्र से अपराध की घटना को अंजाम देकर आसानी से बच कर निकल जाना अब अपराधियों के लिए आसान नहीं होगा। उचकागांव थाना अब जन सहयोग से 32 ट्रैफिक ट्राली से लैस हो चुका है। जिसका उद्घाटन बुधवार की शाम एसपी स्वर्ण प्रभात ने फीता काटकर किया। उचकागांव थाना क्षेत्र में अपराध की घटना को अंजाम देने के बाद अपराधियों को संसाधन के अभाव में थाना क्षेत्र के अंदर ही घेर लेना पुलिस के लिए चुनौती बनी हुई थी। उचकागांव थाने की स्थापना काल से ही ट्रैफिक ट्राली के कमी के कारण सड़कों पर वाहन जांच करने में भी पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ रही थी। ट्रैफिक ट्राली के लिए सरकारी स्तर पर सीधे थाने को कोई राशि उपलब्ध नहीं रहने की स्थिति में थानाध्यक्ष सुभाष कुमार सिंह ने पहल की तो थाना क्षेत्र के कुछ समृद्ध एवं जनप्रतिनिधियों ने ट्रैफिक ट्राली का निर्माण करवाने के लिए कदम आगे बढ़ाया। जिसके बाद जन सहयोग से अपने ही थाना क्षेत्र में ट्रैफिक ट्राली का निर्माण करा कर 32 ट्रैफिक ट्राली पूरी तरीके से तैयार हो गया। जिसका उद्घाटन उचकागांव थाना परिसर में पहुंचकर बुधवार की शाम एसपी स्वर्ण प्रभात और हथुआ एसडीएम राकेश कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस दौरान उन्होंने थानाध्यक्ष सुभाष कुमार सिंह के इस पहल और पहल में सहयोग करने वाले थाना क्षेत्र के समृद्धि एवं जनप्रतिनिधियों के इस कदम की सराहना की। अब इन ट्रैफिक ट्रालियों को थाना क्षेत्र के विभिन्न बाजारों, चैक-चैराहों एवं मुख्य पथो पर अपराधियों की धरपकड़ व वाहन जांच के लिए किया जाएगा। जन सहयोग करने वालों में उचकागांव इंडेन गैस एजेंसी के प्रबंधक इंजीनियर सुदामा मांझी, पवन कंस्ट्रक्शन मकसूदपुर के संवेदक राजेश तिवारी, समाजसेवी अमित कुमार सिंह, आर सेवन ईट उद्योग के संचालक सह मुखिया अकलू यादव, वीआईपी ईट उद्योग परसौनी खास के संचालक समाजसेवी मुन्ना सिंह, बीएचवाई ईट उद्योग परसौनी खास के संचालक सह पूर्व मुखिया अच्छेलाल यादव, हरिओम फेब्रिकेशन खरहरवां के संचालक शामिल थे।

बीपीएस कॉलेज के सत्रारंभ का मंत्री ने किया शुभारंभ

भोरे प्रात : किरण संवाददाता

भोरे प्रखंड मुख्यालय स्थित भोला प्रसाद सिंह महाविद्यालय में नए नामांकित छात्रों का सत्रारंभ समारोह आयोजित हुआ। सत्रारंभ समारोह की शुरूआत मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित मद्यनिषेध उत्पाद एवं निबंधन मंत्री सुनील कुमार के द्वारा फीता काटकर किया गया। इस दौरान उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि ऊंचा लक्ष्य एवं नियमित अध्ययन सफलता का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कहा कि जो छात्र जिस क्षेत्र में भी रुचि रखते हैं उन्हें पुरे लगन से लगना चाहिए। आज भले ही पहले के मुकाबले चुनौतियां बड़ी है लेकिन इसके साथ अवसरों में भी बढ़ोतरी हुई है। ऐसे समय में अपना लक्ष्य तय कर आगे बढना हीं श्रेयस्कर होगा। अपने संबोधन के दरम्यान मंत्री ने छात्रों के प्रश्नों का जबाब देते हुए उन्हें इस बात के प्रति आश्वस्त किया की शीध्र ही महाविद्यालय में कला और विज्ञान से संबंधित करीब आधा दर्जन से से अधिक विषयों की पढ़ाई प्रारंभ हो जाएगी। वहीं जरुरत के हिसाब से महाविद्यालय में आधारभूत सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जा रही हैं। कार्यक्रम के प्रारंभ में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ उदय शंकर पाण्डेय ने मुख्य अतिथि सहित आगंतुक अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। वहीं अपने संबोधन में प्राचार्य डॉ उदय शंकर पांडे ने छात्रों को अनुशासित रहने एवं महाविद्यालय परिसर को पवित्र बनाए रखने की प्रेरणा दी।साथ ही नए छात्रों को महाविद्यालय की परंपराओं से भी अवगत कराया। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ शंकर दयाल सिंह ने किया। वही मौके पर मुख्य रूप से जदयू नेता मनोज तिवारी,उप प्रमुख दीपू मिश्र, सत्येन्द्र सिंह, मुख्तार अंसारी, शत्रुघ्न गुप्ता, जितेन्द्र द्विवेदी, विनोद सिंह के अलावे महाविद्यालय के शिक्षक व शिक्षकेतर कर्मियों के साथ साथ काफी संख्या में छात्र छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं।

घर की छत पर सो रही किशोरी की गला रेतकर हत्या

बैकुंठपुर थाने के खैरा आजम गांव की वारदात, एफएसएल की टीम कर रही मामले की जांच

गोपालगंज प्रात : किरण ब्यूरो

जिले के बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के खैरा आजम गांव में बुधवार की देर घर की छत पर सो रही एक किशोरी की गला रेतकर हत्या कर दिए जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। सूचना पाकर पंहुची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। मृत किशोरी विरेन्द्र प्रसाद की पुत्री उषा कुमारी बतायी गयी है। बताया जाता है कि खैरा आजम गांव के विरेन्द्र प्रसाद की पुत्री उषा कुमारी बुधवार की देर रात खाना खाने के बाद छत पर सोने के लिए चली गयी। देर रात अपराधियों ने गला रेत कर निर्मम हत्या कर दी। घटना की सूचना मिलने के बाद बैकुंठपुर थाने की पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। इस संबध में एसपी स्वर्ण प्रभात ने बताया कि प्रथम दृष्टया किसी सगे संबंधी की संलिप्तता नजर आ रही है। मृत किशोरी का अपरहण पडोस के एक युवक के द्वारा किया गया था। जिसमें पुलिस आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। पूरे मामले की जांच के लिए एफएसएल की टीम को बुलाया गया है। वही सदर एसडीपीओ के नेतृत्व में एसआइटी का गठन किया गया है। गठित एसआइटी घटना के सभी बिन्दुओ पर पर जांच कर रही है। जांच के दौरान कुछ अहम जानकारी भी मिली है। जल्द ही मामले का उद्भेदन कर लिया जाएगा।

रोजगार मेला में 310 छात्रों को मिला नियुक्ति पत्र

हथुआ प्रात : किरण संवाददाता

हथुआ अनुमंडल के मीरगंज शहर के मुकुल प्राइवेट आई टी आई में प्रशिक्षण प्राप्त युवकों को रोजगार मिल सके इसके लिए संस्थान ने रोजगार मेला का आयोजन किया। जिसमें गुजरात के सुजुकी मोटर प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी ने अखिल भारतीय व्यवसायिक परीक्षा 2023 के सफल छात्रों का इंटरव्यू लिया। जिसमें 310 छात्रों ने सफलता हासिल किया। जिनको ऑन द स्पॉट ऑफर लेटर कम्पनी के एच आर जितेंद्र कुमार शर्मा ने दिया।

इस अवसर पर आई टी आई के डायरेक्टर मुकुल कुमार श्रीवास्तव ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि होनाहार छात्रों का दरवाजा हमेशा खुला हुआ है। वैसे जिन्होंने सफलता हासिल नहीं किया उनके लिए फिर से रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा। यह संस्थान प्रशिक्षण के साथ साथ रोजगार की भी गारंटी देती रही है। इधर प्राचार्य मधुकर श्रीवास्तव ने बताया कि प्रशिक्षण प्राप्त छात्रों का कैंपस सेलेक्शन गुजरात की सुजुकी कम्पनी ने किया। कम्पनी ने संस्थान से इलेक्ट्रीशियन, फिटर, वेल्डर, डिप्लोमा मैकेनिकल का प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके 355 छात्रों का लिखित परीक्षा लिया। लिखित परीक्षा के बाद सभी छात्रों का इंटरव्यू लिया।

जिसमें 310 छात्रों ने सफलता प्राप्त किया। जिनको चयन पत्र दिया गया। चयनित सभी छात्रों को कम्पनी ने ऑफर लेटर दे दिया है। ऑफर लेटर मिलने के बाद चयनित छात्रों के चेहरे पर खुशी नजर आ रही थी। इस मौके पर कुंदन बाला, शिल्पी श्रीवास्तव फोरमैन सुधीर कुमार श्रीवास्तव, संतोष कुमार श्रीवास्तव, मृत्युंजय कुमार, जितेंद्र कुमार, उपेन्द्र कुमार, नकुल साह, रमाकांत सिंह, नितेश कुमार, अनुराग वैभव, नकुल साह सहित सभी शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी आदि थे।

जुलूस में धारदार हथियार के साथ प्रदर्शन करने पर होगी प्राथमिकी: एसपी

प्रात : किरण संवाददाता

उचकागांव। उचकागांव थाना क्षेत्र के नवादा परसौनी पंचायत भवन पर मुहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए एसपी स्वर्ण प्रभात ने कहा कि मोहर्रम पर्व के अवसर पर जुलूस निकालने के लिए प्रशासन ने जुलूस के लाइसेंसधारियों के नाम पर लाइसेंस निर्गत किया है। लाइसेंसधारी की यह जिम्मेदारी है कि जुलूस में उसके साथ चलने वाले लोग लाइसेंस के नियमों का पालन करें।

जो लाइसेंस के नियमों को मानने को तैयार नहीं है उन्हें लाइसेंसधारी जुलूस में न जाने दें। लाइसेंस के नियमों को लाइसेंसधारी, समाजसेवी एवं जनप्रतिनिधि क्षेत्र के नवयुवकों को समझाएं। अस्त्र-शस्त्र, तलवार, भाला आदि पारंपरिक धारदार हथियारों पर भी प्रशासन ने पूरी तरीके से रोक लगा दी है। धारदार हथियार के साथ प्रदर्शन व करतब दिखाने पर भी पुलिस कार्रवाई करेगी। उन्होंने कहा कि करतब दिखाने वाले लोग लाठी या बनावटी तलवार, भाला आदि का प्रयोग कर सकते हैं। उन्होंने उपस्थित लोगों से नवादा परसौनी में पिछले वर्ष मुहर्रम जुलूस के दौरान हुए पथराव की घटना के बारे में भी जानकारी ली। हथुआ एसडीएम राकेश कुमार ने कहा कि क्षेत्र में मोहर्रम का जुलूस शांतिपूर्ण ढंग से निकले इसके लिए प्रशासन पूरी तरीके से मुस्तैद रहेगी।

जुलूस के रास्ते में पडने वाले मंदिर व विवादित स्थलों पर प्रशासन बैरिकेडिंग कराएगी। उन्होंने कहा कि परंपरागत धारदार हथियार के बगैर केवल लाठी के साथ शांतिपूर्ण ढंग से आदर्श जुलूस निकालने पर प्रशासन जुलूस को सम्मानित करेगी। मौके पर थानाध्यक्ष सुभाष कुमार सिंह, सीओ रामेश्वर राम, मुखिया अकलू चैधरी, सरपंच सोहराब आलम, पूर्व मुखिया करीमन मियां, अच्छेलाल यादव, समाजसेवी रंजीत यादव आदि उपस्थित थे।

प्रतिकुलपति ने की वर्चुअल मीटिंग

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। जय प्रकाश विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति ने सभी स्नातकोत्तर विभागके अध्यक्ष, सभी प्राचार्य (अंगीभूत महाविद्यालय और सम्बद्ध महाविद्यालय) के साथ भर्चुअल मोड पर मीटिंग किये। इधर कई दिनों से कुछ प्राचार्य एवं स्नातकोत्तर विभागाध्यक्ष समय से अपना अटेंडेंन्स नहीं भेज रहे हैं। प्रभारी कुलपति प्रोफेसर लक्ष्मी नारायण सिंह ने बताया कि सम्बद्ध महाविद्यालय के प्राचार्य अब यदि अपने महाविद्यालय से उपस्थिति समय पर नहीं भेजते हैं तो उनके ऊपर विधिसम्मत कार्यवाई की जायेगी। विद्या भवनमहाविद्यालय की प्राचार्य ने कहा कि उनके महाविद्यालय में वनस्पतिविज्ञानविभाग और होमसाइंस में शिक्षक नहीं हैं। इसी प्रकार गोपेश्वर महाविद्यालय हथुआ के प्राचार्य ने बताया कि उनके महाविद्यालय में बाटनी ,उर्दू और संस्कृत में कोई भी शिक्षक नहीं हैं। एलएम भी महाविद्यालय के प्राचार्य ने प्रतिकुलपति से अपने महाविद्यालय में खाता संचालन नहीं होने की बात किया। मीटिंग के प्रारंभ में प्रभारी कुलसचिव सह सी सी डी सी ने सबका स्वागत किया। इस अवसर पर प्रोफेसर हरिश्चंद्र समायोजक महाविद्यालय विकास परिषद सह प्रभारी कुलसचिव, डॉ. धनंजय आजाद आइटी सेल प्रभारी प्रतिकुलपति के साथ मौजूद थे। प्राचार्य एवं स्नातकोत्तर विभागाध्यक्ष के अध्यक्ष भी इस आनलाइन भर्चुअल मोड की मीटिंग में उपस्थित हुए।

जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में जिलाधिकारी द्वारा दिये गये आवश्यक निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। जिलाधिकारी अमन समीर की अध्यक्षता में सारण समाहरणालय सभागार में आयोजित जिला सड़क सुरक्षा समिति के बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी के द्वारा जिला परिवहन पदाधिकारी को सड़क सुरक्षा के नियमों को आमजमानस के बीच प्रचार प्रसार करने का निदेश दिया गया ताकि आमजनमानस के बीच सड़क सुरक्षा की जानकारी मिल सके। बताया गया कि सड़क सुरक्षा के नियमों को पालन करने मात्र से ही असामयिक दुर्घटनाओं में निश्चित रुप से कमी आयेगी। बैठक में सर्वप्रथम वर्ष 2019 से अब तक कि सड़क दर्घटनाओं में मृतकों और घायलों की संख्या पर समीक्षा की गयी। समीक्षा में पाया गया कि पूर्व की वर्षो की अपेक्षा सड़क दुर्घटनाओं में कमी दर्ज की गयी है। जिलाधिकारी के द्वारा जिला परिवहन पदाधिकारी को सड़क सुरक्षा हेतु आवश्यक नियमों का अनुपालन कराने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी के द्वारा बताया गया कि वाहनों के फिटनेश का सघन जाँच करना, सीट बेल्ट की अनिवार्यता का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाना चाहिए। स्कूली वाहनों की चेकिंग, चालक अनुज्ञप्ति का निरस्तीकरण, रद्दीकरण से संबंधित कार्रवाई की जाय। नाबालिक चालक एवं वाहन चलाते समय मोबाईल के उपयोग पर सघन जाँच अभियान के अंतर्गत करायी जाय। पुलिस विभाग द्वारा यातायात नियमों का पालन करवाना सुनिश्चित करें तथा नियमानुसार कार्रवाई करने हेतु निदेश दिया गया। पुलिस पदाधिकारियों द्वारा भी गलत पार्किंग पर कार्रवाई करने की बात कही गयी। जिलाधिकारी के द्वारा जिला शिक्षा पदाधिकारी को निदेशित करते हुए कहा गया कि सभी स्कूली बच्चों के बीच यातायात नियमों का अनुपालन हेतु पाठशाला आयोजित कराना ताकि बड़े पैमाने पर इसका प्रचार-प्रसार हो सके। महाविद्यालयोंध्विद्यालयों में युवाओं के बीच यातायात नियमों सड़क सुरक्षा संबंधित जानकारियों का प्रचार-प्रसार करना तथा सड़क दुर्घटनाओं की भयावहता से अवगत कराते हुए अमुल्य मानव जीवन की मूल्यों की जानकारी उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया।

साथ ही नुक्कड़ नाटक, पेटिंग स्लोगन प्रतियोगिता कराना। निजी एम्बुलेंसों में जीवन रक्षक उपकरण तथा प्रशिक्षित पारामेडिक्स का व्यवस्था, सभी सरकारी, निजी एम्बुलेंसों की मैपिंग एवं एकल आपातकालीन नम्बर से जोड़ने हेतु सिविल सर्जन को निर्देशित किया गया। अस्पतालों द्वारा गुड सेमेरिटन की सूची तैयार करना, ट्रॉमा सेन्टरों की स्थापना करना, खासकर वैसे मार्गो पर जहाँ दुर्घटना ज्यादा होती है। वैसे स्थलों पर गोल्डेन आवर दुर्घटना के दौरान समुचित चिकित्सीय व्यवस्था करने हेतु निदेशित किया गया। नगर विकास एवं आवास विभाग को जेब्रा क्रॉसिंग का पेन्टिंग, स्ट्रीट लाईट का स्थापन, सी.सी.टी.भी. कैमरा का अधिष्ठापन, वेन्डिंग जोन का स्थापना करने हेतु निदेशित किया गया। ग्रामीण कार्य विभाग, पथ निर्माण विभाग को स्पीड लिमिट साईन बोर्ड का स्थापना एवं अन्य प्रकार के साईन बोर्ड की लगाने, स्ट्रीट लाईट लाईन लगाने, क्रेश बेरियर का अधिष्ठापन, क्षतिग्रस्त पुल-पुलिया, सड़कों की मरम्मति का निदेश जिलाधिकारी के द्वारा दिया गया। इसके साथ ही जिलाधिकारी के द्वारा गुड सेमेरिटन को प्रोत्साहित करने, मोटर वाहन प्रशिक्षण संस्थान प्रोत्साहन योजना की जानकारी आमजन के बीच पहुँचाने हेतु जिला परिवहन पदाधिकारी को निर्देशित किया गया।

मेयर राखी गुप्ता के द्वारा कराया गया 70 लोगों का निःशुल्क आँख का ऑपरेशन

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। उषा श्रीप्रकाश मेमोरियल एजुकेशनल एवं वेलफेयर ट्रस्ट और क्लियर दृष्टि आई केयर के द्वारा 70 लोगों का निशुल्क आंख का ऑपरेशन कराया गया। रविवार के दिन निशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया था। शिविर के माध्यम से लगभग बारह सौ लोगों को चिकित्सीय परामर्श पाया। दवा और चश्मा निशुल्क लोगों को दिया गया था। इससे पहले भी लगातार पांच रविवार को कैंप लगाकर सात हजार से अधिक लोगों को परामर्श दिया गया था। इससे पहले 500 लोगों का निःशुल्क आंख का ऑपरेशन कराया जा चुका है। छपरा नगर निगम की मेयर राखी गुप्ता ने बताया कि यह पहली बार नहीं है कि जनता की सेवा के लिए कैंप लगाकर परामर्श के बाद आंख का ऑपरेशन कराया गया था। मेरे द्वारा चुनाव से पहले और चुनाव के बाद भी लगातार आम जनता के लिए कैंप लगाकर लोगों को सेवा प्रदान किया जा रहा है। अब तक लगभग 500 से अधिक लोगों का मोतियाबिंद का ऑपरेशन निशुल्क कराया जा चुका है।

जिन लोगों को मेजर प्रॉब्लम आंखों से है उन लोगों का ऑपरेशन भी प्राइवेट अस्पताल में कराया गया है। जनता की सेवा में हम तत्पर हैं। आम जनता के हितों के लिए छपरा नगर निगम की बैठक में कई निर्णय लिए गए हैं। छपरा नगर निगम के कई भागों में रोड नाला निर्माण का कार्य शुरू कराया जा चुका है। कल रोड नाला का उद्घाटन हाल ही में मेरे द्वारा किया भी गया है। उन्होंने कहा कि मानसून को देखते हुए सभी ज्यादा जलजमाव वाली जगहों को चिन्हित कर रोड एवं नाला बनाने का कार्य टेंडर प्रक्रिया में है। विभागीय प्रक्रिया में समय लगता है लेकिन अति आवश्यक कार्यों में इन सभी रोड एवं नालों का कार्य जल्द ही शुरू किया जाएगा। आम जनता के हितों के लिए सारे निर्णय लिए गए हैं। सभी वार्डों में एक-एक कर स्ट्रीट लाइट लगाने का कार्य भी किया जा रहा है। आम जनता से अपील है लोगों ने मुझे सर्वाधिक मतों से चुनकर मेयर बनाया है। लोगों की अपेक्षाएं बहुत अधिक है। सभी की अपेक्षाओं पर खड़ा उतरने की कोशिश कर रही हूं। श्री प्रकाश ओनार्मेंट्स के ओनर वरुण प्रकाश राजा ने कहा कि लगातार जनता की सेवा हम लगे हुए है। जनता की सेवा ही मेरा धर्म हैं। जनता की सेवा की बदौलत ही जनता ने हमें छपरा नगर निगम की जिम्मेदारी सौंपी हैं। 25 जुलाई को आंख का ऑपरेशन के लिए लोगों को अखंड ज्योति मस्ती चख आँख अस्पताल भेजा जाएगा। आने वाले दिनों में भी आंख का कैंप लगाया जाएगा, इसकी जानकारी जल्द ही दी जाएगी।

सांसद रूडी के सौजन्य से लगाया निःशुल्क कार्ड पंजीयन कैंप

छपरा। परसा प्रखण्ड के बंनौता पंचायत के सामुदायिक भवन पर प्रधानमंत्री जन आरोगय योजना के तहत आयुष्मान कार्ड बनाने का कैंप सांसद राजीव प्रताप रूडी के सौजन्य से निःशुल्क कार्ड का पंजीकरण कराया गया। इस अवसर पर 165 लोगो का कार्ड बनाने के लिए पंजीकरण कराया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से उपस्थित प्रदेश कार्य समिति सदस्य राकेश सिंह, क्षेत्रीय प्रभारी अनिल सिंह, लोकसभा विषतारक दिलीप सिंह, मुखिया संजीव सिंह ,मंडल अध्यक्ष भूलन जी, महामंत्री संतोष शर्मा, भाजपा नेता मोनू सिंह, राजविकाश, रामबाबू राय, कामेश्वर गुलाम, रितेश, चंदन सहित अनेक लोग उपस्थित थे। इस अवसर पर भाजपा नेता राकेश सिंह ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री जी का सोच है की अब कोई पैसा के आभाव मे भी वह अब अपना इलाज इस आयुष्मान कार्ड से करा सकता है।

सरकार के अपर मुख्य सचिव के के पाठक ने अमनौर के आधा दर्जन विद्यालय का किया निरीक्षण

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। पटना से चलकर सिवान जाने के दौरान बिहार सरकार के अपर मुख्य सचिव के के पाठक ने गुरुवार को एसएच-73 सोनहो-अमनौर पथ के निकट मिलने वाले आधा दर्जन से अधिक विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। सोनहो तख्त ढोरलाही अभिमान ढोरलाही कैथल ढोरलाही नारा हाई स्कूल अमनौर बिद्यालय में मुख्य सचिव पहुँच बिद्यालय के शैक्षणिक गतिविधि बिद्यालय के व्यवस्था साफ सफाई छात्र छात्राओं शिक्षको की उपस्थिति भवन शौचालय आदि का निरीक्षण किया। एक बिद्यालय में लगभग 15 से बीस मिनट तक समय दे रहे थे।वर्ग कक्ष में प्रवेश होकर बच्चों से मिल कर बिद्यालय के पठन पाठन के सम्बंध में पूर्ण जानकारी ले रहे थे।बिद्यालय में शिक्षकों की उपस्थिति पूर्ण रूप से था पर छात्रों की उपस्थिति कम थी। कही कही साफ सफाई बढ़िया नही दिखा।मुख्य सचिव के आगमन की खबर मिलते ही शिक्षा विभाग में अधिकारियों कर्मियों व शिक्षको में हड़कम्प मंच गया।शिक्षको का ध्यान ज्यादा अधिकारियों के मार्ग से जुड़ा रहा कि आखिर वे है कहा। शिक्षको ने कहा कि सर जिस रूप में जाने जा रहे है वैसा बिल्कुल नही है जिस बिद्यालय के ब्यवस्था बढ़िया दिख रहा वहां उन शिक्षको सराहना भी कर रहे है। निरीक्षण के दौरान अन्य अधिकारियों के साथ जिला शिक्षा पदाधिकारी कौशल किशोर ने कहा कि बिद्यालय में शिक्षक छात्र की शत प्रतिशत उपस्थिति शौचालय साफ सफाई गुणवत्तापूर्ण पठन पाठन पर बिशेष जोड़ है।

सम्पादकीय

अविश्वास प्रस्ताव के निहितार्थ

प्रधानमंत्री मोदी और उनकी सरकार के खिलाफ विपक्ष का अविश्वास प्रस्ताव एक राजनीतिक पैंतरा साबित हो सकता है। विपक्ष जानता है और उसे लगातार एहसास रहा है कि लोकसभा में भाजपा-एनडीए को करीब 335 सांसदों का प्रचंड बहुमत हासिल है, जबकि सामान्य बहुमत के लिए 272 सांसदों का समर्थन ही पर्याप्त है। अविश्वास प्रस्ताव के बावजूद न तो मोदी सरकार का पतन होगा और न ही मौजूदा राजनीतिक परिदृश्य बदलेगा। अलबत्ता अविश्वास प्रस्ताव के कारण प्रधानमंत्री को कमोबेश लोकसभा में अपना वक्तव्य देने को बाध्य जरूर होना पड़ेगा। जाहिर है कि वह मणिपुर पर जरूर बोलेंगे, लेकिन राजस्थान, बंगाल, बिहार और छत्तीसगढ़ में भी महिलाओं के अलावा नौजवानों को निर्वस्त्र होने को विवश किया गया, दूसरे यौन अपराध भी किए गए, प्रधानमंत्री उन पहलुओं को भी जरूर सदन में रखेंगे। विपक्ष की कुल राजनीति यह है कि प्रधानमंत्री मणिपुर समेत पूर्वोत्तर राज्यों के हालात पर अपनी सरकार का पक्ष रखें, ताकि उसके पलटजवाब में विपक्ष अपनी दलीलें और अपने तथ्य पेश कर प्रधानमंत्री की घेराबंदी कर सके और 2024 की राजनीति को जिंदा रखा जा सके। विपक्ष का मणिपुर के प्रति अचानक आकर्षण बढ़ा है, जबकि इतिहास गवाह है कि उग्रवाद के चरम दौर में हालात इतने विस्फोटक और हिंसक थे कि भारत की वायुसेना को हस्तक्षेप करना पड़ा था।

तब देश की प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी थीं। मणिपुर में म्यांमार, थाईलैंड आदि देशों के ड्रग सिंडिकेट और अवैध हथियारों के सौदेबाज सक्रिय रहे हैं। अभी तीन दिन पहले म्यांमार से 718 घुसपैठियों ने मणिपुर में अवैध प्रवेश किया है। विपक्ष ने यह मुद्दा कभी, क्यों नहीं उठाया। शायद अविश्वास की बहस के दौरान विपक्ष को याद आ जाए कि इंडिया के एक हिस्से की स्थितियों का सच यह भी है। दरअसल मणिपुर के जरिए विपक्ष सियासी बिसात बिछा कर प्रधानमंत्री मोदी और उनकी भाजपा को शिकस्त देना चाहता है, जो फिलहाल संभव नहीं लगता। कांग्रेस नेतृत्व के ही विपक्ष ने 20 जुलाई, 2018 को भी मोदी सरकार के खिलाफ पहला अविश्वास प्रस्ताव पेश किया था, लेकिन सत्ता-पक्ष को 325 और विपक्ष को 126 वोट मिले थे। अविश्वास का निष्कर्ष सामने था। यदि विपक्ष इस बार भी अविश्वास प्रस्ताव लाता है, तो पहला विशेषाधिकार स्पीकर का है कि वह प्रस्ताव को स्वीकृति दें अथवा नहीं। यह किसी संवैधानिक, तकनीकी आधार पर ही अस्वीकृत किया जा सकेगा। विपक्ष की रणनीति यह है कि नवगठित इंडिया गठबंधन को लेकर प्रधानमंत्री ने जो तुलनाएं की हैं, उसके मद्देनजर भी प्रचार किया जाए कि प्रधानमंत्री ने परोक्ष रूप से भारत देश की निंदा की है। अपमान किया है। हालांकि गठबंधन का संक्षिप्त नामकरण इंडिया या भारत का पर्यायवाची नहीं है, लेकिन विपक्ष इस मास्टर स्ट्रोक नामकरण के जरिए भी भावुक राजनीति करना चाहता है।

इसका कोई व्यापक राष्ट्रवादी प्रभाव पड़ेगा, हमें ऐसा नहीं लगता। हालांकि इस शब्द और मुद्दे पर विपक्ष को सत्ता-पक्ष और खासकर प्रधानमंत्री की ओर से तार्किक प्रहार झेलने पड़ सकते हैं। बहरहाल विपक्ष के विभिन्न 50 लोकसभा सांसद अविश्वास प्रस्ताव के नोटिस देंगे अथवा दे दिए होंगे! कांग्रेस ने तीन लाइन का व्हिप भी जारी कर दिया है। पूर्व यूपीए-कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी का बुधवार को संसदीय दल की बैठक को संबोधित करना भी तय किया गया है। अविश्वास की राजनीति को शिद्दत से खेलने की पूरी तैयारी है। अविश्वास प्रस्ताव लोकसभा में ही प्रभावी होता है, क्योंकि सभी सांसद प्रत्यक्ष तौर पर जनता के वोट से निर्वाचित होकर सदन में आते हैं। राज्यसभा देश के विभिन्न राज्यों का सदन है। अक्सर केंद्र सरकारों का राज्यसभा में बहुमत नहीं होता। भाजपा-एनडीए का भी नहीं है, लेकिन उनके सांसदों की संख्या सर्वाधिक है। उच्च सदन में किसी भी प्रस्ताव पर बहुमत या अल्पमत से सरकार का निर्धारण नहीं होता, लिहाजा अब भी पूरी ताकत लोकसभा में झोंकी हुई है। अविश्वास महज एक राजनीतिक कोशिश है।

गरीब, अमीर और विकास

पीके खुराना

भारत एक विकासशील देश है, और यह बहस का मुद्दा है कि हम अभी तक विकासशील देश ही क्यों हैं? हमारे देश में गरीबी रेखा से नीचे के लोगों की संख्या बहुत बड़ी है, समृद्धि इनके लिए एक सपना मात्र है। एक औसत भारतीय के मुकाबले में एक अमरीकी नागरिक 30 गुना ज्यादा, दक्षिण कोरिया का निवासी 15 गुना ज्यादा, पुर्तगाल और ग्रीस का निवासी 10 गुना ज्यादा और चीनी नागरिक 5 गुना ज्यादा कमाता है। ऐसा क्यों है? इस पर गंभीर मनन की आवश्यकता है। आज हम विकसित देश बनने का प्रयत्न कर रहे हैं। सरकार इसके लिए तरह-तरह की योजनाएं बनाती है, लेकिन इतनी योजनाओं के बावजूद देश से गरीबी दूर नहीं हुई। आज जब हमें एक स्मार्ट कंट्री होना चाहिए था, हम सिर्फ कुछ स्मार्ट शहरों से ही संतुष्ट होने के लिए विवश हैं। दरअसल, हमारे देश के पिछड़ेपन का एक बड़ा कारण हमारी शिक्षा प्रणाली है। हमारे शिक्षाविद, शिक्षा सुधार के नाम पर इसे और बोझिल बनाए दे रहे हैं। हमारी शिक्षा प्रणाली अक्षम है क्योंकि यह असुरक्षा की भावना जागृत करती है। बच्चा जब बड़ा होने लगता है तो वह दुनिया को उत्सुकता से देखता है और हर चीज फटाफट सीखने की जल्दी में होता है। हमारी शिक्षा प्रणाली उसकी उत्सुकता का जवाब बनने के बजाय उसकी उत्सुकता को दबाने का प्रयास करती है। दुनिया का कोई भी काम हम बिना गलतियां किए नहीं सीख सकते, तो भी हमारी शिक्षा प्रणाली बच्चों को गलतियां करने पर सजा देती है और उनमें हमेशा के लिए असुरक्षा की भावना भर देती है।

हमारी शिक्षा प्रणाली में वित्तीय शिक्षा शामिल नहीं है। वित्त के नाम पर हमारे देश में एकाउंटिंग, यानी लेखा-जोखा और उसके विश्लेषण की ही शिक्षा दी जाती है। हमारी शिक्षा प्रणाली में उस वित्तीय दृष्टि का अभाव है जो व्यक्ति को अपने समय, योग्यता और धन का उपयोग करना सिखाए। उदाहरणार्थ, यदि किसी कंपनी का कर्मचारी अथवा मैनेजर एक निश्चित समय के बाद भी अपने काम पर नहीं आएगा तो उसकी आय बंद हो जाएगी, परंतु कंपनी के मालिक का हाल भी इससे अलग नहीं है। यदि कंपनी का मालिक कंपनी के व्यवसाय की ओर ध्यान नहीं देगा तो न केवल उसकी कंपनी बंद हो जाएगी बल्कि उस पर कर्ज भी चढ़ जाएगा। वस्तुतः कंपनी का मालिक भी एक ऐसा मजदूर है जिसे अन्य कर्मचारियों की अपेक्षा सिर्फ ज्यादा वेतन मिलता है। हमारी शिक्षा हमें शारीरिक श्रम से मुक्त नहीं करती, हमें पैसे से पैसा बनाना नहीं सिखाती। सच्चे उद्यमी को अपना व्यवसाय चलाने के लिए शारीरिक रूप से उपस्थित होने की आवश्यकता नहीं पड़ती। बहुराष्ट्रीय कंपनियां एक साथ कई-कई देशों में चलती हैं लेकिन उनके मालिकान हर जगह नहीं बैठते, वहां व्यवसायी एक निवेशक के रूप में अपने पैसे से पैसा कमाता है। व्यवसाय में छोटे से छोटे स्तर पर भी इसे लागू किया जा सकता है। उसके लिए सिर्फ धीरज, साहस और कल्पना की आवश्यकता होती है।

इसे कुछ उदाहरणों से समझा जा सकता है। मकान या दुकान किराये पर देकर, रिक्शा या वाहन किराये पर देकर, घर अथवा दुकान की छत पर टावर लगवा कर, हम हर माह सुनिश्चित आय प्राप्त कर सकते हैं और इसके लिए हमें पूरा महीना किसी एक स्थान पर बंध कर रहने की आवश्यकता नहीं होती। यह निष्क्रिय आय है और यही वह आय है जिसके दम पर आप सदैव कार्यमुक्त जीवन बिता सकते हैं। समृद्धि का यह एक निश्चित रास्ता है। समृद्ध लोगों का देश ही विकसित देश या स्मार्ट कंट्री बन सकता है, पर पहले हमें गरीबी, अमीरी और समृद्धि के अंतर को समझना आवश्यक है। शायद आपको यह जानकर आश्चर्य होगा कि बहुत से करोड़पति लोग भी गरीबी का जीवन जीते हैं। विरासत में मिले कीमती मकान में रह रहा कोई व्यक्ति अपनी कम मासिक आय के कारण आर्थिक रूप से कठिनाई में हो सकता है। राशन का खर्च, बच्चों की शिक्षा का खर्च, चिकित्सा पर होने वाला खर्च आदि आवश्यक खर्च हैं। ऐसा हर व्यक्ति गरीब है जो अपनी रोजाना की आवश्यकताओं की पूर्ति में परेशानी महसूस करता है। गरीबी से अमीरी और अमीरी से समृद्धि की यात्रा आसान नहीं है, इसका कोई तुरत-फुरत इलाज का नुस्खा भी नहीं है। लेकिन समृद्धि के लक्ष्य की प्राप्ति असंभव नहीं है। वह हर व्यक्ति अमीर होता है जिसका मासिक खर्च उसकी नियमित मासिक आय से कम हो, लेकिन यदि वह व्यक्ति लंबी छुट्टी पर चला जाए, किसी गंभीर बीमारी का शिकार हो जाए और काम करना बंद कर दे तो उसकी आय बंद हो जाएगी और वह शीघ्र ही गरीबों की श्रेणी में शामिल हो जाएगा। इसके विपरीत निष्क्रिय आय ऐसी आय है जिसमें हमारी शारीरिक उपस्थिति की आवश्यकता न हो। ऐसी आय जब हमारे मासिक खर्च से अधिक हो जाए, यानी निष्क्रिय आय इतनी बढ़ जाए कि केवल उसी आय से हमारे मासिक खर्च पूरे होने लग जाएं तो हम समृद्ध बन जाते हैं और हमें काम करने की विवशता समाप्त हो जाती है। फिर यदि हम काम करें भी तो वह हमारी इच्छा पर निर्भर करता है। देश का विकास तभी संभव है जब देश की अधिकांश जनता समृद्ध हो। पाठ्यक्रमों में शुरू से ही बच्चों को गरीबी, अमीरी और समृद्धि का अंतर शामिल होना चाहिए। समृद्ध व्यक्ति अपने स्वास्थ्य की देखभाल कर सकता है।

हर जगह हो रहा हंगामा संसदीय लोकतंत्र पर सवाल खड़े कर रहा

भारत की संसदीय प्रणाली दुनिया में लोकप्रिय एवं आदर्श है, बावजूद इसके सत्ता की आकांक्षा एवं राजनीतिक मतभेदों के चलते लगातार संसदीय प्रणाली को धुंधलाने की घटनाएं होते रहना दुर्भाग्यपूर्ण है। अब संसद की कार्रवाई को बाधित करना एवं संसदीय गतिरोध आमबात हो गयी है। न केवल संसद बल्कि राज्यों की विधानसभाओं में समुचित रूप से विधायी कार्य न हो पाना दुर्भाग्यपूर्ण है। संसद एवं विधानसभाएं ऐसे मंच हैं जहां विरोधी पक्ष के सांसद एवं विधायक आलोचना एवं विरोध प्रकट करने के लिये स्वतंत्र होते हैं, लेकिन विरोध प्रकट करने का असंसदीय एवं आक्रामक तरीका, सत्तापक्ष एवं विपक्ष के बीच तकरार और इन स्थितियों से उत्पन्न संसदीय गतिरोध लोकतंत्र की गरिमा को धुंधलाने वाले हैं। अपने विरोध को विराट बनाने के लिये सार्थक बहस की बजाय शोर-शराबा और नारेबाजी की स्थितियां कैसे लोकतांत्रिक कही जा सकती है? दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश की विधायिकाओं में जो दृश्य देखने को मिल रहे हैं।

ललित गर्ग
लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं

दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश की विधायिकाओं में जो दृश्य देखने को मिल रहे हैं, वे सचमुच चिंताजनक हैं। हालत यह है कि हंगामे व शोर-शराबों के दौर में न संसद का सत्र चल पा रहा है और न ही राज्यों की विधानसभाएं।

भारत की संसदीय प्रणाली दुनिया में लोकप्रिय एवं आदर्श है, बावजूद इसके सत्ता की आकांक्षा एवं राजनीतिक मतभेदों के चलते लगातार संसदीय प्रणाली को धुंधलाने की घटनाएं होते रहना दुर्भाग्यपूर्ण है। अब संसद की कार्रवाई को बाधित करना एवं संसदीय गतिरोध आमबात हो गयी है। न केवल संसद बल्कि राज्यों की विधानसभाओं में समुचित रूप से विधायी कार्य न हो पाना दुर्भाग्यपूर्ण है। संसद एवं विधानसभाएं ऐसे मंच हैं जहां विरोधी पक्ष के सांसद एवं विधायक आलोचना एवं विरोध प्रकट करने के लिये स्वतंत्र होते हैं, लेकिन विरोध प्रकट करने का असंसदीय एवं आक्रामक तरीका, सत्तापक्ष एवं विपक्ष के बीच तकरार और इन स्थितियों से उत्पन्न संसदीय गतिरोध लोकतंत्र की गरिमा को धुंधलाने वाले हैं। अपने विरोध को विराट बनाने के लिये सार्थक बहस की बजाय शोर-शराबा और नारेबाजी की स्थितियां कैसे लोकतांत्रिक कही जा सकती है? दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश की विधायिकाओं में जो दृश्य देखने को मिल रहे हैं, वे सचमुच चिंताजनक हैं। हालत यह है कि हंगामे व शोर-शराबों के दौर में न संसद का सत्र चल पा रहा है और न ही राज्यों की विधानसभाएं। संसद से लेकर राज्यों की विधानसभाओं तक तस्वीर एक जैसी सामने आ रही है। राज्यसभा के सभापति ने आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह को अमर्यादित आचरण के आरोप में पूरे सत्र के लिए, तो राजस्थान में भी तीन दिन पहले तक मंत्री रहे राजेन्द्र गुढ़ा और विपक्षी दल भाजपा के विधायक मदन दिलावर को शेष सत्र के लिए निलम्बित कर दिया गया। संसद में हुड़दंग मचाने, अभद्रता प्रदर्शित करने एवं हिंसक घटनाओं को बल देने के परिदृश्य बार-बार उपस्थित होते रहना भारतीय लोकतंत्र की गरिमा से खिलवाड़ ही माना जायेगा। सफल लोकतंत्र के लिए सत्ता पक्ष के साथ ही मजबूत विपक्ष की भी जरूरत होती है। लेकिन पक्ष एवं विपक्ष दोनों ही लोकतंत्र को दूषित करने में लगे हैं।

यह देखना दुखद, दयनीय और शर्मनाक है कि मणिपुर को लेकर देश-दुनिया में तो चर्चा हो रही है, लेकिन भारत की संसद में नहीं। यह चर्चा न हो पाने के लिए जिम्मेदार है क्षुद्र राजनीति और एक-दूसरे को कठघरे में खड़ा करने की प्रवृत्ति। संसद के तीन दिन बर्बाद हो गए, लेकिन मणिपुर पर चर्चा शुरू नहीं हो सकी। विपक्ष गृहमंत्री से पहले प्रधानमंत्री का वक्तव्य चाहता है। यह जिद चर्चा से बचने का बहाना ही अधिक जान पड़ती है, क्योंकि एक तो प्रधानमंत्री मणिपुर की घटना पर पहले ही बोल चुके हैं और दूसरे, सत्तापक्ष की ओर से यह नहीं कहा गया कि वह आगे इस विषय पर कुछ नहीं कहने वाले। लेकिन विपक्ष ने ठान लिया है कि वही होना चाहिए, जो उसकी ओर से कहा जा रहा है। जबकि सत्तापक्ष की ओर से बार-बार यह कहा जा रहा है कि मणिपुर सहित अन्य जरूरी मुद्दों पर यदि चर्चा के लिए समय कम पड़ा और उसे बढ़ाने की आवश्यकता पड़ी तो यह काम किया जा सकता है, इससे यही प्रतीत होता है कि विपक्ष संसद में ऐसा माहौल बना देना चाहता है कि आम जनता को लगे कि सरकार मणिपुर पर चर्चा करने से बच रही है। शायद इसीलिए विपक्षी नेता संसद परिसर में प्रदर्शन करने और दोनों सदनों में नारेबाजी को अतिरिक्त प्राथमिकता दे रहे हैं। लगभग ऐसी ही स्थितियां मध्य प्रदेश और राजस्थान की विधानसभाओं में देखने को मिल रही हैं। मध्यप्रदेश और राजस्थान दोनों ही राज्यों में चार माह बाद ही विधानसभा चुनाव होने हैं। मध्यप्रदेश में तो विधानसभा के आखिरी सत्र में पांच बैठकें होनी थीं लेकिन शोर-शराबे के हालात ऐसे रहे कि दो बैठकों के बाद ही मानसून सत्र समाप्त कर दिया गया। वैसे तो यह कोई नई बात नहीं है। देश की अधिकांश विधानसभाएं हंगामे और शोरगुल में ही डूबी रहती हैं, बिना कामकाज किये सम्पन्न हो जाती हैं। ऐसे में सवाल यही उठता है कि क्या यह सबसे बड़े लोकतंत्र की निशानी है? राजनीतिक दल और राजनेता यह अच्छी तरह से जानते हैं कि देश की संसद और विधानसभाएं राजनीति करने का मंच नहीं हैं। कानून बनाने, विकास की योजनाओं को लागू करने और उनको मजबूती देने के साथ जनसमस्याओं पर चर्चा कर उनका समाधान निकालने के लिए बने लोकतंत्र के ये पवित्र मंदिर हैं। सत्तारुढ़ दल और विपक्षी दल एक-दूसरे को नीचा दिखाने की होड़ में रहते हैं और इसी में सदनों का कीमती समय एवं जनता की गाढ़ी कमाई के अरबों रुपए हर साल खर्च एवं बर्बाद हो जाता है। जनता के पैसे से ही विधायक-सांसदों के वेतन-भत्ते और सुविधाएं उठाने वाले जनप्रतिनिधि उसी जनता की आवाज सदन में नहीं उठाएं तो क्या यह जनता के साथ धोखा नहीं?

कितना दुखद प्रतीत होता है जब कई-कई दिन संसद में ढंग से काम नहीं हो पाता है। विवादों का ऐसा सिलसिला खड़ा कर दिया जाता है कि संसद में सारी शालीनता एवं मयार्दा को ताक पर रख दिया जाता है। विवाद तो संसद में भी होते हैं और सड़क पर भी। लेकिन संसद को सड़क तो नहीं बनने दिया जा सकता? वैसे, भारतीय संसदीय इतिहास में ऐसे अवसर बार-बार आते हैं, जब परस्पर संघर्ष के तत्व ज्यादा और समन्वय एवं सौहार्द की कोशिशें बहुत कम नजर आती है। स्पष्ट है कि यदि दोनों पक्ष अपने-अपने रवैये पर अडिग रहते हैं तो संसद का चलना मुश्किल ही होगा। यदि वह चलती भी है, चर्चा होती है तो भी लगता नहीं कि वह स्तरीय और देश को आश्वस्त करने वाली होगी, क्योंकि सभी राजनीतिक दल राजनीतिक लाभ की रोटियां सेंकने के फेर में दिख रहे हैं। फिर विधानसभा चुनाव एवं आम चुनाव सामने होने की वजह से सभी कोई एक-दूसरे पर दोषारोपण कर जनता को गुमराह करना चाहते हैं। लेकिन राजनीतिक दल एक-दूसरे पर आरोप लगाने में चाहे जितनी ऊर्जा खपाएं, वे देश को निराश करने का ही काम कर रहे हैं। वास्तव में संसद में गंभीरता जताने के नाम पर जो कुछ हो रहा है, वह किसी तमाशे से कम नहीं।

यह तमाशा देश को लज्जित एवं शर्मसार करने वाला है। आग्रह, पूर्वाग्रह और दुराग्रह- इसी से भारतीय राजनीति ग्रस्त हैं, ऐसे राजनेता गिनती के मिलेंगे जो इन तीनों स्थितियों से बाहर निकलकर जी रहे हैं। पर जब हम आज राष्ट्र की विधायी संचालन में लगे अगुओं को देखते हैं तो किसी को इनसे मुक्त नहीं पाते। आजादी के अमृतकाल तक पहुंचने के बावजूद लोकतंत्र के सारथियों में परिपक्वता नहीं पनप पा रही हैं, साफ चरित्र जन्म नहीं ले पाया है, लोकतंत्र को हांकने के लिये हम प्रशिक्षित नहीं हो पाये हैं। उसका बीजवपन नहीं हुआ या खाद-पानी का सिंचन नहीं हुआ। आज आग्रह पल रहे हैं-पूर्वाग्रहित के बिना कोई विचार अभिव्यक्ति नहीं और कभी निजी और कभी दलगत स्वार्थ के लिए दुराग्रही हो जाते हैं। कल्पना सभी रामराज्य की करते हैं पर रचा रहे हैं महाभारत। विपक्षी दल अनावश्यक आक्रामकता का परिचय देंगे तो सरकार उन्हें उसी की भाषा में जवाब देगी- कैसे संसदीय गरिमा कायम हो सकेगी? इसका सीधा मतलब है कि संसद में विधायी कामकाज कम, हल्ला-गुल्ला ज्यादा होता रहेगा। कायदे से इस अप्रिय स्थिति से बचा जाना चाहिए। यह एक बड़ा सच है कि संसदीय प्रक्रिया एक जटिल व्यवस्था है और इसे बार-बार परीक्षाओं से गुजरना पड़ता है। लोकतंत्र पहले भी बड़ी परीक्षाओं से गुजरकर निखरा है और लोगों को यही उम्मीद है कि अमृतकाल में भारतीय लोकतंत्र को हांकने वाले लोग परिवक्व होंगे, भारतीय लोकतंत्र इन दुर्भाग्यपूर्ण एवं विडम्बनापूर्ण त्रासदियों से बाहर आयेगा। संसदीय लोकतंत्र की अपनी मयार्दाएं हैं, वह पक्ष-विपक्ष की शर्तों से नहीं, आपसी समझबूझ, मूल्यों एवं आपसी सहमति की राजनीति से चलता है। एक तरह से साबित हो गया, भारतीय राजनीति में परस्पर विरोध कितना जड़ एवं अव्यावहारिक है। राजनीति की रफ्तार तेज है, लेकिन कहीं ठहरकर सोचना भी चाहिए कि लोकसभा, राज्यसभा एवं विधानसभाओं में थोड़ा सा समय विरोध-प्रतिरोध के लिए हो और ज्यादा से ज्यादा समय देश एवं प्रांतों के तेज विकास एवं देश निर्माण की चचाओं एवं योजनाओं में लगें।

सिर्फ दिल्ली में बैठ कर अपील करने से शांत नहीं होगा मणिपुर, केंद्र को कई कदम उठाने होंगे

मणिपुर देश के पूर्वोत्तर में स्थित एक महत्वपूर्ण राज्य है। जिसकी सीमा पड़ोसी देश म्यांमार से लगती है। पिछले 3 महीनों से मणिपुर राज्य अंदरूनी हिंसा से जूझ रहा है। यहां की आबादी के दो प्रमुख समुदाय मैतई व कुकी जनजाति के मध्य जातीय संघर्ष छिड़ा हुआ है। जिसमें अब तक सरकारी आंकड़ों के अनुसार 160 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है व 450 लोग घायल हो चुके हैं। तीन महीने बीत जाने के बाद भी आपसी संघर्ष रुकने का नाम नहीं ले रहा है। मणिपुर में 2017 से भाजपा के एन बीरेन सिंह मुख्यमंत्री हैं। लेकिन इस समय एन बीरेन सिंह की सरकार वहां की हिंसा पर नियंत्रण करने पर पूरी तरह से विफल साबित हो रही है। हर दिन हो रही आपसी मारकाट के चलते मणिपुर का जनजीवन पूरी तरह से ठप्प हो गया है। हाल ही में एक पुरानी घटना का वीडियो सामने आया था। जिसमें कुछ महिलाओं के साथ बलात्कार कर उनको नंगा घुमाया गया था। इस घटना के सामने आने के बाद पूरा देश खुद को शर्मसार महसूस कर रहा है।

राकेश कुमार वर्मा
स्वतंत्र पत्रकार/स्तम्भकार

मणिपुर में चल रही अशांति के चलते मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह कुछ समय पूर्व राज्यपाल को अपना इस्तीफा सौंपने जा रहे थे तो रास्ते में महिलाओं के समूह ने एकत्रित होकर उनके इस्तीफे को छीनकर फाड़ दिया था। मणिपुर देश के पूर्वोत्तर में स्थित एक महत्वपूर्ण राज्य है। जिसकी सीमा पड़ोसी देश म्यांमार से लगती है। पिछले 3 महीनों से मणिपुर राज्य अंदरूनी हिंसा से जूझ रहा है। यहां की आबादी के दो प्रमुख समुदाय मैतई व कुकी जनजाति के मध्य जातीय संघर्ष छिड़ा हुआ है। जिसमें अब तक सरकारी आंकड़ों के अनुसार 160 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है व 450 लोग घायल हो चुके हैं। तीन महीने बीत जाने के बाद भी आपसी संघर्ष रुकने का नाम नहीं ले रहा है। मणिपुर में 2017 से भाजपा के एन बीरेन सिंह मुख्यमंत्री हैं। लेकिन इस समय एन बीरेन सिंह की सरकार वहां की हिंसा पर नियंत्रण करने पर पूरी तरह से विफल साबित हो रही है। हर दिन हो रही आपसी मारकाट के चलते मणिपुर का जनजीवन पूरी तरह से ठप्प हो गया है। हाल ही में एक पुरानी घटना का वीडियो सामने आया था। जिसमें कुछ महिलाओं के साथ बलात्कार कर उनको नंगा घुमाया गया था। इस घटना के सामने आने के बाद पूरा देश खुद को शर्मसार महसूस कर रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने भी इस घटना पर स्वतः प्रसंज्ञान लेते हुए केंद्र व राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि मणिपुर में शांति बहाली की दिशा में त्वरित कार्यवाही की जाए। विपक्षी दलों के नेता लंबे समय से मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग कर रहे हैं। प्रदेश में चल रही अशांति के चलते मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह कुछ समय पूर्व राज्यपाल को अपना इस्तीफा सौंपने जा रहे थे तो रास्ते में महिलाओं के समूह ने एकत्रित होकर उनके इस्तीफे को छीनकर फाड़ दिया था। विपक्ष द्वारा उस घटना को सरकार द्वारा प्रायोजित घटना बताया गया। वहीं उस घटना के बाद मुख्यमंत्री ने कहा था कि वह प्रदेश को आपसी संघर्ष की आग में जलता हुआ छोड़कर अपनी जिम्मेदारी से मुंह नहीं मोड़ेंगे।

सुप्रीम कोर्ट के प्रसंज्ञान के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी मणिपुर की घटनाओं की निंदा करते हुए गहरा दुख प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा। मणिपुर की पुलिस भी आपसी जातीय गुटों में बंट चुकी है। पुलिस के जवान पुलिस थानों से आधुनिक हथियार छीनकर एक दूसरे के खिलाफ उपयोग कर रहे हैं। राज्य सरकार शांति बहाली की प्रक्रिया में पूरी तरह असफल रही है। ऐसे में केंद्र सरकार को त्वरित कार्रवाई करते हुए मणिपुर में शांति बहाली की दिशा में तेजी से काम करना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को स्वयं आगे आकर सभी विपक्षी दलों के नेताओं से मणिपुर की स्थिति को लेकर चर्चा कर उनके सुझाव लेने चाहिए। मणिपुर से म्यांमार की 350 किलोमीटर लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमा लगती है। जिसके ज्यादातर हिस्से में किसी तरह की फेंसिंग नहीं होने के कारण लोगों का बिना किसी डर के आना जाना लगा रहता है। म्यांमार में सेना द्वारा तख्ता पलटने के बाद बड़ी संख्या में वहां से शरणार्थियों ने पलायन कर मणिपुर में घुसपैठ कर ली है। जिससे भी मणिपुर की स्थिति और अधिक खराब हो गयी है। म्यांमार से आने वाले शरणार्थियों का मणिपुर के कुकी लोगों के साथ जुड़ाव होने के चलते मैतई लोगों में भय है कि शरणार्थियों के कारण कुकी लोगों की आबादी बढ़ने से वह बहुसंख्यक बन जाएंगे। मणिपुर की आबादी करीब 38 लाख है। यहां तीन प्रमुख समुदाय मैतेई, कुकी और नगा हैं। मैतई ज्यादातर हिंदू हैं। कुकी-नगा ईसाई हैं व एसटी वर्ग में आते हैं। मैतई आबादी करीब 55 प्रतिशत है जो इम्फाल घाटी में रहते हैं। वहीं कुकी-नगा आबादी करीब 45 प्रतिशत है। जो ज्यादातर पहाड़ों में रहते हैं। मैतई समुदाय ने मणिपुर हाईकोर्ट में याचिका लगाकर उन्हें भी जनजाति का दर्जा देने की मांग की थी। उनकी दलील थी कि 1949 में मणिपुर का भारत में विलय होने से पहले उन्हें जनजाति का दर्जा मिला हुआ था। इसके बाद हाई कोर्ट ने राज्य सरकार से सिफारिश की थी कि मैतेई को अनुसूचित जनजाति में शामिल किया जाए। नगा-कुकी दोनों जनजाति मैतई समुदाय को आरक्षण देने के विरोध में हैं। आदिवासी समूहों को डर है कि यदि मैतई को विशेष दर्जा मिलता है तो उनका पहाड़ी क्षेत्रों पर भी कब्जा हो जाएगा। इनका कहना है कि राज्य की 60 में से 40 विधानसभा सीट पहले से मैतई बहुल इम्फाल घाटी में हैं। ऐसे में मैतई को एसटी का आरक्षण मिलने से उनके अधिकारों का बंटवारा होगा। मणिपुर के 60 में से 40 विधायक मैतई और 20 विधायक नगा-कुकी जनजाति से हैं। अब तक 12 में से दो ही मुख्यमंत्री नगा, कुकी जनजाति से रहे हैं।

मैतई और कुकी कि अलग-अलग संस्कृति और परंपरा है। विवाद के मूल कारण पहाड़ी बनाम घाटी की पहचान का संघर्ष और समान विकास नहीं होना है। मैतई राजनीतिक प्रभुत्व वाला समुदाय है जिनके कारण राज्य का विकास घाटी तक ही सीमित है। सरकारी नौकरियों में भी मैतई समुदाय का प्रभुत्व अधिक है। राज्य के कानून के कारण मैतई समुदाय के लोग पहाड़ों में जमीन नहीं खरीद सकते हैं। जबकि कुकी सहित अन्य जनजाति समूह के लोग राज्य के किसी भी हिस्से में जमीन खरीद सकते हैं। इसी कारण से मैतई लोगों को लगता है कि राज्य के कानून में जनजातियों को उनकी आबादी की तुलना में अधिक लाभ प्रदान किए गए हैं। मणिपुर में चल रहे आपसी जाति युद्ध को समाप्त करने के लिए केंद्र सरकार को मणिपुर के सभी समुदायों में विश्वास पैदा करना होगा। केंद्र सरकार को वहां के लोगों को यह बताना होगा कि किसी भी जाति, धर्म, समुदाय के लोगों के साथ भेदभाव नहीं होगा। उनके अधिकारों का किसी भी सूरत में हनन नहीं होने दिया जाएगा। केंद्र सरकार के बड़े नेताओं को मणिपुर जाकर शांति बहाली के प्रयास करने चाहिए। आज मणिपुर में हिंसा की आग इतनी तेज हो गई है कि कोई भी राजनीतिक दल या नेता दिल्ली में बैठकर मणिपुर में शांति बहाल नहीं कर सकता है। अब तो मणिपुर के पड़ोसी राज्यों के मुख्यमंत्री भी मणिपुर में चल रही हिंसा को लेकर चिंता जाहिर करने लगे हैं। उन्हें भी डर है कि यदि मणिपुर में भड़की हिंसा पर शीघ्र ही काबू नहीं पाया गया तो धीरे-धीरे उसका असर पड़ोसी राज्यों के लोगों पर भी पड़ने लगेगा। जिससे वहां भी कानून व्यवस्था की स्थिति खराब हो सकती है। विपक्षी दलों का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जो हमेशा शांति व भाईचारे की बातें करते हैं। वह पिछले तीन महीने से मणिपुर को लेकर चुप क्यों हैं। प्रधानमंत्री मोदी को मणिपुर की हिंसा को रोकने के लिए मणिपुर का दौरा कर वहां के लोगों से बात करनी चाहिए। उन्हें विश्वास देना चाहिए कि केंद्र सरकार वहां के लोगों के अधिकारों में किसी भी तरह की कटौती नहीं होने देगी। गृह मंत्री अमित शाह मई महीने में मणिपुर का दौरा कर विभिन्न समुदायों के लोगों से मिल चुके हैं।

मोदी को कितनी टक्कर देगा विपक्ष का इंडिया

रमेश सर्राफ धमोरा

पिछले नौ वर्षों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा नीत एनडीए गठबंधन को चुनौती देने के लिए कांग्रेस सहित देश के 26 विपक्षी दलों के नेताओं ने एक नए राजनीतिक गठबंधन बनाने की घोषणा की है। बेंगलुरु में आयोजित विपक्षी दलों की बैठक में शामिल हुए दलों ने कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूपीए के स्थान पर इंडियन नेशनल डेवलपमेंट इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया) के नाम पर एक नया गठबंधन बनाया है। विपक्ष के इंडिया गठबंधन के संयोजक की घोषणा अभी तक नहीं हो पाई है। विपक्ष का कहना है कि उनका इंडिया गठबंधन पहले के यूपीए की तुलना में अधिक मजबूत है। इसमें ऐसे राजनीतिक दल भी शामिल है जो अभी तक आपस में एक दूसरे के विरोधी रहे हैं। कांग्रेस के धुर विरोधी रहे अरविंद केजरीवाल इंडिया गठबंधन में शामिल है। पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी के कट्टर विरोधी वामपंथी दल व कांग्रेस भी इंडिया गठबंधन में एक साथ शामिल हुए है। केरल में आमने-सामने चुनाव लड़ने वाली कांग्रेस व वामपंथी दल एकजुट नजर आ रहे हैं।

इंडिया गठबंधन में कांग्रे

संक्षिप्त खबरें

मुखिया ने किया आंगनवाड़ी भवन का उद्घाटन

मुजफ्फरपुर ।ग्राम पंचायत राज नरौली के वार्ड एक स्थित में आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 158 का नवनिर्मित भवन का उद्घाटन बुधवार को मुखिया सोनी कुमारी,वार्ड सदस्य सह विद्यालय शिक्षा समिति के अध्यक्ष अंगूरी कुशवाहा ने संयुक्त रूप से किया. ।उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए मुखिया ने कहा कि सुशासन की सरकार में बच्चों का भविष्य संवारने और उसे कुपोषण से बचाने के लिए आंगनबाड़ी की सेविकाओं को कई तरह के प्रशिक्षण दिए गए हैं ।सेविका के हाथों ही बच्चों का भविष्य है ।.इसे सजाना व संवारना सेविका का कर्तव्य है। सेविका सुनील देवी ने 3-6 साल के बच्चे को आंगनबाड़ी केंद्र भेजने के लिए ग्रामीणों को प्रेरित किया तथा केंद्र संचालन के दौरान बच्चों की देखभाल सही ढंग से करने, बच्चों के बीच मीनू के अनुसार भोजन देने, कुपोषित बच्चे व बच्चियां, गर्भवती व धातृ माताओं के बीच बाल विकास परियोजना के नियमानुसार पोषाहार का वितरण, नियमों का पालन करने की बात कही ।मौके पर प्रधानाध्यापक सुबोध कुमार ,सहायिका उषा कुमारी ,शिक्षक, शिक्षिकाएं एवं ग्रामीण मौजूद थे।

दुर्घटना मे महिला की हुई मौत

बेगूसराय। मंझौल एसएस 55 पर मॉर्निंग वॉक करने निकले मंझौल पंचायत 4 गाँव निवासी नरेश चौधरी की 50 वर्षीया पत्नी रेखा देवी की अज्ञात वाहन की चपेट में आकर दर्दनाक मौत घटना स्थल पर हो गई। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर बेगूसराय सदर अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

सड़क हादसा में दूध विक्रेता की मौत

बेगूसराय। नगर निगम बेगूसराय वार्ड नंबर 8 सिंघौल थाना क्षेत्र के भभीक्षण यादव का पुत्र सुंदर यादव दूध बेचने का काम करता था। वह बीते 19 जुलाई को दूध सेंटर पर से दूध लेकर सड़क को पार कर रहा था। इसी दौरान एक बाइक सवार ने पीछे से जबरदस्त धक्का मार दिया। जिसके कारण वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे गंभीर स्थिति में दूध विक्रेता को उठाकर बेहतर ईलाज के लिए पटना ले जाया गया। जहां उस व्यक्ति ने ईलाज के दौरान दम तोड़ दिया। सिंघौल थाने की पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर बेगूसराय सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम कराकर मृतक के परिजनों को शव सुपुर्द कर दिया और आगे की कार्रवाई में पुलिस जुट गई है।

डूबकर दूधमुहां बच्ची की मौत

बेगूसराय। छौड़ाही ओपी थाना क्षेत्र के एजनी गांव में गुरुवार को 3 साल की एक दूधमूहां बच्ची अपने घर के पास खेल रही थी। इसी दौरान वह नाले के पानी में चली गयी और डूब कर उसकी मौत हो गई। मृतक दुधमुहां बच्ची का नाम गुड़िया कुमारी है।

पुलिस ने बाईक के साथ दो शराब कारोबारी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा

मधुबनी खजौली थानाक्षेत्र के महुआ एकडारा गांव के मुख्य सड़क से खजौली पुलिस ने बाईक के साथ दो शराब कारोबारी को गिरफ्तार कर लिया. गिरफ्तार दोनों शराब कारोबारी को गुरुवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया. गिरफ्तार आरोपी में राजनगर थानाक्षेत्र के सोनवारी गांव निवासी प्रमोद कुमार एवं सीतामढ़ी जिला के पटोरी थाना क्षेत्र के सिलदिरपुर गांव निवासी बबलु कुमार राय शामिल है. एसआई इंद्रदेव सिंह के लिखित आवेदन पर खजौली थाना में एफआईआर दर्ज हुआ है. दर्ज एफआईआर के अनुसार समकालीन अभियान के तहत खजौली पुलिस छापेमारी कर रही थी,. इसी दौरान एकडारा गांव में एक बाइक पर दो युवक सवार था, जो तेज गति से छपराढ़ी गांव की ओर जा रहा था. जब उसे रोकने का प्रयास किया गया तो बाईक गिरा कर भागने लगा. पुलिस पीछा कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया. बाईक की तलासी ली जिसमें से 30 बोतल नेपाली देशी शराब बरामद हुआ।

मंसूरचक में विधानसभा क्षेत्र के भाजपा कोर कमिटी की बैठक

मंसूरचक, बेगूसराय। प्रखंड के मंसूरचक भाजपा मंडल कार्यालय सभागार में भाजपा का विधानसभा क्षेत्र के कोर कमिटी की बैठक मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में हुई ।बैठक को संबोधित करते हुए विधायक सुरेंद्र कुमार मेहता ने कहा कि कोई एक व्यक्ति महान नहीं होता बल्कि कार्यकताओं के जनसमूह की सर्वोपरी होता हैं ।उन्होंने कहा कि भाजपा की आत्मा हैं। कार्यकर्ता विधायक ने कहा कि संगठन विस्तार के बाद सभी कार्यकर्ता अपनी चट्टानी एकता के साथ आम जनमानस में जाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा किये जा रहे विकास योजनाओ से रूबरू करवाने का काम करे। बैठक को जिला कार्यसमिति सदस्य सुधीर कुमार राय मुन्ना, मंडल महामंत्री पप्पू कुमार साह, सुमन कुमार ईश्वर, जिला महामंत्री राकेश पाण्डेय, रोबिन राज सहित अन्य ने भी संबोधित करते हुए संगठन की मजबूती पर बल दिया।

माकपा कार्यकताओं की बैठक आयोजित

09 अगस्त 2023 को मधुबनी सहित पूरे बिहार को सुखा क्षेत्र घोषित करने के सवाल पर मधुबनी समाहरणालय पर धरना प्रदर्शन करने का लिया गया निर्णय

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जयनगर भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी लोकल कमिटी की बैठक उपेन्द्र कुमार यादव की अध्यक्षता पर्यवेक्षक रामजी यादव एवं शशिभूषण प्रसाद की उपस्थिति में बैठक में आयोजित की गई। बैठक में पार्टी सचिव कुमार राणा प्रताप सिंह के द्वारा पार्टी का रिपोर्ट कार्य पेश किया जिस पर सभी ने अपनी सहमति प्रदान किया। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए सचिव कुमार राणा प्रताप सिंह ने बताया कि दिनांक 28 जुलाई 23 को अनुमंडल स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक है । उस बैठक में मुख्य रूप से खाद्यान सम्बंधित विषय पर चर्चा की जाती हैं। पार्टी द्वारा कई बैठक में केन्द्र सरकार द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 जो कानूनी अधिकार के अनुरूप सस्ते दर पर जो अनाज उपलब्ध कराना चाहिए उसे बन्द कर देश के नागरिक को गुमराह किया गया हैं। साथ ही मुफ्त खाद्यान बाट कर खाद्य सुरक्षा कानून को समाप्त करने की योजना केन्द्र सरकार बना रही है। साथ ही अनिश्चित कालीन आशा कार्यकताओं का धरना का समर्थन करने स्वास्थ्य विभाग बिजली विभाग कमला नहर पटवन विभाग द्वारा किसानों के खेत तक पानी पहुचाने पर्याप्त मात्रा में नहर में पानी खोलने नलकूप विभाग के मनमानी समेत अन्य जनसमस्याओं की मांगों को लेकर 31 जुलाई को अनुमंडलीय अस्पताल पर धरना देने एवं 09 अगस्त को मधुबनी के अन्दर पूर्व से घोषित मधुबनी जिला सहित पूरे बिहार को सुखाड़ क्षेत्र घोषित करने के सवालों पर जयनगर की ओर भागीदारी सुनिश्चित करने पार्टी राज्य कोष हर हाल में पूरा करने का प्रस्ताव पारित किया गया। साथ ही मणिपुर में चल रहे खूनी संघर्ष पर रोक लगाने की मांग केन्द्र सरकार की करने समेत अन्य मुद्दों पर विचार विर्मश कर सहमति प्रदान की गई। पार्टी के आयोजित बैठक में शिव कुमार यादव,कृष्ण देव यादव, सुकेन्द प्रसाद,खेत मजदूर यूनियन के जयनगर के अध्यक्ष उमाशंकर प्रसाद, श्याम प्रसाद गुप्ता,उर्मिला देवी किसान सभा के अंचल सचिव शत्रुधन साह कपिल देव यादव पवन यादव डी. वाई. एफ. आई. के संयोजक अतीश कुमार यादव सुनील कुमार यादव समेत अन्य कार्यकताओं ने बैठक में भाग लिया।

सुबोध कुमार श्रीवास्तव के आवास पर राजद कार्यकताओं की बैठक

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी खजौली प्रखंड़ क्षेत्र के चंद्रडीह पंचायत के उप मुखिया व प्रखंड़ वार्ड संध के अध्यक्ष सुबोध कुमार श्रीवास्तव के आवास पर राजद कार्यकताओं की बैठक किया गया.बैठक के दौरान चंद्रडीह पंचायत के राजद के वरिष्ठ नेता व प्रखंड़ वार्ड संध के अध्यक्ष एव चंद्रडीह पंचायत उपमुखिया सुबोध कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि दरभंगा जिला के हायाघाट विधान सभा क्षेत्र के पूर्व विधायक भोला यादव को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष पर मनोनीत किया गया है. साथ ही बेनीपट्टी के पूर्व विधायक रामाशीष यादव एव जयनगर प्रखंड़ से श्रीनारायण सिंह को सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया है. उपस्थित सभी राजद कार्यकताओं ने पूर्व विधायक भोला यादव को संस्कृत शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष पर मनोनीत करने पर खजौली प्रखंड़ राजद इकाई के राजद नेता व वर्तमान सरपंच जयजय राम यादव पंसस ललन कुमार सिंह सुकमार पासवान लक्ष्मण राय राम देव ठाकुर डा. सुरेंद्र कुँवर बलराम ठाकुर जोखन राय ने संस्कृत शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष भोला यादव को बधाई देते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को साधुवाद दिया।

एक गांव ऐसा जहां पानी के लिए मचा हाहाकार तो लोगों ने कहा कुआं की ओर लौटो

- सामूहिक रूप से गांव के कुआं की हुई सफाई

प्रात : किरण संवाददाता

रक्सौल। पर्यावरणविद् लोगों ने आम लोगों को कितनी बार कहे होंगे कि प्रकृति से मत खेलों, अगर प्रकृति जिस दिन खेला कर देगी तो लेने के देने पड़ जाएंगे। कई बार भूकंप और बाढ़ आदि ये दशार्ते रहते हैं कि इंसान हो बाबू, हमें ज्यादा परेशान मत करों, वरना हमारे कहर से बच नहीं पाओगे। पुराने लोगों की तरह जिंदगी बताओ, ज्यादा आधुनिक मत बनो। अब बिहार और नेपाल के कई जिलों में एक गंभीर समस्या आ गई है, वो है जल की विकट समस्या। नहाने और कपड़े आदि धोने का जल तो दूर की बात, पीने का पानी नही मिल पा रहा है। भू-जलस्तर इतना नीचे चला गया है कि पूर्व में लगे चापाकाल अब पानी नही निकाल पा रहे हैं। कल सुख गए हैं, मोटर पानी नही दे रहा। अब ऐसे में रक्सौल व नेपाल के बीरगंज सहित कई इलाकों में स्थानीय नगर प्रशासन अथवा सामान्य प्रशासन टैंकर से पानी पहुंचा रही है, परंतु अब ये सवाल आता है कि कब तक? ऐसे में जैसे एक बार स्वामी दयानंद सरस्वती ने नारा दिया था कि वेदों की ओर लौटो, ठीक उसी प्रकार नेपाल के मोतीसर गांव में सभी चापाकल सुख गए तो लोगों ये फैसला लिया की अब ह्यकुआं की ओर लौटोह्न। लोग पानी के न मिलने से परेशान होकर सामूहिक रूप से गांव में घरों के पास मौजूद सभी कुआं की सफाई शुरू कर दिए हैं और प्रयासरत हैं कि उसमें स्वच्छ एवं साफ जल ला सकें। अर्थात प्रकृति ने ये ईशारा कर दिया है कि ज्यादा आधुनिक मत बनो, अविष्कार तो करो, तरक्की भी करो, परंतु प्रकृति से खिलवाड़ करके नही।

चलंत लोक अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर कार्यक्रम आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जयनगर अनुमण्डल मुख्यालय स्थित सामुदायिक प्रशिक्षण भवन के सभा कक्ष में बुधवार को बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार पटना के द्वारा एक दिवसीय मोबाईल चलंत लोक अदालत सह विधिक सहायता जागरूकता शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पटना से आयी टीम के द्वारा आयोजित शिविर में सदस्यों और स्थानीय पदाधिकारी जनप्रतिनिधियों समेत अन्य लोगों ने भाग लिया। यह शिविर का आयोजन राजेश नारायण सेवक पांडे सहायक सचिव बिहार पटना के द्वारा राज्य विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा आयोजित की गई। शिविर में पटना से आये न्यायिक सदस्य बलराम सिंह, अधिवक्ता वीजय कुमार , सामाजिक कार्यकर्ता आरती कुमार, जयनगर अनुमण्डल पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार, अंचल अधिकारी अभिनव राज , प्रखण्ड विकास पदाधिकारी राजीव रंजन कुमार समेत अन्य विभाग के पदाधिकारी मौजूद थे। शिविर में उपस्थित जनप्रतिनिधियों समेत अन्य लोगों को चलंत लोक अदालत सह विधिक सेवा प्राधिकार की विस्तृत जानकारी देते हुए एवं जागरूक करते हुए कहा कि बिना भेदभाव के सुलहनीय मामलों को गांवों में ही सरपंच और सचिव जनप्रतिनिधि गण निबटाये। न्यायिक सदस्य उपस्थित सरपंचों व सरपंच सचिवों को ग्राम कचहरी से जुड़े वादों के संचालन व निष्पादन के जुड़े कानूनी पहलुओं से अवगत कराया। ताकि पंचायतों में ग्राम कचहरी का संचालन सफल हो सके। न्यायिक सदस्य जज बलराम सिंह ने सभी सरपंचों समेत जनप्रतिनिधियों से अपील करते हुए कहा कि गांवों में होने वाली विभिन्न तरह के सुलहनीय समस्याओं को गांवो में निष्पादन करे जिससे गांव में शांति का माहौल कायम हो सके। छोटे छोटे मसलो को पंचायत के जरिये निपटारे की पहल पर बल दिया। उन्होंने बताया कि छोटे छोटे बात को लेकर बड़ी घटना हो जाती है। पंचायत स्तर पर होने से मामलों का निपटारा होने से शांति बनी रहेगी। चलंत लोक अदालत शिविर में क्रिमिनल केस काउंटर, सिविल केश ,सर्टिफिकेट केश , बैंक से सम्बंधित, बिजली ,समेत अन्य सम्बंधित मामलों का निपटारा किया गया। जिसमें नीलामवाद के तहत जो भी मामला था उसका निष्पादन किया गया। जबकि धारा 144 तहत दोनों पक्षों के बीच एवॉर्ड लेकर समझौता कर निपटारा किया गया। शिविर में कई लोगों ने भाग लिया ।

जल संचयन पर चलाया गया जागरूकता अभियान

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। नेहरू युवा केंद्र, मुजफ्फरपुर के द्वारा कैच द रेन परियोजनांतर्गत मांझी टोला,नरौली में जल संचयन विषय पर जागरूकता अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक का आयोजन सरला श्रीवास सामाजिक सांस्कृतिक शोध संस्थान के संयोजक लोक कलाकार सुनील कुमार के नेतृत्व में किया गया ।लोक गायिका अनिता कुमारी ने जल संचयन पर जागरूकता गीत सुनाते हुए सुन भईया सुन दीदी अमृत बा पानी बटोहिया गीत समेत जल जागरूकता गीत गाकर वर्षा जल संचयन को लेकर लोगो को जागरूक किया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जल संरक्षण एवं वृक्षारोपण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। नेहरू युवा केंद्र के चंदन कुमार द्वारा कैच द रेन अभियान में उपस्थित लोगों को जल संचयन के लिए शपथ दिलायी गई। इस अवसर पर लोगो को आजादी के अमृत महोत्सव पर स्वतंत्रता सेनानी, सेना के जवानों एवं पुरखा पुरनिया के नाम से पंचायत स्तर पर 75 पेड़ और अमृत महोत्सव पार्क बनाने की बात बताई गई। मुख्य अतिथि चाईल्डसेफ इंडिया के सचिव जयचंद कुमार ने नेहरू युवा केंद्र द्वारा जल संचयन के संदेश को नुक्कड़ नाटक द्वारा जन जागरूकता अभियान की सराहना करते हुए बताया कि नदी, तालाब, नहर,कुआं को बचाने की जरूरत हैं ।आज जल बताएंगे,तभी तो बेहत्तर कल बना पाएंगे।

अनुमंडल कार्यालय पर विभिन्न मांगों को लेकर धरना व प्रदर्शन

प्रात : किरण संवाददाता

बखरी, बेगूसराय। गुरुवार को बखरी अनुमंडल कार्यालय परिसर में बहुजन कल्याण समिति के बैनर तले विभिन्न ज्वलंत जनसमस्याओं को लेकर धरना व प्रदर्शन का आयोजन किया गया है। मांगन सदा की अध्यक्षता में आयोजित धरना सभा को सम्बोधित करते हुए बहुजन कल्याण समिति के संयोजक सह सपा जिलाध्यक्ष दिलीप केशरी ने कहा कि वृद्धजन, दिव्यांग, विधवा के पेंशन योजना में बढ़ोतरी करना आवश्यक है, क्योंकि अन्य राज्यों में बिहार से अधिक पेंशन दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राशन कार्ड में भारी त्रुटि देखने को मिल रहा है। जिस कारण लोगों को कार्यालय व डीलर का चक्कर लगाना पड़ रहा। इसमें अविलंब सुधार किया जाए। जिससे गरीबों को अनाज मिल सके। वहीं विद्युत विभाग के द्वारा गरीबों को गलत बिजली बिल भेजकर मानसिक रूप से परेशान किया जा रहा है। जिसे कैम्प लगाकर सुधार करने की आवश्यकता है। श्री केशरी ने कहा कि बखरी के लोग आंदोलन करके ही अपनी समस्याओं से निजात पाते हैं। सलौना स्टेशन पर द्रुतगामी ट्रेन का ठहराव किया जाए ताकि इस क्षेत्र के लोगों को आने-जाने में कोई दिक्कत ना हो। सभा का संचालन कर रहे अधिवक्ता गौरव कुमार ने कहा कि बखरी व्यवहार न्यायालय भवन का निर्माण चयनित भूमि पर जल्द किया जाए। भवन नहीं रहने के कारण जीआर के सुविधा से वंचित हैं। लोगों को न्याय पाने के लिए लंबी दूरी तय करना पड़ रहा है। सभा को पूर्व पंसस पंकज पासवान, उपमुखिया अजीत कुमार, रामसागर पासवान, सुबोध राम, अर्जून यादव, सुरेश ठाकुर, महेश्वर महतो, सोनिया देवी, नीतू देवी, रामविलास यादव, राजकुमार मालाकार, नागेन्द्र सदा, राजाराम तांती आदि ने भी संबोधित किया। इससे पूर्व अम्बेडकर चौक से दिलीप केशरी के नेतृत्व में चिलचिलाती धूप में सैकड़ों महिला पुरुष मुख्य बाजार होते हुए नारेबाजी कर अनुमंडल कार्यालय पहुंचे, जहां सभा में तब्दील हो गया। सभा के अंत में एक शिष्टमंडल एसडीएम सन्नी कुमार सौरव को 14 सूत्री मांग पत्र सौंपा। इस दौरान दिनभर अनुमंडल वो प्रखंड कार्यालय परिसर में गहमागहमी देखा गया

श्रद्धा का केंद्र बना प्राथमिक विद्यालय बसतपुर, मिल रहा निजी अनुदान

प्रात : किरण संवाददाता

आदापुर। प्रखंड स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय बसतपुर आम जनों के लिए श्राद्ध का केंद्र बन गया है। आए दिनों आम जन विद्यालय की विधि-व्यवस्था देखने और बच्चों से मिलने आने लगें हैं। इसी क्रम में वृहस्पतिवार को आदापुर प्रखंड स्थित बेलवा पंचायत के मुखिया श्री जितेन्द्र सिंह ने इस विद्यालय का भ्रमण किया। भ्रमण के क्रम में उन्होंने बच्चों से बातचीत की ओर कुछ प्रश्न पूछे, जिनका बच्चों ने सही-सही जवाब दिया। बच्चों के प्रतिभा एवं विद्यालय के विधि-व्यवस्था से प्रभावित होकर उन्होंने अपने निजी कोष से विद्यालय को तीन जोड़ी बेंच-डेस्क एवं खेल सामग्री देने की घोषणा की। बच्चों को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आप भाग्यशाली हैं, जो आपको वैसे गुरु जनों से शिक्षा प्राप्त करने का सुअवसर प्राप्त है, जो अपने समर्पण एवं लग्न से पूरे जिला के लिए नजीर बन गए हैं। मैं आप सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए प्रतिदिन विद्यालय आने की सलाह देता हूं। विद्यालय परिवार की ओर से वरीय शिक्षक मोहम्मद नुरूल होदा ने उनका आभार व्यक्त करते हुए समय-समय पर प्रोत्साहित करते रहने की अपील की।

एक्सिस बैंक ने क्यू1 एफ वाई 24 परिणामों की घोषणा की

5,797 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ किया गया दर्ज

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। एक्सिस बैंक ने अपने क्यू1एफवाई24 परिणामों की घोषणा की, जिसमें 5,797 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया गया, जबकि क्यू1एफवाई23 में 4,125 करोड़ रुपये का लाभ हुआ था। बैंक की शुद्ध ब्याज आय (एनआईआई) सालाना आधार पर 27% और तिमाही-दर-तिमाही 2% बढ़कर क्यू1एफवाई24 में 11,959 करोड़ रुपये पर पहुंच गई, यह राशि क्यू1एफवाई23 में 9,384 करोड़ रुपये थी। क्यू1एफवाई24 के लिए इसका शुद्ध ब्याज मार्जिन 4.10% था, जो साल-दर-साल 50 बीपीएस बढ़ रहा था। कासा में साल-दर-साल 22% की बढ़ोतरी हुई, जबकि कासा अनुपात साल-दर-साल 151 बीपीएस सुधार के साथ 44% हो गया। बैंक का परिचालन राजस्व सालाना आधार पर 38% वृद्धि के साथ 12,312 करोड़ रुपये से बढ़कर 17,046 करोड़ रुपये पर पहुंचा। 30 जून 2023 तक बैंक ने सकल एनपीए और शुद्ध एनपीए स्तर क्रमशः 1.96% और 0.41% बताया, जबकि 30 जून 2022 को यह 2.76% और 0.64% था। एक्सिस बैंक के एमडी और सीईओ अमिताभ चौधरी ने कहा, हम एक विशिष्ट और नए युग का बैंक बनाने का प्रयास कर रहे हैं जो ग्राहकों को आसान और सरल बैंकिंग समाधान प्रदान करता है, जिससे ग्राहकों के वित्तीय सपनों और आकांक्षाओं को पंख मिलते हैं। हम लगातार अपने स्टैंडर्ड को बढ़ा रहे हैं - अपनी डिजिटल क्षमताओं को मजबूत कर रहे हैं और उत्पादों और सेवाओं की अपनी मजबूत पाइपलाइन का निर्माण कर रहे हैं।

एसडीएम डीएसपी के नेतृत्व में मुहर्रम पर्व को ले प्रशासन ने किया फ्लैग मार्च

- एसएसबी समेत बड़ी संख्या में पुलिस जवान शामिल

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जयनगर मुहर्रम पर्व को लेकर अनुमण्डल प्रशासन के नेतृत्व अधिकारियों और पुलिस प्रशासन एसएसबी एवं पुलिस जवानों के द्वारा विधिव्यस्था को लेकर शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में फ्लैग मार्च किया गया।

क्षेत्र के लोगों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए प्रशासन के द्वारा लोगों से अपील करते हुए कहा गया कि सरकार और प्रशासन के निर्देश का पालन करते हुए आपसी सद्भाव , सौहार्द एवं शांतिपूर्वक के साथ पर्व मनाने और विधिव्यस्था बनाये रखने में सभी से सहयोग की अपील की गई। सरकार और प्रशासन का निर्देश का पालन नहीं करने और अफवाह फैलाने वालों विधि व्यवस्था भंग करने वालों पर सख्ती से कानूनी करवाई की जायेगी। पैदल और वाहनों के काफिला के साथ फ्लैग मार्च के दौरान एसडीएम वीरेंद्र कुमार , डीएसपी विपल्व कुमार , प्रशिक्षु डीएसपी सह थाना अध्यक्ष आशुतोष रंजन , ईओ डॉ. इन्द्र कुमार मंडल, सीओ अभिनव राज, बीडीओ राजीव रंजन कुमार समेत बड़ी संख्या में एसएसबी और पुलिस के जवान एवं पुलिस प्रशासन के कई पदाधिकारी जवान मौजूद शामिल हुए ।

जिला स्तरीय सतर्कता एवं अनुश्रवण समिति की बैठक हुई आयोजित

वितीय वर्ष 2023-24 में अब तक 145 लाभुकों को राहत मुआवजा अनुदान/पेंशन लाभ प्रदान किया गया

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा की अध्यक्षता में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत गठित जिला स्तरीय सतर्कता एवं अनुश्रवण समिति की बैठक समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में अनुसूचित जाति/जनजाति के अत्याचार के मामले में राहत राशि एवं अन्य देय सुविधा उपलब्ध कराने की विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने लंबित मामलों को ससमय निष्पादन करने का निर्देश दिया। बैठक में उपस्थित सदस्यों द्वारा प्राप्त सुझाव के आलोक में जिलाधिकारी द्वारा जिला कल्याण पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए गए। उन्होंने कहा कि स्ंशभी पीड़ितों को सरकारी दिशनिदेर्शों में वर्णित प्रावधानों के तहत देय राहत राशि का हरहाल में ससमय भुगतान कर दिया जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि जिला प्रशासन अनुसूचित जाति/जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत पीड़ित लाभुकों को ससमय राहत उपलब्ध कराने को लेकर पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि वितीय वर्ष 2023-24 में अब तक 145 लाभुकों को राहत मुआवजा अनुदान/पेंशन लाभ प्रदान किया गया है ।उन्होंने कहा कि भूमि की उपलब्धता न रहने के कारण जिले के महादलित टोलों में किए जाने वाले निर्माण कार्य प्रभावित हो रहे हैं। ऐसे में उन्होंने उपस्थित सदस्यों से कहा कि इस प्रकार की भूमि की जानकारी स्थानीय अंचल कार्यालय को उपलब्ध कराने में सहयोग प्रदान करें। ताकि उन्हें चिन्हित कर निर्माण कार्य शुरू कराया जा सके ।जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि बैठक में हुई चर्चा के सभी बिंदुओं पर ससमय अनुपालन सुनिश्चित करें ।उक्त बैठक में डीडीसी विशाल राज जिला कल्याण पदाधिकारी डीपीआरओ परिमल कुमार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मुख्यालय प्रभाकर तिवारी ,समिति के सदस्य रिसन मल्लिक,राम बाबू राम, बुद्ध प्रकाश आदि उपस्थित थे।

झारखंड प्रदेश शौंडिक संघ ने स्व अरुणा साहु के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन किया गया अर्पित

प्रात : किरण संवाददाता

पटना/रांची । झारखंड प्रदेश शौंडिक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता बीरेंद्र साहु ने बताया कि हमारे संगठन के मुख्य संरक्षक उदय शंकर प्रसाद की धर्म पत्नी स्व अरुणा साहु का रांची के एक निजी होटल में संध्या 6 बजे से 7 बजे तक उठ'ला का कार्यक्रम में विधि विधान के साथ हवन एवम भजन संध्या पर झारखंड प्रदेश शौंडिक संघ के पदाधिकारियों के साथ ही पूरे प्रदेश एवम रांची शहर के अनेक गणमान्य लोगों का जुटान हुआ। सभी ने स्व अरुणा साहु के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। स्व अरुणा साहु के पति समाजसेवी उदय शंकर प्रसाद, उनके पुत्र अमित साहु बहु रेशमा साहु, पुत्री सरिता एवम दामाद प्रमोद जयसवाल, नाती पोते शशांक, मयंक,अखिल, अदित्य के साथ ही समाज सेवी गोपाल साहु,राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहु, संजय साहु उनके पूरे परिवारजन प्रार्थना स्थल पर मौजुद होकर आगत अतिथियों को देख रहे थे। वहा मौजुद मुख्य रूप से हमारे प्रदेश संगठन से कुमुद प्रसाद साहु उर्फ मंटू बाबू,अध्यक्ष दिनेश प्रसाद साहु, उमेश साहु, सुनील साहु, बीरेंद्र साहु,उदय साहु मंटू, रमण साहु, सुमन साहु, रुपेश साहु, मुकेश साहु, रमेश साहु, कुणाल कुमार बंटी, दुर्गेश प्रसाद साहु, राजेश साहु, दीपक प्रसाद,पुर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय, झारखंड सरकार के केबिनेट मंत्री रामेश्वर उराव,ऑल इंडिया वैश्य फैडरेशन के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष ज्ञान शंकर ,मंत्री रामेश्वर उराव,मनोज साहु, अखिल भारतीय शौंडिक संघ के महामंत्री श्याम सुन्दर प्रसाद, सभापति प्रो रामवतार महतो,सुशीला निकेतन परिवार एवम लक्ष्मी निलयम परिवार जनों ने प्रार्थना स्थल पर पहुंचकर स्व अरुणा देवी के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। शुभ चिंतक लोगों का आने का सिलसिला जारी रहा ।

संक्षिप्त खबरें

वेंडर्स संघ की एक विशेष बैठक हुई आयोजित

भागलपुर। विगत कुछ दिन पूर्व भागलपुर प्रशासन व नगर निगम के द्वारा तिलकामांझी चौक पर बने वेंडिंग जोन को हटा दिया गया था। जिससे फुटपाथ विक्रेता संघ के लोग काफी आक्रोशित दिखाई दे रहे हैं, जबकि प्रशासन द्वारा उक्त क्षेत्र इलाके में वेंडिंग जॉन बनाया था, और सभी फूटकर व्यवसाय करने वाले दुकानदार को बजापते रजिस्ट्रेशन नंबर और कार्ड भी जारी कर दिया गया था, फिर भी निगम व जिला प्रशासन लोगों ने उक्त इलाके में अवस्थित सभी फूटकर दुकानदारों को उक्त स्थल से हटा कर उनके व्यपार व रोजगार से वंचित कर दिया है। मामले को लेकर भागलपुर फुटपाथ विक्रेता संघ की एक विशेष बैठक हटिया रोड के बैंक कॉलोनी तिलकामांझी स्थित नासवी कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक कर संघ द्वारा फुटपाथ विक्रेताओं के विरुद्ध दुर्व्यवहार, अत्याचार प्रशासन द्वारा किये जाने के रवैये को लेकर प्रशासन के विरुद्ध एक बड़ा निर्णय लेते हुए विरोध आंदोलन करने का निर्णय लिया गया है।

भाजयुमो ने नीतीश सरकार के खिलाफ खोला मोर्चा

भागलपुर। भाजपा युवा मोर्चा के भागलपुर इकाई के कार्यकताओं द्वारा आपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत नीतीश सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। मामले को लेकर बताया जा रहा है कि भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष के आदेशानुसार पूरे बिहार में भाजपा युवा मोर्चा (भाजयुमो) के द्वारा दस लाख सरकारी नौकरी, शिक्षकों के नियुक्ति नियमों के बदलाव मुद्दों और 13 जुलाई को पटना में विधानसभा घेराव के दौरान भाजपा के नेता व कार्यकताओं पर हुए लाठीचार्ज को लेकर सभी जिला एवं मंडल मुख्यालय स्तर पर नीतीश कुमार की सरकार के अत्याचार का प्रदर्शनी लगाकर हस्ताक्षर अभियान कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है।

पीजी सेमेस्टर 2 की परीक्षा 2 अगस्त से होगी

मुंगेर। मुंगेर विश्वविद्यालय द्वारा सेशन 2021- 2023 पीजी सेमेस्टर 2 परीक्षा की तिथि जारी कर दी गई है जो 02 अगस्त से 14 अगस्त तक ली जाएगी। इसको लेकर मुंगेर विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा शेड्यूल और केंद्रों की जानकारी से जुड़ी अधिसूचना जारी कर दी गई है। विश्वविद्यालय सूत्रों के अनुसार सत्र 2021 और 2023 सत्र परीक्षा 5 परीक्षा केंद्रों पर प्रतिदिन दो पारियों में संपन्न कराई जाएगी। जिसमें प्रथम पाली की परीक्षा पूर्वाहन 10:00 बजे से अपराहन 1:00 बजे तक होगी और दूसरी पाली की परीक्षा अपराहन 2:00 बजे से 5:00 बजे तक होगी।

एम यू के कॉलेज के निरीक्षण के लिए बनी कमेटी

मुंगेर। मुंगेर विश्वविद्यालय द्वारा अपने क्षेत्र अधीन आने वाले 5 जिलों में स्थित सभी अंग भूत एवं संबद्धता प्राप्त महाविद्यालयों में सेशन 2023 2027 स्नातक सेमेस्टर वन में महाविद्यालय कक्षा संचालन विद्यार्थियों के साथ शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों की उपस्थिति को सुनिश्चित करने और उसकी मॉनिटरिंग के लिए दो अलग अलग कमेटी बनाई गई है। दोनों कमेटी मुंगेर,लखीसराय, खगड़िया ,जमुई और शेखपुरा जिले में स्थित अंगीभूत एवं संबद्धता प्राप्त महाविद्यालयों के निगरानी की जिम्मेदारी दी गई है जिसे लेकर कुलपति प्रोफेसर श्यामा राय के आदेश पर कुलसचिव कर्नल विजय कुमार ठाकुर द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गई है।

श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

मुंगेर। खड़गपुर अनुमंडल के प्राचीन काली मंदिर परिसर में बुधवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि सभा में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पूर्व राष्ट्रीय संगठन मंत्री एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व संघ कार्यवाह मदन दास देवी के देवलोक गमन पर कार्यकताओं ने उनके तैल्य चित्र पर श्राद्धांजली अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस मौके पर आर एस एस के खंड कार्यवाह देवनारायण ने मदन दास देवी जी के जीवनी पर प्रकाश डाला और कहा कि वे अपने जीवन का महत्वपूर्ण समय देकर एबीवीपी संगठन को काफी मजबूती प्रदान किया था।

हेल्थ एंड बैलेंस सेंटर का किया गया औचक निरीक्षण

मुंगेर। नौवागढ़ी उतरी पंचायत के हेल्थ एंड बैलेंस सेंटर चडौन एवं नया टोला भगत चौकी का औचक निरीक्षण सदर पीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुशील कुमार झा ने बुधवार को किया। इस दौरान उन्होंने दवा जांच ओपीडी सहित अन्य पंजी का निरीक्षण किया पंजी में कई खामियां मिली जिसे दूर करने के लिए सी एच ओ औ आरती कुमारी को निर्देश दिया। उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देश दिया कि शनिवार को महादलित टोले में स्वास्थ्य केंद्र को सुचारू ढंग से संचालित करें जिससे आम लोगों को कैंप के माध्यम से सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओं का लाभ प्राप्त हो सके निरीक्षण के दौरान उनके साथ प्रबंधक रवि कुमार सहित स्वास्थ्य कर्मचारी मौजूद थे।

स्ट्रीट वेंडर्स के लिए ब्याज मुक्त ऋण शिविर का किया आयोजन

50 से अधिक लभूकों ने किया आवेदन हुआ ऋण पास, कई आवेदक के पास बैंक खाता नही है उपलब्ध

प्रात : किरण ब्यूरो

भागलपुर। प्रधानमंत्री स्वनिधि आत्मनिर्भर योजना के तहत स्ट्रीट वेंडर्स (पथ विक्रेताओं) को बिना ब्याज के दस हजार रूपए ऋण मिलेगा। बकायदा ग्रामीण क्षेत्रों में भी इसके लिए कवायद शुरू हो चुकी है।

इसी कड़ी में बैंक ऑफ महाराष्ट्र की ओर से शहरी क्षेत्र के आसपास के इलाके में स्ट्रीट वेंडरों को ब्याज मुक्त कर्ज देने के लिए हबीबपुर थाना क्षेत्र इलाके में अवस्थित साईं मंदिर परिसर में साईं बाबा के वार्षिक महोत्सव के उपलक्ष्य में बुधवार को ऋण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में करीब 50 की संख्या में आए महिला और पुरुष वेंडरों ने ब्याज मुक्त ऋण के लिए आवेदन किया। इस दौरान बैंक ऑफ महाराष्ट्र के बीसी सत्यदेव कुमार ने बताया कि लोगों को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए और अपने छोटे व्यापार को बढ़ावा देने के लिए फिलहाल दस हजार रूपए का ब्याज मुक्त कर्ज का तत्कालीन लाभ मिलेगा साथ ही उन्होंने कहा कि इस रकम को तय समय में चुकाने के बाद पुनः इससे अधिक राशि का ऋण लेने के लिए वह लाभान्वित हो सकेंगे। वहीं कार्यक्रम के क्रम में भाजपा नेता मनीष यादव ने बताया कि सब्जी बेचने वाली गरीब महिला, ठेला पर समान बेचने वाले, छोटे वेंडर और कई मजदूर वर्ग की महिलाओं और पुरुषों ने उनसे अपने व्यापार को बढ़ाने और कई लोगों ने स्वरोजगार करने के लिए बैंक से ऋण उपलब्ध करवाने के लिए उनसे संपर्क किया था। जिसके बाद उन्होंने बैंक ऑफ महाराष्ट्र के बड़े अधिकारियों से संपर्क कर यहां के क्षेत्र इलाके में अवस्थित ग्रामीण लोगों के बीच ऋण शिविर का कार्यक्रम का आयोजन करवाया गया है, वही उन्होंने कहा कि अधिकतर लोगों के पास बैंक का खाता उपलब्ध नहीं था बकायदा 50 लोगों ने अपना खाता खुलवाया है, जबकि करीब सैकड़ों आवेदन अभी शिविर के माध्यम से ऋण के लिए प्राप्त हुए हैं।

वही भाजपा नेता मनीष यादव की मानें तो सभी लोगों के ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध करवाने के लिए और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं। इससे पूर्व विगत तीन दिनों से मंदिर परिसर में ही आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए शिविर का आयोजन किया गया था। वही आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से कई लोगों का कार्ड बनवाया गया था। वहीं कार्यक्रम के माध्यम से उन्होंने आगामी 28, 29 और 30 जुलाई को साईं मंदिर परिसर में होने वाले वार्षिक महोत्सव कार्यक्रम में शामिल होने हेतू साईं भक्तों से अपील भी की है। वही ऋण शिविर कार्यक्रम में आई ग्रामीण महिला ने बताया कि वह काफी समय से सिल्क कारखाना में कपड़ा रंगायी का काम करती आ रही है, अल्प मजदूरी में गुजारा करना टेढ़ी खीर साबित होती दिख रही है। उन्होंने कहा कि अगर ऋण मिल जाए तो खुद का रोजगार करने की तमन्ना साकार हो पाएगी। वहीं करेला गांव से आए ग्रामीण सुबोध ठाकुर ने बताया कि ऋण मिलने के बाद वह स्वरोजगार से जुड़कर आत्मनिर्भर बनने का सपना सपना पूरा कर सकेंगे। वही कार्यक्रम में भाजपा नेता पवन यादव समेत बैंक ऑफ महाराष्ट्र के कई कर्मी और स्थानीय लोग मौजूद थे।

मनचले युवक ने एक महिला के साथ गलत करने की कोशिश

प्रात : किरण ब्यूरो

भागलपुर। मधुसुदनपुर थाना क्षेत्र से एक विचित्र घटना घटित होने का मामला सामने आया है। जहां एक महिला अपने घर के पशु का चारा लाने के लिए बहीयार गई थी, इसी क्रम में उसे जोड़ की प्यास लगी और वह पानी की प्यास बुझाने के लिए वही पास के चल रहे पानी की मोटर के पास पानी पीने लगी तभी मनोहरपुर के रहने वाले मनचले युवक बजरंगी यादव ने उक्त महिला को अकेला देख जबरन पकड़ लिया और गलत काम करने की कोशिश करने लगा, जब वह महिला शोर मचाने लगी तभी उसकी आवाज सुनकर गांव के कुछ लोग मौके पर पहुंचे तो तबतक बजरंगी यादव वहां से फरार होने में सफल रहा वही उक्त घटना को लेकर पीड़ित महिला अपनी जान माल की रक्षा की गुहार ले न्याय की मांग को लेकर वरीय पुलिस अधीक्षक आनंद कुमार के कार्यालय पहुंची। जहां पीड़ित महिला ने बताया कि मैं दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की गुहार ले आवेदन को लेकर मधुसुदनपुर थाना पहुँची थी, लेकिन वहां पर मौजूद पुलिस कर्मियों ने हमें डांटते हुए यह कहकर भगा दिया गया कि ऐसे केस रोज आते हैं, यहां से जाओ तब जाकर मैं आज थक हारकर अपनी न्याय की फरियाद ले वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय पहुंची हूं। वही पीड़ित महिला ने बताया कि घटना विगत 25 जुलाई की दिन घटित हुई है, वही वरीय पुलिस अधीक्षक ने पीड़ित महिला की फरियाद को सुनकर उक्त मामले में संज्ञान लेते हुए कहा है जल्द दोषियों पर विधिसंबत कार्रवाई की किये जाने की बात कहते हुए पीड़िता को आश्वस्त किया है।

सती बिहुला व माँ विषहरी से जुड़ी है चम्पानगरी की गाथा

प्रात : किरण ब्यूरो

भागलपुर। अंग की धरती पर चर्चित व प्रसिद्ध बाला- बिहुला व विषहरी की पूजा प्रारंभ हो गया है। माँ विषहरी को छोटी डलिया चढ़ने का दौर जारी होने लगी है, यह पूजा पूरे अंग क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ विधिवत रूप से मनाया जाता है। लोगों की इसमें अपार श्रद्धा देखी जा सकती है। आपको बता दें कि इस पूजा का भागलपुर जिला अंग क्षेत्र से खास नाता जुड़ा हुआ है, ऐसा कहा जाता है कि बाला बिहुला पूजा का चंपा नगरी में उद्भव स्थल सबसे चर्चित है। यहीं से इस पूजा की शुरूआत हुई थी, ऐसा कहा जाता है कि माँ विषहरी को सती बिहुला के कारण ख्याति प्राप्त हुई है और जिसके कारण चंपा नगर में भव्य मंदिर व उनकी विशेष पूजा की शुरूआत हुई थी। लोगों की मान्यता के मुताबिक कहा ये भी जाता है कि भगवान शंकर की पुत्री विषहरी सृष्टि के सभी देवी देवताओं की भांति अपनी पहचान के साथ पूजा अर्चना में ख्याति प्राप्त करने के लिए अपने पिता से बोली थी, तो तभी उनके पिता ने बताया कि अंग क्षेत्र चम्पानगरी में मेरा एक भक्त चांदो सौदागर रहता है। अगर वो तुम्हारी पूजा प्रारंभ करेगा तो तुम्हे ख्याति प्राप्त हो जाएगी और सृष्टि में अन्य देवताओं की तरह तुम्हें भी जानने लगेंगे। जिससे बाद मां विषहरी ने अपनी पूजा अर्चना की गुजारिश चांदो सौदागर से अपनी पूजा करने के लिए कहा था, लेकिन चांदो सौदागर ने पूजा करने से मना कर दिया था, तभी माँ विषहरी क्रोधित हो गई और चांदो सौदागर के परिवार को मृत्यु की सजा से दण्डित कर उसे पूजा करने के लिए मजबूर करने लगी थी, तभी चांदो सौदागर के अडिग फैसले को कोई फर्क नहीं पड़ा और वो भगवान शिव की आराधना में डटे रहे इसी क्रम में उनका सबसे छोटा पुत्र बाला लखेंद्र बचा हुआ था जिसकी शादी तय कर दी थी, जिसके विवाह संपन्न होने के बाद उसे कोई क्षति न हो इसके लिए उन्होंने भगवान विश्वकर्मा से अपील कर एक लोह से निर्मित घर का निर्माण कर बेहतरीन तरीके से तैयार कर बनवाया गया। उक्त घर के निर्माण में सुई भर मात्र का छिद्र रखवाया गया था. ताकि उससे हवा प्रवेश कर सकें। बाला लखेंद्र की शादी बिहुला से विधिवत रूप से संपन्न होने के बाद से नवनिर्माण लौह भवन में दोनों रहने के लिए लेजाया गया था, जब दोनो नवविवाहित जोड़ी उक्त निर्माण किए बंद घर में जब सोए हुए थे. तभी मां विषहरी उक्त बंद घर के अंदर प्रवेश कर गई और बाला लखेंद्र को एक मच्छर ने काटा जिसके बाद उसने अपने हाथ को जब झटका देते हुए फेंका तो हांथ विषहरी को जा लगी, जिसके बाद विषहरी ने बाला लखेंद्र को दंश कर लिया था, जिसके बाद पत्नी बिहुला ने अपने पति को लेकर केले के थम्ब पर अपने पति को रखने के साथ ही अपने पति के प्राणों की रक्षा के लिए स्वर्ग यात्रा को निकल पड़ी थी, इसी बीच भगवान शिव के वक्तव्यों पर माँ विषहरी की पूजा प्रारंभ की नींव स्थापित कर उसकी पूजा अर्चना शुरूआत की जिसके बाद देवी रूपी सती बिहुला को जब देवताओं द्वारा वरदान प्राप्त कर स्वर्ग पहुंच अपने पति के जीवन दाई प्राणों को लेकर वापस लौटी थी, तभी से अंग क्षेत्र के चम्पानगरी में माँ विषहरी की पूजा गाथा प्रारंभ होने लगी है। जिसे पूरे जिला क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनाया जाता है।

दहेज प्रताड़ना से तंग एक महिला न्याय की गुहार ले पहुंची एसएसपी कार्यालय

प्रात : किरण ब्यूरो

भागलपुर। एक तरफ जहां बाल विवाह दहेज प्रथा को समाप्त करने के लिए कई तरह की योजनाओं को लेकर बिहार सरकार व केंद्र सरकार द्वारा अरबों रुपए खर्च कर रही है। वहीं दूसरी ओर इसके नतीजे ढाक के तीन पात साबित होते दिख रहे हैं। इसी कड़ी में एक और मामला सबौर थाना क्षेत्र इलाके से सामने आया है। घटना को लेकर बताया जा रहा है कि सबौर के बड़ी हटिया की रहने वाली एक महिला की शादी विगत 2 वर्ष पूर्व हिंदू धर्म के मुताबिक विधिवत रूप से सम्पन्न हो चुकी थी, वही महिला को उसके ही अपने पति द्वारा दहेज के लोभ में उसे घर से बेदखल कर दिया है। वही उससे उसके पति ने तीन लाख की रकम और एक बाइक की डिमांड कर दी है, और पति का कहना है जब तक यह डिमांड पूरा नहीं होता है तब तक मेरे घर नहीं चाढ़ोगी, अब लाचार महिला काफी बेबस है और वह अपनी दुखड़ा ले थाने पहुंच गई, लेकिन थाने में भी उसकी फरियाद अनसुनी कर रही है। वही पीड़ित महिला अपनी फरियाद को ले बरिय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय अपनी न्याय की गुहार ले पहुंच गई है। अब सवाल यह उठता है कि आखिर इसकी बातें कौन सुनेगा, क्या दहेज से प्रताड़ित की शिकार हुए महिला इसी तरह दर-दर की ठोकरें खाती रहेगी। वही मामले को लेकर पीड़ित महिला ने बताया कि मेरा पति दिलखुश उर्फ बीरबल जो पेसे से नृत्य प्रशिक्षक है, वह किसी और लड़की के साथ रहता चला आ रहा है, मामले की जानकारी मिलने के बाद विरोध करने पर उसने मुझसे दहेज देने की बात कही है, और वो कहता है जब तक दहेज नहीं दोगी, तब तक इस घर में तुम्हारे लिए कोई जगह नहीं है।

तीन बच्चे की माँ को इश्क का चढ़ा बुखार बच्चे छोड़ प्रेमी के साथ हुई फरार

प्रात : किरण संवाददाता

शाहकुंड (भागलपुर)। सुलतानगंज परिक्षत्र इलाके से एक ऐसी घटना सामने आई है कि जिसे सुनकर आप चौंक जाएंगे। घटना को लेकर मिली जानकारी के मुताबिक एक तीन बच्चे की माँ को इश्क का चढा बुखार चढ़ गया है। माँ ने अपने तीनों बच्चे को छोड़कर अपने प्रेमी के साथ फरार चल रही है। मामला सुलतानगंज प्रखण्ड के भीरखुंद पंचायत के वार्ड 3 के गांव इलाके से उजागर हुआ है। मामले को लेकर भीरखुंद पंचायत के रहनेवाले ग्रामीण दिलिप कुमार रंजन ने बताया है कि 2009 साल में खडिया पिपडा गाँव के रहनेवाले स्व. अर्जुन मंडल की पुत्री कविता कुमारी के साथ सर्वसम्मति से हिन्दू रिति रिवाज के मुताबिक विवाह हुई थी। जिसमें तीन बच्चे हैं, एक बच्चे का नाम अभीषेक कुमार उम्र 11वर्ष, दुसरा बच्चा आकांक्षा कुमारी उम्र 8 वर्ष, तिसरा बच्चा ओम कुमार उम्र 4 वर्ष शामिल होने की जानकारी बतायी जा रहा है। वही पीड़ित पति दिलीप ने बताया कि शादी के बाद से ही हमारी पत्नी कविता कुमारी फोन पर अपने प्रेमी के साथ बातचीत करती रहती थी उसे जब बातचीत करने को लेकर मना करने पर वो बात करना नहीं छोड़ी और आए दिन घरेलू विवाद होने पर हमारी पत्नी दो वर्ष पूर्व घर छोड़कर अपने प्रेमी के साथ फरार हो गयी है। वही फरारी पत्नी कविता कुमारी द्वारा पूर्व में थाना पहुंच कर एक झुठे केस के आवेदन देकर प्रताड़ित किया गया, वही जब स्थानीय थाना पुलिस के द्वारा दोनों पति पत्नी को साथ रहने की बात कहने पर भी पत्नी कविता घर में नहीं रहने लगी तो मामले को लेकर गाँव स्तर पर मुखिया, सरपंच के द्वारा पंचायत भी हुई जिसके समझाने के बावजूद तब पर भी बात नहीं मानने पर उक्त महिला ने कोर्ट में आवेदन भी दे दिया, जहां पर न्यायालय द्वारा जारी निर्देशित आदेश पर भी हमारी पत्नी कविता कुमारी बात नहीं मान रही, तभी अजीज होकर कहा कि जब हमारी पत्नी जब दुसरे के साथ रंगरेलियां मनाईगी, तो ऐसे पत्नी को रखने के लिए तैयार नहीं हूं, की बात कही है। अब देखने वाली बात यह है कि एक पिता अपने तीन बच्चे को दादा, दादी के सहारे कैसे स्कूल की शिक्षा व परवरिश कर रहे हैं। वही मामले को लेकर पीड़ित तीनों बच्चों के दादा, दादी का कहना है कि पति, पत्नी की लड़ाई में तीन बच्चे को कौन भविष्य देखेगा, एक माँ को ऐसा नहीं करना चाहिए की बात कही ।

ठेकेदार की अपनी मनमानी, दलदली जमीन पर बिना छड़ की ढाली नीव : ग्रामीण

प्रात : किरण ब्यूरो

शाहकुंड (भागलपुर)। सुलतानगंज नगर परिषद परिक्षेत्र स्थित भीरखुंद पंचायत स्थित बिहार सरकार के द्वारा ग्रामीण क्षेत्र इलाके के बच्चों के उज्जवल भविष्य को देखते हुए ग्रामीण इलाके के बच्चों की उच्च शिक्षा मार्ग की दिशा में एक हाई स्कूल के नवनिर्माण कार्य प्रारंभ किया गया है। उक्त स्कूल भवन के नवनिर्माण भवन का कार्य शुरूआत होने पर स्थानीय इलाके के ग्रामीणों ने स्कूल भवन निर्माण कार्य करने वाले ठेकेदार पर भ्रष्टाचार किये जाने का आरोप लगा दिया है। ग्रामीणों के अनुसार ठेकेदार द्वारा अपने मनमानी करते हुए भवन निर्माण स्थल दलदली होने पर भी उक्त जमीन स्थल पर बिना लोह के ढलाई किये जाने को लेकर ग्रामीणों ने बताया कि हाई स्कूल भवन का नवनिर्माण कार्य ठेकेदार बबलू कुमार के द्वारा किया जा रहा है, जिनके द्वारा उक्त जमीन स्थल दलदली होने पर भी भवन की नींव रखने की दिशा में जमीन ढलाई कर भवन का नवनिर्माण किया जा रहा है, जो दो मंजिल भवन बनने है, उनके निर्माण कार्य किये जाने के बाद कभी भी स्कूल की भवन धाराशाही होकर गिर जाएगा, इसकी शिकायत को लेकर शिक्षा विभाग के पदाधिकारी एंव विधायक को भी सुचना देने के बावजूद भी ठेकेदार द्वारा अपनी मनमानी करते हुए स्कूल भवन निर्माण किया जा रहा है, ऐसे में भवन निर्माण होने पर कभी भी भवन छतिग्रस्त हो उक्त स्कूल के बच्चे की जान माल नुकसान का खतरा बना रहेगा। इस दौरान तमाम ग्रामीणों की भीड़ स्कूल भवन निर्माण कार्य स्थल पर मौजूद थे।

अपहृत लड़की को संग्रामपुर पुलिस ने मुंगेर से किया बरामद

संग्रामपुर (मुंगेर)। थाना क्षेत्र अन्तर्गत चंदनिया गांव से शादी की नियत से एक लड़की का अपहरण करने के मामले में संग्रामपुर पुलिस ने मुंगेर से बरामद कर लिया है।विदित हो की इस मामले में अपहृत लड़की के पिता सिध्दु पासवान ने संग्रामपुर थाना में 21 जुलाई को लडकी के अपहरण करने का मामला दर्ज कराया था। जिसमें बेलहर थाना क्षेत्र के गोरगांवा गांव के मिथुन शेख व अन्य को बेटी के अपहरण करने का आरोपी बनाया गया था।

थाना में दिए आवेदन में अपहृत लड़की के पिता ने कहा था कि मेरी पुत्री काल्पनिक नाम सुषमा को बेलहर थाना क्षेत्र के गोरगांवा गांव के मिथुन शेख व अन्य ने शादी की नियत से अपहरण कर लिया है। उक्त आरोपी कहीं मेरी बेटी की हत्या न कर दे। आवेदन मिलने के साथ ही पुलिस ने छापेमारी शुरू कर दिया। जिसमें दो नामजद आरोपी मुन्नी खातून व एजाजुल आलम को पहले ही गिरफ्तार कर मुंगेर जेल भेजा दिया था। इस संदर्भ में थानाध्यक्ष रंजन कुमार ने बताया कि अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में स्पेशल टीम तेयार किया।

मणिपुर में महिलाओं पर हुए अत्याचार से आज देश कराह रहा है : जिला अध्यक्ष राजद

राजद ने आक्रोश मार्च निकालकर किया प्रधानमंत्री का पुतला दहन

प्रात : किरण संवाददाता

संग्रामपुर (मुंगेर)।असम अशांत है कश्मीर कराह रहा है मणिपुर का मियाज आज खराब है जहां बहू बेटियों की इज्जत सरेआम लूटी जा रही है दिनदहाड़े उनकी हत्या की जा रही है हमारे प्रधानमंत्री जुमलेबाज है यह कहने में कोई शर्म नहीं है। जो गरीबों को न्याय नहीं दिला सके गरीबों को इंसाफ नहीं दिला सके गरीबों के दुख सुख में जो शामिल ना हो सके वैसे सरकार को उखाड़ फेंक देना हमारा कर्तव्य बनता है उक्त बातें राजद के जिलाध्यक्ष त्रिलोकी शर्मा ने संग्रामपुर प्रखंड के पतघाघर में आयोजित आक्रोश मार्च के दौरान कही।उन्होने कहा कि मणिपुर में आदिवासी महिलाओं पर हुए अत्याचार से आज देश कराह रहा है। मणिपुर में महिलाओं एवं दलित आदिवासियों पर बढ़ते अत्याचार एवं केंद्र की भाजपा सरकार के विरुद्ध राजद कार्यकर्ता जमकर बरसे ।राजद के एसटी जिलाध्यक्ष संजय बेसरा ने कहा मणिपुर में महिलाओं के साथ बर्बरता का वीडियो देखकर देश कॉप उठा है महिलाओं को नग्न अवस्था में परेड करवाया उनका सरेआम कैमरे पर यौन शोषण किया गया वीडियो वायरल होने के बाद लोगों को मणिपुर की भयावह स्थिति का अंदाजा हुआ लोग कहने लगे कि राज की कानून और व्यवस्था पंगु हो चुकी है महिलाओं के शरीर को खूब इस्तेमाल हुआ कभी दुश्मन को सुरक्षा के लिए खतरा बताने के लिए कभी किसी अपनों और बाहरी के लिए राजनीतिक हदें तय करने के लिए कभी भारतीय सेना या पैरा मिलिट्री फोर्सेज को दखल देने से रोकने के लिए महिलाओं को ढाल बनाया गया 24 मई को 4 महिलाओं को एक गाड़ी से जबरन उतारा गया उसके कपड़े फाड़ देंने और सामान तहस-नहस कर दिया इसी कारण से मणिपुर में कुछ लोगों का राज्य सरकार पर से भरोसा उठ चुका है कि वह न्याय करेगी। जबकि मुंगेर जिला के उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने कहा कि केन्द्र की सरकार को सिर्फ सत्ता से मतलब है,कहां क्या हो रहा है यह दिखाई नही दे रहा केन्द्र की सरकार अंधा और बहरा हो चुका है।इस आक्रोश मार्च में राजद के असरगंज प्रखंड प्रभारी धर्मेंद्र सिंह,जयदेव बेसरा,नवल किशोर बास्के ,शिवराज सोरेन,मनोज टूडू सुभाष सोरेन,कैलाश शर्मा ,अर्जुन शर्मा आदि ने भी केन्द्र सरकार पर प्रहार किया।इस कार्यक्रम का संचालन प्रखंड के पूर्व राजद प्रखंड अध्यक्ष कंचन कुमार ने की।

एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम का हुआ आयोजन

धमदाहा /पूर्णिया । सैनिक कल्याण निदेशालय के सौजन्य से झण्डा दिवस कोष में धन संग्रह हेतु देश भक्ति गीत शास्त्रीय संगीत गीत गजल सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन धमदाहा प्लस 2 माध्यमिक उच्च विद्यालय परिसर में आयोजित सरकारी कार्यक्रम का उद्घाटन पटना गृह विभाग के प्रशानिक अधिकारी व धमदाहा अनुमंडल पदाधिकारी राजीव कुमार, अनुमंडल पुलिस उपाधीक्षक रमेश कुमार, भूमि उपसमाहर्ता विनय कुमार, अंचालाधिकारी रवि प्रसाद, प्रखंड पंचायतीराज पदाधिकारी चंदन कुमार, राजस्व अधिकारी कमल कांत सिंह के संयुक्त में दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सारे जहां से अच्छा हिन्दुस्ता हमारा गीत-संगीत से किया। देश भक्ति गीत-संगीत पर तालियां के गड़गड़ाहट से गूंजते रहे। पटना दूरदर्शन एवं रेडियो स्टेशन के कलाकारों ने लोगों का मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं हास्य कलाकारों के द्वारा लोगों को हंसी से लोटपोट करते रहे।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कार्यों को जन जन तक पहुंचाना पहली प्राथमिकता : प्रदेश महासचिव

जदयू महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश महासचिव बनी रीता राज, बधाइयों का लगा तांता

प्रात : किरण ब्यूरो, मुंगेर

जदयू महिला प्रकोष्ठ की बिहार प्रदेश अध्यक्ष स्वेता विश्वास ने मुंगेर निवासी जदयू नेत्री रीता राज को प्रकोष्ठ का प्रदेश महासचिव मनोनीत किया है। प्रदेश अध्यक्ष ने रीता राज के मनोनयन पर आशा और उम्मीद जताया है कि इनके मनोनयन से पार्टी संगठन मजबूत होगा। जदयू महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश महासचिव बनने पर रीता राज को विभिन्न प्रकोष्ठ के जदयू नेताओं ने बधाई दी है। बधाई देने वालों में जदयू जिलाध्यक्ष नचिकेता मंडल, जदयू प्रदेश महासचिव सौरभ निधि, जिला जदयू महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष पूनम देवी, मुंगेर जिला जदयू के पूर्व जिलाध्यक्ष संतोष साहनी, युवा जदयू के जिलाध्यक्ष विक्की गुप्ता, जदयू नगर अध्यक्ष गुड्डू राईन, नगर उपाध्यक्ष बच्चन राज पासवान, जदयू नेत्री नेहा देवी, सरिता कुमारी, कोमल राज, पायल देवी, ज्योति कुमारी, जदयू अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष मिथिलेश मंडल तथा सुरेश मंडल सहित आदि शामिल हैं। बधाई देने वाले जदयू नेताओं ने कहा कि जदयू महिला प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव रीता राज के बनने से पार्टी संगठन और अधिक मजबूत होगा। जदयू महिला प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव मनोनयन पर मीडिया से बातचीत करते हुए रीता राज ने कहा कि जदयू महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष श्वेता विश्वास ने जो आशा और उम्मीद उन पर जताया है, उस विश्वास पर खरा उतरने के लिए वह हर संभव प्रयास करेगी। उन्होंने आगे कहा कि पार्टी संगठन को और अधिक मजबूत बनाना तथा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा किए गए विकास कार्यों को जन-जन तक पहुंचाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा को पूरे बिहार से भगाना है। बिहार में भाजपा जीरो पर आउट हो जाएगी। बताते चलें कि रीता राज जदयू महिला प्रकोष्ठ की तीसरी बार प्रदेश महासचिव मनोनीत हुई है। इससे पहले रीता राज समाज सुधार वाहिनी की मुंगेर जिलाध्यक्ष पद को भी शुभ शोभित कर चुकी है।

शिवशिष्या के जन्मोत्सव पर हरींद्रानंद संगठन ने किया पौधारोपण

रूपौली (पूर्णिया) । रूपौली प्रखण्ड क्षेत्र के कोयली सिमड़ा पश्चिम पंचायत में शिवशिष्यता की जननी एवं प्रेरणास्रोत पूज्य दीदी नीलम आनंद के 71वें जन्मदिवस के मौके पर पूरे विश्व में जारी 21 से 27 जुलाई तक पौधरोपण अभियान के तहत गुरूवार को सपाहा गांव के हरींद्रानंद फाउंडेशन के तत्वावधान में शिवशिष्य बालकृष्ण कुमार, शिव शिष्य डाक्टर रमण कुमार, डाक्टर दयानंद मंडल की अगुवाई में सैकड़ों शिवशिष्यों ने जन्मोत्सव मनाया गया। जनजागरण के लिए सैकड़ों फलदार पौधों के साथ झांकी निकाली गई। इस मौके पर सांसे हो रही है कम, आओ वृक्ष लगाएं हम, वृक्ष है धारा का भुषण-आओ दुर करें प्रदुषण, तपति धरती मांग रही - वृक्ष लगाए वृक्ष लगाए आदि के गगनभेदी नारे लगाए गए। वहीं प्रखण्ड अध्यक्ष शिवशिष्य बालकृष्ण कुमार ने कहा की निरंतर होते हुए मानवीय मूल्यों के ह्रास एवं प्रकृति पर आसन्न संकट की भयावह स्थिति में शिवशिष्य हरींद्रानंद फाउंडेशन द्वारा विगत कई वर्षो से बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है। वही पैक्स अध्यक्ष कैलाश भारती ने फाउंडेशन के कार्यो की सराहना की। फाउंडेशन के शिवशिष्य डा रमण कुमार ने बताया कि पंचायत में अब तक एक सौ से ज्यादा पौधरोपण किया गया है।

हमलावर ने चाकू मारकर किया महिला की हत्या

घटना के बाद हमलावर स्वयं थाना पहुंचकर किया आत्मसमर्पण

प्रात : किरण ब्यूरो, मुंगेर

संक्षिप्त खबरें

आशा और फैसिलिटेटर की हड़ताल का भाकपा माले का समर्थन : क्यामुद्दीन अंसारी

आरा। आशा कार्यकर्ता और फैसिलिटेटर के हड़ताल के प्रति सरकार उदासीन है 1000 पारितोषिक पर 24 घंटा की ड्यूटी कराना इनकी गुलामी नहीं तो और क्या है ? इस हड़ताल का समर्थन करने आज भाकपा माले राज्य कमिटी सदस्य क्यामुद्दीन अंसारी आरा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचे और आशा कार्यकताओं के आंदोलन मे भाग लिया। आशा और फैसिलिटेटर के हड़ताल के धरना को संबोधित करते हुए भाकपा माले राज्य कमिटी सदस्य क्यामुद्दीन अंसारी ने कहा कि आशा बहनों के हड़ताल ने पुरे बिहार की स्वास्थ्य व्यवस्था को चरमरा दिया है.पुरे बिहार की स्वास्थ्य सेवा ठप पड़ गयी है। भाकपा माले नेता ने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री इस मे पहल कर आशा कार्यकताओं के जाय मांगे जैसे आशा कार्यकर्ता और फैसिलिटेटर को सरकारी कर्मा का दर्जा शीध्र दें.1000पारितोषिक की जगह 10000 मानदेय किया शीध्र दी जाय.इनकी सभी तरह की बकाया को शीध्र दी जाय,आशा औरफैसिलिटेटर को 20 दिन के बजाय एक माह का यात्रा हत्या दी जाय.भत्ता प्रतिदिन 500 रुपये की दर से दी जाय।

भोजपुर पुलिस अधीक्षक ने करनामेपुर ओपी का निरीक्षण किया

आरा। पुलिस अधीक्षक भोजपुर के दौरान द्वारा करनामेपुर ओपी का निरीक्षण किया गया तथा निरीक्षण के दौरान बेहतर कार्य करने वाले चौकीदार गणपत कुमार को सम्मानित किया गया। इसके साथ सभी पदाधिकारियों को तेजी से कांडों के निस्तारण तथा अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई तथा अपराध नियंत्रण हेतु दिशा निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त सभी चौकीदारों को अपराधियों और अभियुक्तों की सूचना देने तथा अवैध शराब के खिलाफ और ज्यादा कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया। जमीन विवाद और अन्य किसी तनाव की स्थिति में त्वरित रूप से थानाध्यक्ष और अन्य सीनियर पदाधिकारियों को सूचना देने के लिए दिशानिर्देश दिया गया।

भारतीय स्टेट बैंक आरा के तरफ से ग्राम छोटकी सनदिया में संध्या चौपाल का आयोजन

आरा। भारतीय स्टेट बैंक आरा के तरफ से ग्राम छोटकी सनदिया में संध्या चौपाल का आयोजन हुआ जिसमें ट्रैक्टर लोन, पशुपालन लोन, एवं बीमा सुरक्षा योजना पर विशेष चर्चा हुई।उक्त अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक के रीजनल मैनेजर संजीव कुमार श्रीवास्तव, चीफ मैनेजर मृत्युंजय कुमार पाण्डेय, प्रबंधनक शैलेन्द्र कुमार, एवं संतोष कुमार सिंह और अन्य कर्मी के साथ सनदिया पंचायत के मुखिया हरेन्द्र प्रसाद यादव, छोटे यादव, लालबाबू चौधरी,डब्लू यादव और अन्य ग्रामीण जनता उपलब्ध थे।

प्रभारी मंत्री ने किया पौधरोपण

गया।जिले के प्रभारी मंत्री द्वारा वन विभाग के ब्रह्मवन में पौधरोपण किया गया है। इस अवसर पर गुरुआ के माननीय विधायक, राजद के गया जिलाध्यक्ष, उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी सदर सहित अन्य पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

आज लगने वाले जनता दरबार स्थगित

गया। गया हर शुक्रवार को लगने वाले जनता दरबार अपरिहार्य कारणों से कल स्थगित रहेगा जिला पदाधिकारी का जनता दरबार।आम जनों से अपील है कि कृपया जनता दरबार में कल ना आवे।

किसान केन्द्र पर प्रधानमंत्री का सुना गया उद्बोधन

गया।भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश में एक साथ एक लाख पच्चीस हजार किसान समृद्धि केंद्र का उद्घाटन और पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत आठ करोड़ से अधिक लोगों के खाते में सत्रह हजार करोड़ से भी अधिक की राशि का स्थानांतरण और वर्चुअल माध्यम से देश के लाखों किसान समृद्धि केंद्रों पर एलइडी स्क्रीन टेलीविजन और प्रोजेक्टर के माध्यम से आम किसान जनों ने विभिन्न केंद्रों पर एकत्रित होकर प्रधानमंत्री का संबोधन सुना है। कुजाप हनुमान चौकी में किसान समृद्धि केंद्र पर मैट्रिक्स फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स लिमिटेड के द्वारा किसानों प्रधानमंत्री का उद्बोधन का सीधा लाइव सुनने के लिए बड़े पैमाने पर टेंट और कुर्सियां लगाकर प्रोजेक्टर के द्वारा किसान हित में किया जा रहा उद्बोधन को किसानों तक पहुंचाने का कार्य किया गया है।

कारगिल दिवस के मौके पर पूर्व सैनिकों एवं वीरांगनाओं को किया गया सम्मानित

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। शहर के शुभ नारायण नगर मझौंवा स्थित "शांति स्मृति" संभावना आवासीय उच्च विद्यालय में गुरुवार को कारगिल दिवस-2023 के उपलक्ष्य में पूर्व सैनिकों एवं वीरांगनाओं का सम्मान समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि मेजर राणा प्रताप सिंह (सेनि.), विद्यालय के निदेशक डॉ. कुमार द्विजेंद्र एवं प्राचार्या डॉ. अर्चना सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद शहीद अमर जवानो को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के निदेशक डॉ. कुमार द्विजेंद्र ने की। संचालन वरिष्ठ शिक्षक अरविन्द कुमार ओझा एवं धन्यवाद ज्ञापन उप प्राचार्य ऋषिकेश ओझा ने की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मेजर राणा प्रताप सिंह (सेनि.) ने कहा कि सम्मान तो सम्मान होता है। वह कभी छोटा या बढा नही होता है। विद्यालय परिवार द्वारा हम लोगों को सम्मानित कर मनोबल बढ़ाया है। इसके लिए सभी बधाई के पात्र है। अध्यक्षता करते हुए विद्यालय के निदेशक डॉ. कुमार द्विजेंद्र ने कहा कि हमारे सैनिक प्रतिकूल मौसम में भी बॉर्डर पर तैनात रहते हैं। वीर सैनिकों के बदौलत ही हम अपने घर में चैन की नींद सो पाते हैं। होली, दिवाली और अन्य त्योहार मनाते हैं। उन पूर्व सैनिको एवं वीरांगनाओ को सम्मान देकर मैं अपने आप को काफी गौरवान्वित महसूस करता हूं। उन्होंने कहा कि संभावना आवासीय उच्च विद्यालय जिस जगह पर है। वह मुहल्ला भी मझौंवा निवासी शहीद शुभ नारायण सिंह के नाम स्थापित है। स्वागत भाषण देते हुए विद्यालय की प्राचार्या डॉ. अर्चना सिंह ने कहा कि कारगिल युद्ध हमारे लिए गौरव गाथा है। जो हमें गौरवान्वित महसूस करता रहेगा। हमारा देश वसुधैव कुटुंबकम की राह पर चलता है, लेकिन कोई भी दुश्मन देश आंख दिखाता है, तो उसे मुंहतोड़ जवाब दिया जाता है। जंग में शहीद जवानों के परिवार वालों की भावनाओं की कभी पूर्ति नहीं की जा सकती, उन जवानों व उनके परिवारजनो ने अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। इस मौके पर पूर्व सैनिकों एवं वीरांगनाओं को विद्यालय के निदेशक डॉ. कुमार द्विजेंद्र एवं प्राचार्या डॉ.अर्चना सिंह ने अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले पूर्व सैनिकों में सूबेदार मेजर जे.एन. सिंह, शंकर शर्मा कन्हैया सिंह, धनपत तिवारी, नायब सूबेदार ललन सिंह, रामबरन सिंह, सूबेदार मेजर एके सिंह, सूबेदार रामदयाल सिंह, सूबेदार मेजर बलराम कुमार राय, सिपाही शिवपूजन सिंह एवं वही वीरांगनाओं में सुंदरी देवी, रामझारों देवी, राज कुमारी, नीलू देवी, लगन देवी, सरस्वती देवी, हीरा देवी, शांति देवी, धनपातो देवी, भागमानो देवी, उषा देवी, पुष्पा कुमारी, मनोरमा देवी, सुहागिन देवी एवं शांति देवी हैं। सम्मान पाकर पूर्व सैनिक एवं वीरांगना काफी अभिभूत दिखी।कार्यक्रम के पूर्व देश की रक्षा को लेकर सर्वोच्च बलिदान देने वालो शहीद जवानो की याद में दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। स्वागत गीत विद्यालय की छात्रा आशना सिंह, तन्या सिंह, रिया, आरुशी राज, मनिषा यादव, सुप्रिया कुमारी, कुमारी वैष्णवी, पल्लवी कुमारी, विद्या ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का समापन "वंदे मातरम" के साथ हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में संगीत शिक्षक धर्मेंद्र कुमार अमितेश रंजन का योगदान रहा। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिका एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी समेत अन्य मौजूद रहें।

भाजपा आरा विधानसभा की बैठक नगर अध्यक्ष जीतु चौरसिया के अध्यक्षता की गई

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। भारतीय जनता पार्टी, आरा विधानसभा की बैठक आरण्य देवी मंदिर के बगल में,राजू जी के हाता में नगर अध्यक्ष जीतु चौरसिया के अध्यक्षता में हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व कृषि मंत्री सह आरा विधायक श्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह, जिला महामंत्री सह आरा विधानसभा प्रभारी नरेन्द्र तिवारी, नगर प्रभारी अजय सिंह, ग्रामीण प्रभारी अरूण सिन्हा उपस्थित हुए। कार्यक्रम की शुरूआत भारत माता, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी, दीनदयाल उपाध्याय जी के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर और वन्दे मातरम गाण से हुई।

बैठक को संबोधित करते हुए अमरेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए कार्यकर्ता संगठित हो जायें। आने वाला चुनाव भाजपा के लिए महत्वपूर्ण हैं क्योंकि एक तरफ राष्ट्र हित में कार्य करने वालीं एनडीए की नरेन्द्र मोदी जी की सरकार है वहीं उनके विपक्ष में भ्रष्टाचारी, परिवारवादी देशविरोधी शक्तियों को साथ देने वाली आईएनडीआईए गठबंधन है जिसमें कांग्रेस,राजद, आप, सपा, इंडियन मुस्लिम लीग जैसे पार्टी है। अतः तीसरी बार पुनः नरेन्द्र मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए सभी मतदान केन्द्रों पर बुथ कमेटी, पन्ना प्रमुख का गठन करना है और मतदान केन्द्रों को ग्रेडिंग सिस्टम से चार भागों में विभक्त करना है।यह सभी कार्य शक्ति केन्द्र के माध्यम से ही सम्भव है।दो तीन दिन के भीतर सभी शक्ति केन्द्र पर बैठक कर जल्द से जल्द कमेटी का गठन करना सुनिश्चित करें।

इस अवसर पर आरा के विकास योजनाओं पर भी प्रकाश डालते हुए कहा कि एग्रिकल्चर इंजीनियरिंग कॉलेज के भवन निर्माण कार्य हेतु राशि जापानी फार्म में आवंटित हो गया है। आरा शहर के आउट फाल नाले सहित विभिन्न नालों के निर्माण के लिए 78 करोड़ की राशि स्वीकृत हो चुकी है और गांगी से गोपाली चौंक तक ओवरब्रिज निर्माण तथा आरा बक्सर एनएच से आरा पटना एनएच को चंदवा से गांगी होते हुए धरहरा तक बाईपास निर्माण की एनओसी की स्वीकृत हो चुकी है।इन सभी मांगों को मैंने मंत्री रहते हुए एवं मुख्यमंत्री जी के आरा आगमन पर बैठक में रखा था जिसे सरकार द्वारा स्वीकृति प्रदान कर दी गई।इन सभी योजनाओं के स्वीकृति का क्षेय आप सभी कार्यकताओं को जाता है। बैठक का संचालन नगर महामंत्री हैप्पी तिवारी ने एवं धन्यवाद ज्ञापन ग्रामीण अध्यक्ष अशोक सिंह ने किया।

बैठक में जिला मंत्री राजकुमार कुशवाहा, सुशील कुमार मिश्र, दीपक सिंह, डॉ संजय सिंह, रौबिन कुशवाहा, बलजीत सिंह, गुड्डू पासवान, प्रियांशु दीवान, मंदीप तिवारी, अटल बिहारी सिंह, अमर किशोर सिंह, मुन्ना सिंह, अश्वनी कुशवाहा, राजु शाहाबादी, पंकज सिंह, सोनू सिंह, अभय चौधरी, रविरंजन, मिठाई लाल, राजू गुप्ता, अवधेश कुमार, राधे गुप्ता, मनीष गुप्ता,पोखराज पासवान आदि उपस्थित थे।

शिक्षा शास्त्र विभाग की छात्रा प्रियंका कुमारी को प्रधानाचार्य ने किया सम्मानित

प्रात : किरण संवाददाता

गया। कारगिल दिवस समारोह के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना मगध विश्वविद्यालय इकाई द्वारा आयोजित समारोह में शिक्षाशास्त्र विभाग की प्रियंका कुमारी ने भाषण प्रतियोगिता में गया कॉलेज गया का प्रतिनिधित्व करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया गया है।कुलपति मगध विश्वविद्यालय बोधगया प्रोफेसर शशि प्रताप शाही के कर कमलों द्वारा. मेडल एवं प्रशस्ति पत्र भी उसे प्रदान किया गया है । प्रधानाचार्य डॉ दीपक कुमार ने कहा कि ऐसे अवसरों पर सहभागिता से विद्यार्थियों के अंदर छुपी प्रतिभा निखर कर सामने आती है हमें प्रियंका जैसे विद्यार्थियों पर गर्व है और भविष्य में भी मैं ऐसे आयोजनों के लिए कृत संकल्प हूं।आने वाले समय में विद्यार्थियों को गीत संगीत नृत्य एवं अन्य सांस्कृतिक विधाओं में भी एक अच्छा माहौल प्रदान करने की कोशिश की जा रही है।छात्रों के उन्नयन के लिए उन्हें हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी जिससे कि वह गया महाविद्यालय गया का नाम राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय जगत में रोशन कर सकें। प्रियंका को बधाई देने वालों में उप प्राचार्य गया कॉलेज गया डॉक्टर विनोद सिंह डॉ उपेंद्र कुमार मुख्य कुलानुसाशक सह परीक्षा नियंत्रक एवं विभागाध्यक्ष भूगोल विभाग डॉ रविंद्र कुमार विभागाध्यक्ष पाली विभाग शिक्षकेतर कर्मचारी संघ के सचिव संतोष सिंह व अध्यक्ष निरंजन प्रसाद समेत। शिक्षशास्त्रविभाग के सभी शिक्षक विभिन्न छात्र संगठनों एवं विद्यार्थियों ने भी प्रियंका को बधाई दी है ।इस मौके पर एनएसएस के कार्यक्रम पदाधिकारी राजेश कुमार सहायक प्राध्यापक पाली विभाग. विभागाध्यक्ष शिक्षा शास्त्र विभाग डॉ धनंजय धीरज. ने कहा कि प्रियंका ने न सिर्फ शिक्षा शास्त्र विभाग का नाम रोशन किया है बल्कि गया कॉलेज गया को गौरव व सम्मान दिलाने का कार्य किया है।

प्रेम कुमार ने कई योजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन किया

प्रात : किरण संवाददाता

गया।गया शहरी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में पूर्व मंत्री,बिहार विकास विरासत समिति के सभापति सह नगर विधायक डॉ प्रेम कुमार ने मुख्यमंत्री क्षेत्रीय विकास योजना की राशि से कई योजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन किया गया है। सर्वप्रथम उन्होंने नारियल फोड़कर संजय नगर वार्ड नं 10 में लोको मध्य विद्यालय भवन का 14 लाख 63 हजार रुपए की राशि से भवन निर्माण कार्य की आधारशिला रखी गई है। वार्ड नं 10 में बैरागी सेंट्रल स्कूल के पीछे 14 लाख 99 हजार रुपए की लागत से निर्मित पार्क का शिलान्यास किया गया है। वार्ड नंबर 11 में मुरली हील के पास 3 लाख 54 हजार रुपए की लागत से शेड का निर्माण कार्य का उद्घाटन किया गया है। वार्ड नंबर 14 में दुखहरनी मंदिर के निकट का 1 लाख 70 हजार रुपए की लागत से निर्मित चबूतरे का उद्घाटन किया गया है। वार्ड नंबर 24 में भारत सेवाश्रम संघ के नजदीक चंद्रवंशी नगर में 14 लाख 63 हजार रुपए की लागत से सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया है। 14 लाख 99 हजार की लागत से वार्ड नं0 43 में राजेंद्र उत्क्रमित उच्च विद्यालय भवन कार्य का शिलान्यास किया गया है। 3 लाख 35 हजार की लागत से पीजी मोड़ से मछली मोड़ तक पथ का निर्माण कार्य का उद्घाटन किया गया है। उक्त कार्यक्रम के बाद क्षेत्र की जनता को संबोधित करते हुए नगर विधायक डॉ प्रेम कुमार ने कहा कि सामुदायिक भवन, पार्क एवम स्कूल का निर्माण होने से क्षेत्र के लोगों को सुविधा होगी। शहर में सरकार की योजनाओं धरातल पर तेजी से लाने का काम किया जा रहा है। पार्कों की भूमिका खासकर बच्चों के शारीरिक मजबूती एवम स्वास्थ में अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। कई विद्यालयों के निर्माण हो चुके हैं और कई विद्यालयों का कार्य प्रगति पर है। विद्यालयों के निर्माण से खासकर गरीब बच्चों का भविष्य उज्ज्वल होगा। साथ ही कई सामुदायिक भवन का निर्माण हुआ है और कुछ निर्माण हो रहे हैं। आवश्यकता होने पर और भी सामुदायिक भवन बनाये जाएंगे। सामुदायिक भवन से स्थानीय गरीब परिवारों को शादी विवाह जैसे शुभ कार्यों में मदद मिलेगी। इन योजनाओं से स्थानीय लोगों में काफी खुशी दिखी और नगर विधायक को स्थानीय लोगों ने माला पहनाकर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया है। इस अवसर पर शंभू यादव,पप्पू चंद्रवंशी, अमित लोहानी, सुरेंद्र यादव, प्रेमसागर, देवानंद पासवान, विकाश कुमार, टिंकू गोस्वामी, बबलू चंद्रवंशी, रॉकी कुमार, राजीव सिन्हा, आकाश गिरी, धीरू, वार्ड नंबर 10 के पार्षद कुंदन पासवान, वार्ड नंबर 11के पार्षद गोपाल पासवान, वार्ड नंबर 14 के पार्षद पप्पू शर्मा, वार्ड पार्षद 13 राहुल शर्मा, अशोक गुप्ता,साकेत कुमार, धीरज रौनीयार,रुपेश जी,दीपक पांडेय,डॉ राजकुमार सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

परामर्श दातृ समिति की बैठक समाहरणालय सभगार में आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

गया।जल जीवन हरियाली अभियान के तहत प्रभारी मंत्री, गया मो० इसराईल मंसूरी की अध्यक्षता में जिला परामर्श दातृ समिति की बैठक समाहरणालय सभगार में आयोजित की गई है।जिला पदाधिकारी डॉ त्यागराजन एसएम ने बताया कि यह बैठक काफी महत्वपूर्ण है। वर्ष 2019 में मुख्यमंत्री द्वारा जल जीवन हरियाली अभियान योजना की शुरूआत की गई थी। इस योजना गया जिला के लिए एक वरदान है, क्योंकि गया जिला दक्षिण बिहार में पड़ता है यहां कम वर्षा होना सुखाड़ की स्थिति रहना हमेशा लगा रहता है। और साथ ही साथ गया जिला पूरे पहाड़ियों से घिरा हुआ जिला है। जल जीवन हरियाली अभियान के तहत गया जिले में काफी कार्य किए गए हैं ताकि किसानों को सिंचाई हेतु पानी मिले जिले का भूगर्भ जल स्तर बरकरार रहे। जिला पदाधिकारी ने जल जीवन हरियाली के विभिन्न अवयवों का बिंदुवार स्थिति की जानकारी प्रभारी मंत्री को दी गई है।सार्वजनिक जल संचयन संरचनाओं को चिन्हित कर अतिक्रमण मुक्त कराने के संबंध में बताया कि वर्ष 2019 से 2023 तक राजस्व विभाग द्वारा 1563 जल संरचनाओं में हुए अतिक्रमण को चिन्हित करते हुए अतिक्रमण वाद चलाकर हटाया गया है। वर्तमान समय में थी अतिक्रमण की सूचना जहां से प्राप्त हो रही है उसे युद्ध स्तर पर अतिक्रमण को हटाया जा रहा है।सार्वजनिक जल संचयन संरचनाओं के तहत तालाब के जीर्णोद्धार के समीक्षा के दौरान लघु जल संसाधन विभाग द्वारा अब तक 57 तालाब का जीर्णोद्धार कार्य करवा लिया है तथा इस वर्ष 2023 -24 में 51 तालाबों का डीपीआर तैयार कर विभाग को समर्पित किया है।

इसी प्रकार ग्रामीण विकास विभाग मनरेगा द्वारा कुल 604 तालाबों का जीर्णोद्धार किया है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में 153 तालाबों का जीर्णोद्धार कराने की योजना है।इसमें 67 तालाबों का जीर्णोद्धार कार्य पूर्ण भी कर लिया है। नगर विकास एवं आवास विभाग के तहत गया नगर निगम द्वारा घुघडी ताड तालाब, सरयू तालाब, बतेस्वर तालाब, गडालोल तालाब एवं सूर्यपोकर तालाब के जरमार हेतु एस्टीमेट तैयार कर प्रशासनिक स्वीकृति हेतु विभाग को भेजा गया है।सार्वजनिक आहर, पइन के जीर्णोद्धार के समीक्षा के दौरान लघु जल संसाधन विभाग द्वारा अब तक 28 योजनाओं का जीर्णोद्धार किया गया है तथा 33 योजनाओं का जीर्णोद्धार का प्रस्ताव विभाग को भेजा गया है जिसमें 23 आहर पर कार्य चल रहा है। उसी प्रकार मनरेगा द्वारा अबतक 3580 आहार का जीर्णोद्धार पूर्ण कर लिया है। वित्तीय वर्ष 2023 -24 में 674 आहार का जीर्णोद्धार कराने की योजना है जिसमें 259 योजना का जीर्णोद्धार पूर्ण भी कर लिया गया है। मनरेगा द्वारा 2555 पइन का जीर्णोद्धार किया गया है। इस वर्ष 761 पइन के जीर्णोद्धार का योजना लिया गया, जिसमे 330 योजना का जीर्णोद्धार भी पूर्ण हो गया है।

अनुआँ मे पेयजल के संकट ग्रामीण लोग परेशान

प्रात : किरण संवाददाता

वंशी (अरवल) सोनभद्र वंशी सूर्यपुर प्रखंड क्षेत्र के कई गांव में भूजल स्तर नीचे चले जाने के कारण पेयजल पानी के संकट से ग्रामीण परेशान है, सरकार की महत्वकांक्षी नल जल योजना शोभा की वस्तु बनकर खड़ी है वंशी प्रखंड के अनुआँ गांव में चापाकल से पानी नहीं मिल रहा है, ग्रामीण ने पेयजल के लिए 500 मीटर दूरी चलकर बधार मे बोरिंग से ला रहे है पानी,मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा सात निश्चय योजना नल जल दम तोड़ रही है, कई वार्ड में नल जल बिखरे पड़े कहि स्ट्रक्चर टूटे हैं तो कहीं टैंकर टूटे पड़े हैं, पेयजल की समस्या को लेकर ग्रामीण सुधीर कुमार मनोज कुमार विकास कुमार सावित्री कुमारी मंजू देवी समेत अन्य लोगों ने दूरभाष नंबर पर डीपीआरओ को पेयजल की समस्या की जानकारी दिया और टैंकर के द्वारा पेयजल की व्यवस्था करने की मांग किया, ग्रामीण पानी की समस्या से त्राहि-त्राहि कर रहे हैं

शहीद भगत सिंह क्रिकेट सीरीज ट्रॉफी पर हरिओम स्पोर्ट्स ने 3-0 से कब्जा किया

पूर्णिया । स्थानीय जिला स्कूल स्टेडियम खेल मैदान परिसर पूर्णिया में अपराह्न 3: 30 बजे से शहीद भगत सिंह क्रिकेट सीरीज प्रतियोगिता के अंतिम मुकाबला हरिओम स्पोर्ट्स बनाम मधुबनी मास्टर स्पोटिंग क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। मधुबनी मास्टर स्पोटिंग क्रिकेट क्लब के कप्तान एहशान खान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में आल आउट हो कर मात्र 45 रनों पर सिमट गई। जिसमें कोई भी बल्लेबाज ने दो अंक में रन नहीं बना पाया। हरिओम स्पोर्ट्स के कप्तान शिवम्कुमार ने बेहतरीन गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुए 5 विकेट प्राप्त किया। शयान राय ने 2 विकेट, मयंक 2 विकेट एवं चेतन राज ने 1 विकेट प्राप्त किया। 46 रनों का पीछा करते हुए हरिओम स्पोर्ट्स ने 5 ओवर में 2 विकेट खोकर 8 विकेट से जीत हासिल कर ली। इस जीत के साथ हरिओम स्पोर्ट्स ने शहीद भगत सिंह क्रिकेट सीरीज प्रतियोगिता 3-0 से जीत ली। हरिओम स्पोर्ट्स की ओर से बल्लेबाजी करते हुए वेदांत ने 22 रन हर्षित राना ने 13 रन का महत्वपूर्ण योगदान दिया। मधुबनी मास्टर स्पोटिंग क्रिकेट क्लब की ओर से गेंदबाजी करते हुए अंशु ने 2 विकेट प्राप्त किया।बिहार अंडर 16 चयन समिति पूर्व सदस्य व ईस्ट जोन पूर्व चेयरमैन व क्रिकेट प्रशिक्षक हरिओम झा ने कहा कि युवाओं को विभिन्न खेलों से जोड़ना है और जिलों में विभिन्न खेलों का बेहतर माहोल बनाना है। पढ़ाई-लिखाई के साथ-साथ विभिन्न खेलों के माध्यम से देश के महान क्रांतिकारी के बारे में जानकारी भी देनी है। ताकि देश के इतिहास से युवा पीढ़ी भली-भांति परिचित हो सके। बिहार महिला क्रिकेट टीम के पूर्व मैनेजर स्वाति वैश्यंत्री, पूणिया जिला क्रिकेट संघ के संस्थापक सदस्य व स्टेट पैनल अंपायर (ग्रेट ए) मौ नैयर अली, पूर्व खिलाड़ियों जितेन्द्र कुमार सिन्हा गोपी, क्लब अध्यक्ष प्रमोद पंसारी, मौ मंजर मोहशिम एवं पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक व खेल प्रेमी संजीव मिश्रा ने खिलाड़ियों एवं उपस्थित खेल प्रेमियों को संबोधित किए।

महिलाओं को कानून एवं अधिकार को लेकर विधिक जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश एवं राष्ट्रीय महिला आयोग के सहयोग से जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वधान में स्थानीय विद्या भवन सभागार आरा में महिलाओं को कानून एवं अधिकार को लेकर विधिक जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें लाभार्थी के रूप में महिला पुलिसकर्मी, एएनएम एवं महिला पारा विधिक स्वयंसेविका उपस्थित थी।

आयोजन का उद्घाटन जिला एवं सत्र न्यायाधीश, भोजपुर, जिला पदाधिकारी, भोजपुर, पुलिस अधीक्षक, भोजपुर, उप विकास आयुक्त, भोजपुर, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, भोजपुर, एवं रिसोर्स पर्सन के रूप में आए संजू सिंह एवं सविता अली द्वारा दीप प्रज्वलित के साथ शुरूआत किया गया। कार्यक्रम में आय सभी पदाधिकारीगण द्वारा उपस्थित सभी महिलाओं को बहुत से बातों की जानकारी दी। जिला एवं सत्र न्यायाधीश ब्रजेश कुमार मालवीय द्वारा उपस्थित महिलाओं को मातृत्व अवकाश के लाभ, महिलाओं का कार्यालय पर यौन अपराध से सुरक्षा के बारे में बताया गया वही जिला पदाधिकारी, भोजपुर राजकुमार द्वारा इसकार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाना तथा उन्हें विधिक रूप से जागरूक करना बताया गया। पुलिस अधीक्षक भोजपुर प्रमोद कुमार राय द्वारा महिलाओं को कानूनी अधिकार तथा गिरफ्तारी संबंधी अधिकारों के बारे में बताया गया। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह- सचिव, आदित्य सुमन ने बताया कि महिलाओं को कानूनी रूप से जागरूक होना बहुत ही जरूरी है जिस कारण यह कार्यक्रम रखा गया। इससे महिलाएं निश्चित ही आगे बढ़ सकती हैं और साथ ही महिलाओं को अपने अधिकार के बारे में जानना जरूरी है । मौके पर महिला थाना प्रभारी, सीडीपीओ, रिसोर्स पर्सन के रूप में संजू सिंह, सविता अली एवं मंच संचालक कृष्ण गोपाल मिश्रा के साथ महिला पुलिसकर्मी, एएनएम एवं पारा विधिक स्वयंसेविका उपस्थित रही।

महादलित बस्ती में प्रखंड कार्यालय द्वारा कैम्प लगाकर जन सुविधाओं की दी गई जानकारी

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। उदवंतनगर प्रखंड के एकौना ग्रा. पं. के चौड़ाई गाँव के महादलित बस्ती में प्रखंड कार्यालय द्वारा कैम्प लगाकर जन सुविधाओं से वंचित लोगो को मुख्यमंत्री आवास सहायता योजना,स्वास्थ्य, आधार कार्ड,राशन कार्ड,पेंशन योजना,शिक्षा,बैंक आदि जैसे सुविधाओं को लोगो के घर तक ले जाने का कार्य किया गया।

प्रखंड विकास पदाधिकारी श्री अरुण सिंह ने बताया कि उप-विकास आयुक्त महोदय श्री विक्रम विरकर महादलित बस्ती के लोगो को सभी सरकारी योजनाओं का लाभ एवं सुविधाओ को उनके घर तक पहुँचाने के लिए गंभीर है। इसी क्रम में प्र.वि.प. द्वारा सभी विभागों से समन्वय स्थापित करते हुए आज इस कैम्प का आयोजन किया गया। आज इस कैम्प में मुख्यमंत्री आवास सहायता योजना,स्वास्थ्य, आधार-कार्ड निर्माण,राशन कार्ड निर्माण,पेंशन, शिक्षा,बैंक जैसे विभागों को शामिल किया गया जिसमें 20 लोगो को आवास,वयस्क तथा बच्चों को मिलाकर लगभग 300 लोगो का स्वास्थ्य परीक्षण एवं आवश्यक दवाओ का वितरण, 18 वर्ष तक के 45 बच्चों का आधार-कार्ड आवेदन, 45 परिवारों के छूटे हुए सदस्यों एवं 12 नए परिवारों को राशन-कार्ड से जोड़ा गया ।इसके अलावे करीब एक वर्ष से 6 वर्धा पेंशन धारी तथा 2 विधवा पेंशन धारी को आवश्यक सुधार के पशचात उनका पेंशन पुनः शुरू किया गया साथ ही 2 दिव्यांग जनों को पेंशन हेतु नया आवेदन प्राप्त किया गया तथा 6 बच्चों का विधालय में पुनः पंजीकरण करवाया गया। इन सब के अलावे इस बस्ती के लोग स्वस्थ रहे इसके लिए प्र.वि. प. तथा पंचायत के मुखिया जी के द्वारा कूड़ा-कचरा को इधर-उधर ना फेक कर ,सफाई वाले को देने को कहा।

विभिन्न कार्यक्रमों मे भाजपा नेता सहित किसान हुए शामिल

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राजस्थान के सीकरी से समस्त देश के किसानों को पीएम किसान सम्मेलन मे 1.25 लाख किसान समृद्धि केन्द्रो को देश को समर्पण,यूरिया गोल्ड का शुभारंभ, पीएम किसान की 14 वीं किस्त के रुप मे 8.5 करोड़ किसानो को 17.5 करोड़ रूपए का खाता मे हस्तांतरण,राजस्थान मे 5 मेडिकल कॉलेजो का उद्घाटन और 07 मेडिकल कॉलेजो के शिलान्यास के साथ 6 एकलब्य विद्यालय,और एक केन्द्रीय विद्यालय का उद्घाटन किया गया। उक्त सम्मेलन को देश भर के कृषि केन्द्रों पर देखा गया।

भोजपुर जिला के सभी प्रखंड मुख्यालयो के केन्द्रो सहित जिला मुख्यालय के कृषि स्काडा सभागार और विस्कोमान केन्द्र पर भी मोदी जी के अभिभाषण को देखा और सुना गया।

भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गा राज,हरेन्द्र पांडेय,वंदना

निजी बैंकों में बढ़ी नौकरी छोड़ने की रफ्तार, दावा- हर तीन में एक फ्रंटलाइन कर्मचारी दे रहा इस्तीफा

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत के निजी बैंकों में नौकरी छोड़ने की दर में वृद्धि देखी जा रही है, विशेष रूप से युवा और फ्रंटलाइन कर्मचारियों के नौकरी छोड़ने का चलन बढ़ा है। खबरों के मुताबिक, निजी क्षेत्र के बैंकों में एंट्री लेवल के तीन कर्मचारियों में से एक अपनी नौकरी छोड़ रहा है। भीड़-भाड़ वाले बाजार के एक बड़े हिस्से पर कब्जा करने की होड़ में बैंकों में ऋण की मजबूत मांग देखी जा रही है। पिछले वित्त वर्ष में ऋण की मांग 15 प्रतिशत बढ़ी है और खुदरा ऋणों की मांग में वृद्धि के कारण इस वर्ष में इसमें 10-12 प्रतिशत का इजाफा होने का अनुमान है। निजी बैंकों में तेज विकास का खामियाजा उसके फ्रंटलाइन कर्मचारियों को उठाना पड़ता है, इससे उनपर दबाव बढ़ता है। देश के सबसे बड़े निजी ऋणदाता एचडीएफसी बैंक ने पिछले साल की तुलना में कर्मचारी कारोबार की दर बढ़कर 34 प्रतिशत हो गई, जबकि एक्सिस बैंक में यह लगभग 35 प्रतिशत पर था। कोटक महिंद्रा बैंक में नौकरी छोड़ने वालों की संख्या बढ़कर करीब 50 फीसदी हो गई, जबकि यस बैंक में नौकरी छोड़ने की दर 43 फीसदी रही।

इंट्री लेवल कर्मियों के नौकरी छोड़ने की समस्या से पूरी बैंकिंग इंडस्ट्री जूझ रही

रिपोर्ट्स के अनुसार एक्सिस बैंक के सीईओ अमिताभ चौधरी ने बुधवार को कहा, यह एक ऐसी समस्या है जिससे पूरा उद्योग जूझ रहा है। चौधरी ने कहा कि बैंक कर्मचारियों को बनाए रखने के लिए करियर की प्रगति और प्रशिक्षण सहित विभिन्न विकल्पों पर विचार कर रहा है।

स्टाफिंग फर्म टीमलीज सर्विसेज की को-फाउंडर रितुपर्णा चक्रवर्ती ने कहा, फाइनैंशल सर्विसेज के मामले में एट्रिशन (नौकरी छोड़ने के चलन की स्थिति) तब होता है जब इंडस्ट्री की सर्विसेज की डिमांड ज्यादा होती है और कंपनियां प्रॉडक्टिविटी बढ़ा रही होती हैं। यस बैंक के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) प्रशांत कुमार ने बीते सप्ताहांत पर एक बयान में कहा, सेल्स साइड के ज्यादातर लोग नौकरी छोड़कर जा रहे हैं, और यह रुझान पूरी बैंकिंग इंडस्ट्री में है। उन्होंने कहा कि बैंक इस स्थिति को नियंत्रित करने की दिशा में काम कर रहा है और वह नहीं चाहता कि कुल मिलाकर 25-30 प्रतिशत से अधिक नौकरी छोड़कर चले जाएं।

अधिकतम लाभ हासिल करने की चाहत में युवा बदल रहे नौकरी

एंट्री-लेवल रिलेशनशिप मैनेजर्स की कमाई 30,000 रुपये से 35,000 रुपये होने के कारण उनके लिए स्विच करना आसान है। टीमलीज के चक्रवर्ती ने कहा कि पिछले एक साल में इस श्रेणी में सालाना पारिश्रमिक 8-10 फीसदी बढ़ा है। उन्होंने कहा, कर्मचारी अवसर मिलने पर नौकरी बदलकर बढ़ते बाजार में अधिकतम लाभ हासिल करने की कोशिश में नौकरी छोड़ने में हिचकिचाते नहीं हैं। लेकिन सिर्फ पैसा ही नौकरी छोड़कर जाने की दर बढ़ने का एकमात्र कारण नहीं है, बल्कि काम करने की बेहतर स्थित और काम में लचीलापन मिलने के आकर्षण में भी युवा नौकरी छोड़ रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स में एक बैंक के हवाले से बताया गया है कि नौकरी छोड़ने के ज्यादातर मामले ज्वाइनिंग के छह महीने के भीतर होते हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, कोटक महिंद्रा बैंक में जूनियर लेवल के कर्मचारियों ने सबसे ज्यादा नौकरियां छोड़ी।

जूनियर लेवल पर लगभग 50 प्रतिशत कर्मी नौकरी छोड़ने में दिखा रहे दिलचस्पी

कोटक महिंद्रा बैंक की होल-टाइम डायरेक्टर शांति एकंबरम के अनुसार बैंक में सीनियर लेवल पर 10 प्रतिशत और मिड लेवल पर 20 प्रतिशत लोग नौकरी छोड़ रहे हैं, जबकि जूनियर लेवल पर 50 प्रतिशत कर्मी इस्तीफा देने लगे हैं। एकंबरम ने बैंक के तिमाही नतीजों के बाद विश्लेषकों से बातचीत में कहा, बैंक एट्रिब्यूशन को नियंत्रित करने के लिए सहभागिता, प्रशिक्षण और प्रौद्योगिकी तथा स्वचालन जैसे क्षेत्रों पर काम कर रहा है।

बैंकिंग सेक्टर में बड़ा दांव खेलने की तैयारी में आनंद महिंद्रा

नई दिल्ली, एजेंसी। ऑटो सेक्टर की दिग्गज कंपनी महिंद्रा एंड महिंद्रा बैंकिंग सेक्टर में बड़ा दांव खेलने की तैयारी में हैं। ऑटो के अलावा कंपनी का बिजनस टेक्नोलॉजी सर्विसेज और नॉन-बैंक लेंडिंग में भी फैला है। लेकिन महिंद्रा ग्रुप अब फॉर्मल बैंकिंग सेक्टर में भी उतरने जा रहा है। ग्रुप ने प्राइवेट सेक्टर के आरबीएल बैंक में करीब 10 फीसदी हिस्सेदारी खरीदने का फैसला किया है। ग्रुप ने बुधवार को कहा कि उसकी पहले से ही इस बैंक में 3.5 फीसदी हिस्सेदारी है। यह हिस्सेदारी उसने सेकंडरी मार्केट ट्रांजैक्शंस के जरिए खरीदी थी।

डील पूरी होने के बाद महिंद्रा एंड महिंद्रा की इनवेस्टमेंट फंड मैपल के साथ आरबीएल बैंक में सबसे बड़ी हिस्सेदारी होगी। आरबीआई बड़ी कंपनियों के बैंक चलाने के पक्ष में नहीं रहा है। हाल में आरबीआई के एक इंटरनल वर्किंग ग्रुप ने बड़ी कंपनियों को बैंक चलाने की अनुमति देने की सलाह दी थी। लेकिन भारी विरोध के चलते आरबीआई ने इस प्रस्ताव को छोड़ दिया था। महिंद्रा ग्रुप के पास पहले से ही एक एनबीएफसी महिंद्रा फाइनेंशियल सर्विसेज है। महिंद्रा ग्रुप ने कहा कि उसने आरबीएल में 3.53 फीसदी हिस्सेदारी 417 करोड़ रुपये में खरीदी है। पिछले एक महीने में बैंक के शेयरों में 44 परसेंट तेजी आई है। 26 जून को इसकी कीमत 166 रुपये थी जो बुधवार को 242 रुपये पहुंच गई।

बैंक ने क्या कहा: ग्रुप ने कहा कि वह आरबीएल में और निवेश कर सकता है लेकिन यह कीमत, रेगुलेटरी अप्रूवल्स और जरूरी प्रॉसीजर्स पर निर्भर करेगा। हालांकि किसी भी हालत में यह हिस्सेदारी 9.9 परसेंट से ज्यादा नहीं होगी। इससे पहले मीडिया में खबर आई थी कि महिंद्रा ग्रुप आरबीएल बैंक ने 15 फीसदी से ज्यादा स्ट्रैटजिक स्टेक ले सकता है। लेकिन बैंक ने इस पर स्पष्टीकरण जारी करते हुए कहा कि महिंद्रा की हिस्सेदारी केवल 3.53 परसेंट है। बैंक ने साथ ही कहा है कि आरबीआई की गाइडलाइंस के मुताबिक अगर कोई शेयरहोल्डर किसी बैंक में पांच परसेंट या उससे ज्यादा हिस्सेदारी खरीदता है तो उसके लिए उसे बैंकिंग रेगुलेटर से अनुमति लेनी होती है। बैंक ने कहा कि उसेअब तक ऐसी कोई एप्लिकेशन नहीं मिली है।

बीपीसीएल ने पहली तिमाही में कमाया 10,664 करोड़ रुपए का मुनाफा

नई दिल्ली, एजेंसी। सार्वजनिक क्षेत्र की भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) ने चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 10,664 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ कमाया है जबकि पिछले साल की समान तिमाही में उसे 6,147.94 करोड़ रुपए का घाटा हुआ था। बीपीसीएल ने बुधवार को शेयर बाजारों को यह सूचना दी। कच्चे तेल की अंतरराष्ट्रीय कीमतों में गिरावट के बावजूद पेट्रोल और डीजल की खुदरा बिक्री कीमतों में कोई कटौती न होने से उसे अपना मार्जिन सुधारने में मदद मिली है।

गत वर्ष यूक्रन पर रूस के हमले के बाद अंतरराष्ट्रीय तेल कीमतों में उछाल आने के बाद से ही घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर बनी हुई हैं। हालांकि, बीती तिमाही में कच्चे तेल के दाम गिरे लेकिन पेट्रोलियम कंपनियों ने उसके अनुपात में पेट्रोल-डीजल के दाम नहीं घटाए। इससे उन्हें पिछले साल हुए घाटे की भरपाई करने में मदद मिली। हालांकि, कच्चे तेल के दाम घटने से बीपीसीएल की पहली तिमाही में परिचालन आय सात प्रतिशत गिरकर 1.28 लाख करोड़ रुपए पर आ गई है। इसने कच्चे तेल के शोधन पर 12.64 डॉलर प्रति बैरल कमाये जबकि पिछले साल की समान तिमाही में उसका रिफाइनिंग मार्जिन 27.51 डॉलर प्रति बैरल रहा था। कंपनी की कर-पूर्व आय जनवरी-मार्च तिमाही की तुलना में 41.8 प्रतिशत उछलकर 15,809.7 करोड़ रुपए हो गई। पहली तिमाही में सार्वजनिक तेल कंपनी को हुआ 10,664 करोड़ रुपए का लाभ बीते समूचे वित्त वर्ष 2022-23 में कमाये गए 2,892.34 करोड़ रुपए के कुल मुनाफे से कई गुना अधिक है। बीपीसीएल के साथ सार्वजनिक क्षेत्र की दो अन्य कंपनियों इंडियन ऑयल और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड ने भी पिछले साल पेट्रोल और डीजल की कीमतों में लागत के अनुरूप संशोधन पर रोक लगाई हुई है। इससे उन्हें कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव से होने वाले नफा-नुकसान दोनों स्थितियों का सामना करना पड़ा है।

पेट्रोल पर तीनों पेट्रोलियम कंपनियां अक्टूबर-दिसंबर, 2022 की तिमाही से ही मुनाफा कमा रही हैं जबकि डीजल पर उन्हें सकारात्मक मार्जिन इस साल मई में जाकर मिला। भारत अपनी कच्चे तेल जरूरतों का 85 प्रतिशत आयात से ही पूरा करता है।

भारत को 2047 तक ऊर्जा के मामले में स्वतंत्र देश बनाने का लक्ष्य, वित्त मंत्री ने किया एलान

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत ने 2047 तक ऊर्जा के मामले में स्वतंत्र होने का लक्ष्य रखा है। यह बात केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने दिल्ली में आयोजित ग्लोबल केमिकल्स एंड पेट्रोकेमिकल्स मैन्युफैक्चरिंग हब्स इन इंडिया शिखर सम्मेलन में कही। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि सरकार ने आजादी के सौ वर्ष पूरे होने के मौके पर वर्ष 2047 तक ऊर्जा के मामले में आत्मनिर्भर बनने का लक्ष्य रखा है। यह ऊर्जा के मामले में स्वतंत्र बनने जैसा है। वित्त मंत्री ने कहा, ''हमें याद रखना है कि भारत ने 2047 तक ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करने और 2070 तक शून्य कॉर्बन उत्सर्जन का लक्ष्य रखा है। यह लक्ष्य तबतक हासिल नहीं हो सकता, जबतक कि सभी उद्योग और सभी क्षेत्र इसमें अपना योगदान नहीं दें।''

उन्होंने कहा कि भारत की ऊर्जा दक्षता और नवीकरणीय ऊर्जा प्रतिबद्धताएं भी बहुत महत्वपूर्ण हैं। भारतीय उद्योग जगत को शुद्ध शून्य उत्सर्जन और गैर-जीवाश्म ईंधन स्रोतों से 500 गीगावॉट की स्थापित बिजली क्षमता के लक्ष्य को ध्यान में रखना चाहिए। उन्होंने उद्योग जगत से हाइड्रोजन मिशन पर भी ध्यान देने का आग्रह किया। सरकार ने उत्सर्जन में कटौती के लिए हरित हाइड्रोजन के विनिर्माण को प्रोत्साहन देने को 19,744 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन योजना को मंजूरी दी है।

वित्त मंत्री बोलीं- रसायन और पेट्रोरसायन क्षेत्र के लिए पीएलआई योजना पर होगा विचार: वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि सरकार रसायन और पेट्रोरसायन क्षेत्र के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना पर विचार करेगी। उन्होंने कहा कि सरकार का इरादा भारत को इन उत्पादों का विनिर्माण केंद्र बनाने का है। वित्त मंत्री ने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण के कड़े नियमों और श्रम की बढ़ती लागत के मद्देनजर रसायन उद्योग के वैश्विक विनिर्माता अपने उत्पादों और उत्पादन क्षमता में विविधता लाने पर विचार कर रहे हैं और भारत विनिर्माण के लिए एक वैकल्पिक गंतव्य के रूप में उभर रहा है।

हम हरित वृद्धि पर ध्यान दे रहे, कार्बन गहनता को कम करने की जरूरत: वित्त मंत्री: वित्त मंत्री ने शिखर सम्मेलन के तीसरे संस्करण को संबोधित करते हुए गुरुवार को कहा कि भारत एक बड़ा घरेलू बाजार भी है। उन्होंने कहा, ''हम भारत को विनिर्माण केंद्र बनाना चाहते हैं। इसलिए हम रसायन और पेट्रोरसायन पर पीएलआई योजना लाने पर विचार करेंगे।'' सीतारमण ने इस बात पर जोर दिया कि जिस उद्योग में व्यापक संभावनाएं हैं, उसे स्थिरता, कार्बन उत्सर्जन, सामान्य प्रदूषण और भूजल प्रदूषण को ध्यान में रखकर विनिर्माण क्षमता का निर्माण करना चाहिए। सीतारमण ने कहा, ''हम हरित वृद्धि पर ध्यान दे रहे हैं। कार्बन गहनता को कम करने की जरूरत है। ऐसे में प्रत्येक क्षेत्र को इसमें योगदान देना होगा।''

पहले पल से बेबी की सुरक्षा करने का हर माँ का प्रॉमिस पूरा करने में मदद करने के लिए जॉन्सन्स बेबी प्रतिबद्ध

भारत भर से 15000 से ज़्यादा माताएं, अपने बेबी को देती हैं 1 प्रॉमिस

मुंबई, एजेंसी। बेहद प्यार, दुलार, समर्पण और अटल वचनों के साथ किया जाने वाला खूबसूरत सफर होता है पैरेंटहूड। प्रेगनेंसी की पहली खबर से ही शुरू होता है बेबी के साथ मातापिता का गहरा रिश्ता। जन्म के पहले दिन से ही बेबी की त्वचा की सुरक्षा करने और उसे पूरी तरह से खुशहाल रखने का प्रॉमिस दिया जाता है। बेबी की त्वचा की देखभाल के उत्पाद प्रस्तुत करने वाला प्रमुख ब्रांड होने के नाते जॉन्सन्स बेबी ने अपने सबसे नए प्रॉमिस, पहले पल से कैम्पेन में हर मातापिता के सबसे महत्वपूर्ण प्रॉमिस को सम्मानित किया है।

पिछली कई पीढ़ियों से मातापिताओं के साथ जिसका गहरा रिश्ता जुड़ा हुआ है ऐसा ब्रांड होने के नाते जॉन्सन्स बेबी, बेबी की त्वचा की पहले दिन से सुरक्षा करने में मदद करने के लिए प्रतिबद्ध है। बेबी की त्वचा की सुरक्षा करने में मदद के लिए जॉन्सन्स बेबी ने हर मातापिता का साथ दिया है। बेबी के लिए सबसे सुरक्षित उत्पाद बनाना जॉन्सन्स बेबी का मिशन है। अपने कई दशकों के ज्ञान और विज्ञान के साथ जॉन्सन्स बेबी ने सिर्फ और सिर्फ बेबी सेफ इंग्रीडिएंट्स चुनते हुए बेबी की कोमल त्वचा की सुरक्षा के लिए टेस्टेड फॉर्म्युलेशन्स बनाए हैं। उनके सभी उत्पाद गहन वैज्ञानिक शोध से बनाए गए और पेडिट्रिशियन्स और डर्मेटोलॉजिस्ट द्वारा जांचे गए फॉर्म्युला के साथ बनाए जाते हैं। प्रॉमिस, पहले पल से ब्रांड के इस नए मार्केटिंग कैम्पेन में सिर्फ और सिर्फ बेबी सेफ इंग्रीडिएंट्स के साथ डिज़ाइन किए गए उत्पाद इस अटल प्रतिबद्धता को दर्शाया गया है। बेबी की कोमल त्वचा की पहले दिन से सुरक्षा करने में मदद करने के लिए ब्रांड की प्रतिबद्धता को इस कैम्पेन में रेखांकित किया गया है।

इस कैम्पेन के लिए बनाई गयी एक बेहतरीन और आकर्षक एडवर्टाइज़मेंट में नए पैरेंट्स और उनके बेबी की खूबसूरत दुनिया की सैर कराई गयी है। बेबी के लिए और बेबी के आसपास सिर्फ सबसे बढ़िया चीज़े ही हो यह प्रतिबद्धता इस फिल्म का मुख्य विषय है। बेबी को सिर्फ और सिर्फ सबसे अच्छी चीज़े ही देने और बेबी की त्वचा की सुरक्षा करने के प्रॉमिस को पूरा करने के लिए मातापिता जो छोटे लेकिन जानकारीपूर्ण निर्णय लेते हैं उन्हें इस फिल्म में दिखाया गया है।

केनव्यू के बिज़नेस यूनिट हेड और वीपी मार्केटिंग मनोज गाडगी ने ब्रांड की प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हुए कहा, इस कैम्पेन के पहले जॉन्सन्स बेबी ने देश के विभिन्न क्षेत्रों की 15,000 से ज़्यादा माताओं से संपर्क करके उनसे जाना कि वह अपने बेबी को कौनसा प्रॉमिस देती हैं। बेबी की सुरक्षा करने का प्रॉमिस देश के हर हिस्से और संस्कृति की माताओं ने अपने बेबी को दिया है। उनसे प्रेरित होकर जॉन्सन्स बेबी ने उनके इस मूल्यवान प्रॉमिस को पूरा करने में उनकी मदद करने की प्रतिबद्धता को स्वीकार किया है।

बेबी को सब कुछ सबसे बढ़िया ही देने के लिए जॉन्सन्स बेबी पिछले कई सालों से मातापिताओं को सहयोग प्रदान कर रहा है। बेबी की त्वचा को सबसे पहले स्पर्श करने वाले उत्पादों के ब्रांड के रूप में हम अपनी जिम्मेदारी को समझते हैं। हर मातापिता की हर नयी पीढ़ी को दिया गया हमारा प्रॉमिस निभाने के लिए सेफ्टी स्टैंडर्ड्स से भी बेहतर, सिर्फ और सिर्फ बेबी सेफ इंग्रीडिएंट्स से डिज़ाइन किए गए उत्पाद बनाने पर हम अपना ध्यान केंद्रित करते हैं। डीडीबी मुद्रा ग्रुप के एग्जीक्यूटिव क्रिएटिव डायरेक्टर गॉडविन डिमेलो ने कहा, बच्चे का जन्म हर मातापिता के मन आशा जगाता है कि वे अपनी नन्ही जान के लिए सकारात्मकता से भरी दुनिया बना सकते हैं, ऐसी दुनिया जिसमें सब कुछ सिर्फ अच्छा ही होगा। हमारे इस निरिक्षण को हमने माँ के पहले दिन के प्रॉमिस के इमोशनल हुक के ज़रिए दर्शकों तक पहुंचाया है। माँ को उसका प्रॉमिस पूरा करने में मदद करने की जॉन्सन्स बेबी की भूमिका के बारे में जानकारी देने में भी हमें इससे मदद मिली है।

बेस्ट एग्रोलाइफ पायरोक्सासल्फोन एआई और फॉर्मुलेशन बनाने वाली पहली भारतीय एग्रोकेमिकल कंपनी बनेगी

पाइरोक्सासल्फोन का बाजार 450 करोड़ से ज्यादा; बीएएल अक्टूबर में पाइरोक्सासल्फोन उत्पाद पेश करेगी

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत के कृषि आदानों के शीर्ष उत्पादकों में से एक, बेस्ट एग्रोलाइफ लिमिटेड (बीएएल) ने कहा कि उसे पाइरोक्सासल्फोन 85 प्रतिशत डब्ल्यूजी के घरेलू उत्पादन के लिए पंजीकरण प्रदान किया गया है। अपनी 447वीं बैठक में, केंद्रीय कीटनाशक बोर्ड और पंजीकरण समिति ने बीएएल की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनियों में से एक, सीडलिंग्स इंडिया प्रा. लिमिटेड को धारा 9(3) एफआईएम बनाम एफआईटी के अनुसार घरेलू रूप से पाइरोक्सासल्फोन 85 प्रतिशत डब्ल्यूजी का निर्माण करने के लिए अधिकृत किया। बेस्ट एग्रोलाइफ लिमिटेड के एमडी श्री विमल कुमार, ने कहा कि यह हमारे लिए एक महत्वपूर्ण प्रगति है। हमारे गौरवशाली पेटेंटेड प्रोडक्ट रॉनफेन के अलावा, हमने वित्तीय वर्ष 23 में कई 9(3) और जेनेरिक उत्पाद लॉन्च किए और वित्त वर्ष 24 के लिए भी हम इसी दिशा में काम कर रहे हैं। इस नए पंजीकरण के साथ, बीएएल भारत में पहली और एकमात्र एग्रोकेमिकल फर्म बन गई है, जो एआई और पाइरोक्सासल्फोन दोनों का उत्पादन करती है। हमारे पास पहले से ही पाइरोक्सासल्फोन टेक्निकल के निर्माण के लिए पंजीकरण है। हम इस उत्पाद को इस साल अक्टूबर में लॉन्च करेंगे क्योंकि हमारे पास दोनों उत्पाद पंजीकरण हैं। इसके लिए हमने स्पेशल प्रोसेस पेटेंट के लिए भी आवेदन किया है, जो हमें जल्द ही मिल जाएगा। हम पहले ही अन्य देशों में पंजीकरण आवेदन जमा कर चुके हैं क्योंकि हम राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय दोनों बाजारों के लिए इस उत्पाद का निर्माण करना चाहते हैं,।

पाइरोक्सासल्फोन गेहूं, मक्का और सोयाबीन के लिए एक पूर्व-उभरने वाला खरपतवारनाशक है जो इन फसलों के लिए खतरा पैदा करने वाले खरपतवारों को खत्म करके उत्कृष्ट फसल सुरक्षा प्रदान करते हुए पैदावार में वृद्धि सुनिश्चित करता है। यह पौधों को संश्लेषित करने से रोककर काम करता है। यह चौड़ी पत्ती वाले खरपतवारों के खिलाफ अधिक प्रभावी है और अन्य व्यावसायिक खरपतवारनाशकों की तुलना में इसके कम अनुप्रयोगों की आवश्यकता होती है। गेहूं में प्राथमिक परेशानी खरपतवार, फालेरिस माइनर, पाइरोक्सासल्फोन 85 प्रतिशत डब्ल्यूजी द्वारा नियंत्रित किया जाता है। बेस्ट एग्रोलाइफ लिमिटेड के एमडी श्री विमल कुमार, ने कहा कि पाइरोक्सासल्फोन के लिए बाजार पहले से ही ?450 करोड़ से अधिक मूल्य का है, और आने वाले वर्षों में मांग केवल बढ़ेगी। हम इसके लॉन्च के बाद पहले वर्ष में इसके ? 150 करोड़ का मार्केट शेयर लेने के लिए आश्वस्त हैं और हम अगले वर्ष में लगातार विस्तार करना चाहते हैं। कुल मिलाकर हम अगले तीन वर्षों में 300-350 करोड़ प्रोक्सीसल्फोन के बाजार हासिल करने की योजना बना रहे हैं। पाइरोक्सासल्फोन पहले भारत द्वारा अन्य देशों से आयात किया जाता था। लेकिन अब, भारत सरकार के मेक इन इंडिया के हिस्से के रूप में यह स्थानीय रूप से उत्पादित और किसानों के लिए आसानी से उपलब्ध होगा। इससे उन्हें बहुत लाभ होगा क्योंकि उन्हें कम कीमत पर एक बेहतर उत्पाद प्राप्त होगा,। गौरतलब है कि, बीएएल को हाल ही में धारा 9 (3) एफआईएम के तहत संयोजन उत्पाद ट्राइफ्लॉक्सीस्ट्रोबिन 10 प्रतिशत + डाइफेनोकोनाजोल 12.5 प्रतिशत + सल्फर 3 प्रतिशत एससी के स्वदेशी निर्माण के लिए पंजीकरण प्राप्त हुआ है। यह संयोजन चावल, टमाटर, अंगूर, मिर्च, गेहूं, आम और सेब में शीथ ब्लाइट, पाउडरी मिल्ड्यू, स्कैब और अल्टरनेरिया जैसे कई फसल रोगों को प्रभावी ढंग से नियंत्रित करता है। बीएएल इस उत्पाद को जुलाई में ट्राईकलर ब्रांड नाम से लॉन्च करने के लिए तैयार है।

तैराकी विश्व चैम्पियनशिप

श्रीहरि नटराज 200 मीटर बैकस्ट्रोक स्पर्धा में 31वें स्थान पर रहे

फुकुओका (जापान) (एजेंसी)

भारत के अनुभवी तैराक श्रीहरि नटराज गुरुवार को यहां फीना विश्व तैराकी चैम्पियनशिप में पुरुषों की 200 मीटर बैकस्ट्रोक स्पर्धा में निराशाजनक 31वें स्थान पर रहे। नटराज (22 वर्ष) अपनी हीट में 2ः04.42 सेकेंड के समय से अंतिम स्थान पर रहे जिससे वह सेमीफाइनल में जगह नहीं बना सके। स्पर्धा में भाग ले रहे 39 तैराकों के बीच चार हीट (सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाइंग रेस) में से शीर्ष 16 तैराक ही सेमीफाइनल में पहुंचते हैं। नटराज इस स्पर्धा में भारत के सर्वश्रेष्ठ तैराक हैं जिसमें उन्होंने अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पिछले साल बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में हासिल किया जिसमें उन्होंने 2.00.84 सेकेंड का समय लिया था। एशियाई खेलों के लिए भारतीय टीम में शामिल नटराज इस हफ्ते के शुरु में पुरुषों की 100 मीटर बैकस्ट्रोक स्पर्धा में भी 31वें स्थान पर रहे थे। अब वह रविवार को 50 मीटर बैकस्ट्रोक स्पर्धा में हिस्सा लेंगे।

सिराज का वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज से मिला आराम, लौटे घर वापस

ब्रिजटाउन (एजेंसी)। भारत के स्टार तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला से आराम के बाद घर वापस आ गए हैं। गेंदबाज रविचंद्रन अश्विन, अजिंक्य रहाणे, केएस भरत और नवदीप सैनी के साथ टेस्ट में वापसी करने वाले बाकी खिलाड़ियों के साथ वापस चले गए। सिराज को तेज आक्रमण का नेतृत्व करने की उम्मीद थी जिसमें हरफनमौला हार्दिक पांड्या, जयदेव उनादकट, शार्दुल ठाकुर, मुकेश और उमरान मलिक भी शामिल थे जबकि मोहम्मद शमी को आराम दिया गया था। रिपोर्ट के अनुसार बीसीसीआई ने कार्यभार के कारण सिराज को वेस्टइंडीज दौरे के वनडे मैचों से आराम देने का फैसला किया। भारत को अगस्त के अंत से सितंबर के मध्य तक एशिया कप खेलना है, जिसके बाद तीन मैचों की घरेलू सीरीज है। अक्टूबर में भारत में विश्व कप से पहले व्यस्त समय के दौरान सितंबर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखला भी है। सिराज को कैरेबियाई दौरे के लिए टी20 टीम में शामिल नहीं किया गया था, उन्होंने ने दो टेस्ट मैचों में सात विकेट लिए जिसमें पोर्ट-ऑफ-स्पेन के सपाट कोर्ट पर पहली पारी में पांच विकेट भी शामिल थे, जिससे वेस्टइंडीज की बल्लेबाजी में गिरावट आई। सिराज का आखिरी वनडे मैच घरेलू मैदान पर मार्च 2022 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ था। उन्होंने श्रृंखला पांच विकेट के साथ समाप्त की थी, जो भारत के लिए सबसे अधिक और श्रृंखला में दूसरा सबसे बड़ा विकेट था। 2022 की शुरुआत के बाद से सिराज के 43 एकदिवसीय विकेट लिए हैं जो किसी भारतीय गेंदबाज द्वारा सबसे अधिक हैं।

प्रणय, लक्ष्य, सात्विक-चिराग जापान ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

टोक्यो (एजेंसी)। भारत के एच एस प्रणय, लक्ष्य सेन और सात्विक साइराज रंकीरेड्डी तथा चिराग शेट्टी की जोड़ी जापान ओपन बैडमिंटन के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता 21 वर्ष के सेन ने जापान के केंटा सुनेयामा को 21.14, 21.16 से हराया। कोरिया ओपन जीतने वाले सात्विक साइराज और चिराग ने डेनमार्क के लास्से मोल्हेडे और जेप्पे बे को 21.17, 21.11 से मात दी। वहीं प्रणय ने हमवतन किदाम्बी श्रीकांत को 19.21, 21.9, 21.9 से हराया। महिला युगल में गायत्री गोपीचंद और त्रिसा जॉली को नामी मत्सुयामा और चिरारू शिडा ने 21.21, 21.19 से मात दी। सेन ने 50 मिनट के भीतर जापानी प्रतिद्वंद्वी को हराया। पहला गेम जीतने के बाद उसने सुनेयामा को वापसी का मौका ही नहीं दिया। वहीं प्रणय पहला गेम हार गए थे लेकिन शानदार वापसी करके अगले दो गेम जीते। सात्विक और चिराग के लिये मुकाबला लगभग एकतरफा रहा जिन्होंने सीधे गेमों में जीत दर्ज की। इस सत्र में सात्विक और चिराग ने कोरिया ओपन सुपर 500, स्विस ओपन सुपर 300 और इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 खिताब जीते हैं।

भारतीय पुरूष हॉकी टीम ने नीदरलैंड से ड्रॉ खेला

बार्सीलोना (एजेंसी)। भारतीय पुरूष हॉकी टीम ने एफआईएच प्रो लीग 2022-23 खिताब जीतने वाली नीदरलैंड टीम को स्पेनिश हॉकी महासंघ की सौंवी वर्षगांठ पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में 1-1 से ड्रॉ पर रोका। भारत को पहले मैच में स्पेन ने हराया था लेकिन भारतीय टीम ने दूसरे मैच में प्रभावी प्रदर्शन किया। कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने भारत के लिए एकमात्र गोल 12वें मिनट में किया जबकि डच टीम के लिये जैस्पर ब्रिंकमैन ने 40वें मिनट में बराबरी का गोल दागा।

भारत ने शुरूआत से ही आक्रामक खेल दिखाया लेकिन पहला पेनल्टी कॉर्नर डच टीम को मिला जिस पर गोल नहीं हो सका। भारत को 12वें मिनट में मिले पेनल्टी कॉर्नर को हरमनप्रीत ने गोल में बदला। हार्दिक सिंह से मिली गेंद को गोल के भीतर डालने में उन्होंने कोई चूक नहीं की। दूसरे क्वार्टर में दोनों टीमों को पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन गोल नहीं हो सका। भारत के लिए पीआर श्रीजेश की जगह उस समय खेल रहे गोलकीपर कृशन पाठक ने प्रभावी प्रदर्शन किया। डच गोलकीपर मौरिटिस विस्सेर ने भी भारतीयों को गोल नहीं करने दिए। तीसरे क्वार्टर की शुरूआत में दोनों टीमों को एक एक पेनल्टी कॉर्नर मिला।

श्रीजेश ने मैदान पर लौटने के बाद डच टीम को गोल से वंचित रखा। आखिरकार ब्रिंकमैन का अनुभव डच टीम के काम आया जिन्होंने पेनल्टी कॉर्नर पर बराबरी का गोल किया। आखिरी क्षणों में भारत ने हरमनप्रीत की अगुवाई में जवाबी हमला किया लेकिन कामयाबी नहीं मिली।

जसप्रीत बुमराह का करियर खा रहा गेंदबाज सिराज

रोहित-द्रविड़ भी नहीं कर सकते बाहर

नईदिल्ली (एजेंसी)

भारतीय क्रिकेट टीम के लिए एक समय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह अहम खिलाड़ी साबित हुआ करते थे। बुमराह के बिना तेज गेंदबाजी विभाग अधूरा माना जाता था, लेकिन अब ऐसा समय है जहां टीम बगैर उनके ना सिर्फ मैच जीत रही है बल्कि तेज गेंदबाजी विभाग भी मजबूती से पेश आ रहा है। बुमराह का करियर चोट के चलते प्रभावित रहा है। उनका टीम से बाहर रहना, अन्य गेंदबाजों के लिए लकी साबित हो गया। ऐसे में एक ऐसा गेंदबाज भी है जो चुपके से बुमराह की जगह खा रहा है और वो गेंदबाज अब टीम का सीनियर खिलाड़ी भी बन चुका है।

रोहित-द्रविड़ भी नहीं कर सकते बाहर

जी हां, हम बात कर रहे हैं तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज की। सीराज अब भारतीय टीम के मुख्य तेज गेंदबाज बन चुके हैं। बुमराह के बाहर होने के बाद ऐसा माना जा रहा था कि डेढ ओवरों में टीम नहीं संभल पाएगी, लेकिन सिराज ने उनकी कमी खलने नहीं दी। सिराज पिछले कुछ समय से टीम में सीनियर तेज गेंदबाज के रूप में उतर रहे हैं। चाहे विदेशी दौरा या घरेलू, कमान सिराज के पास है। सिराज ने दमदार प्रदर्शन कर कप्तान रोहित शर्मा और कोच राहुल द्रविड़ का भरोसा जीता।

इस वजह से हो रहा बुमराह का करियर खत्म

स्ट्रेस फैक्चर के कारण बुमराह लगभग एक साल से भारतीय टीम से बाहर हैं। हालांकि, ये पहली बार नहीं हुआ है जब बुमराह को अपने पीठ दर्द की वजह से टीम से बाहर होना पड़ा है। साल 2019 में भी इस समस्या के चलते बाहर होना पड़ा था। ऐसे में माना जा रहा है कि जसप्रीत बुमराह की स्ट्रेस फैक्चर की दिक्कत उनका करियर खत्म कर सकती है।

कर चुके हैं जगह पक्की

बुमराह के बाहर रहने के बाद सिराज अब टेस्ट और वनडे क्रिकेट में अपनी जगह पक्की कर चुके हैं। विंडीज के खिलाफ सिराज की कातिलाना गेंदबाजी देखने को मिली थी। उन्होंने दूसरे टेस्ट पहली पारी में 60 रन देकर 5 विकेट झटके। उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में दूसरी बार एक पारी में 5 विकेट हॉल लेने का कारनामा किया है। सिराज 21 टेस्ट मैचों में 59 विकेट अपने नाम कर चुके हैं, जबकि 24 वनडे मैचों में 43 विकेट लेकर लय में हैं। सिराज की खासियत यह है कि वह भी रन लुटाने के मामले में फिलहाल कंजूस बने हुए हैं। वह 4.78 की इकोनोमी रेट से वनडे में रन दे रहे हैं जो दर्शाता है कि बल्लेबाजों के लिए उनका सामना करना कितना मुश्किल रहता है।

बुमराह आयरलैंड में खेलेगा या नहीं, प्रेस कांफ्रेंस में बोले रोहित शर्मा- मुझे नहीं पता

ब्रिजटाउन (एजेंसी)। भारत कप्तान रोहित शर्मा ने संकेत दिया कि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की मैदान पर वापसी तुरंत नहीं होने जा रही लेकिन वह विश्व कप से पहले उन्हें टीम में देखना चाहते हैं। रोहित ने बुमराह की रिकवरी के बारे में कहा कि अभी सब कुछ सकारात्मक लग रहा है। उन्होंने हालांकि कहा कि वह इसकी गारंटी नहीं दे सकते कि बुमराह आयरलैंड में सीमित ओवरों की श्रृंखला खेलेगा। वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले वनडे से पूर्व प्रेस कांफ्रेंस में उन्होंने कहा, 'बुमराह के पास अपार अनुभव है। वह गंभीर चोट के बाद वापसी कर रहा है और मुझे नहीं पता कि वह आयरलैंड जायेगा या नहीं क्योंकि अभी टीम का ऐलान नहीं हुआ है। उन्होंने कहा, 'वह खेल पाता है तो अच्छा है। हमें उम्मीद है कि वह विश्व कप से पहले खेले। गंभीर चोट के बाद वापसी करने पर मैच फिटनेस, मैच का अनुभव काफी अहम होता है। हम देखेंगे कि क्या योजना है क्योंकि सब कुछ उसकी रिकवरी पर निर्भर है। अभी सब सकारात्मक लग रहा है। बुमराह ने मार्च में पीठ के दर्द से निजात पाने के लिए सर्जरी कराई थी। उसके बाद से वह रिकवरी में जुटे हैं। उन्होंने भारत के लिए आखिरी मैच पिछले साल सितंबर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 खेला था। आयरलैंड में श्रृंखला के बाद भारत को श्रीलंका और पाकिस्तान में होने वाला एशिया कप खेलना है। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की घरेलू वनडे श्रृंखला खेली जाएगी। आयरलैंड श्रृंखला और एशिया कप नहीं खेलने पर बुमराह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखला खेलेंगे जो विश्व कप से ठीक पहले होनी है। रोहित ने कहा, 'हमारी टीम के कई खिलाड़ी चोटिल है लेकिन हम देखेंगे कि विश्व कप में कौन खेलेगा और उन्हें पूरा मैच अभ्यास देंगे। हमें 15-20 खिलाड़ियों का पूल बनाना होगा क्योंकि कोई भी चोटिल हो सकता है।

कप्तानी को लेकर हो रही आलोचना पर पैट कमिंस का बड़ा बयान आया सामने, कहा में बेफ्रिक हूं

लंदन (एजेंसी)। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस एजबेस्टन और लॉर्ड्स में दो कड़ी जीत, लीड्स में हार और मैनचेस्टर में ड्रॉ के बाद अपनी कप्तानी को लेकर हो रही आलोचना से बेफिक्र हैं। पांचवां और अंतिम टेस्ट गुरुवार से ओवल में शुरू हुआ जिसमें मेजबान टीम के पास सीरीज बराबर करने का मौका होगा। श्रृंखला में 2-1 की बढ़त के साथ पांचवें और अंतिम एशेज टेस्ट में आगे बढ़ते हुए और एशेज को बरकरार रखते हुए 30 वर्षीय खिलाड़ी ने हर चीज से निपटने के लिए मोटी चमड़ी रखने की जरूरत पर जोर दिया।

कमिंस ने कप्तानी पर उठते सवालों पर कहा, ईमानदारी से कहूं तो मैंने कुछ भी नहीं पढ़ा है। मैं इस नौकरी में दो साल से हूं और आप बहुत जल्दी सीख जाते हैं कि आपकी चमड़ी मोटी होनी चाहिए। यहां खिलाड़ियों और कर्मचारियों के बारे में हम सभी जानते हैं कि हर कोई क्या कर रहा है और हम इसके बारे में कैसे जाने वाले हैं और मेरे लिए यह किसी भी चीज से अधिक महत्वपूर्ण है। मैं हर किसी को खुश नहीं कर सकता और हर कोई राय मिलीं, लेकिन वे तथ्य नहीं हैं, वे राय हैं।

कमिंस का मानना है कि एक खिलाड़ी के रूप में संन्यास होने से पहले वह कप्तान के रूप में पद छोड़ देंगे, लेकिन उनकी निकट भविष्य में ऐसा करने की कोई योजना नहीं है। चौथे टेस्ट में दाएं हाथ के तेज गेंदबाज को गेंद के साथ इसी तरह संघर्ष करना पड़ा, केवल एक विकेट लिया और 23 ओवरों में 129 रन दिए। इस पर उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि इसकी एक शेल्फ लाइफ है। मैं इस पर कोई तारीख नहीं डालूंगा,



मुझे पहले वहां पहुंचना होगा। मुझे ऐसा लगता है कि हर टेस्ट मैच में मैं काफी कुछ सीखता हूं, हर खेल के साथ आप और अधिक चीजों से परिचित होते हैं। मुझे इस टीम और स्टाफ के साथ काम करना अच्छा लग रहा है। फिलहाल इसका आनंद लेते हुए हम देखेंगे कि भविष्य में क्या होगा।

कमिंस ने कप्तानी के बारे में कहा, मुझे लगता है कि हर खेल के साथ मैं बेहतर होता जा रहा हूं और मुझे लगता है कि मुझमें अभी काफी कुछ बाकी है। भले ही ऑस्ट्रेलिया ने पहले ही खिताब बरकरार रखा है, लेकिन कप्तान कमिंस ने जोर देकर कहा कि उनकी टीम अभी भी इंग्लैंड में लंबे समय से प्रतीक्षित एशेज श्रृंखला जीतने के लिए बहुत उत्सुक है। उन्होंने कहा, च्मुझे नहीं लगता कि यह श्रृंखला पर बहुत अधिक बदलाव हुआ है। मुझे लगता है कि एजबेस्टन फिर से एक और क्षण था जहां इसमें (पिच) गेंदबाजों के लिए बहुत कुछ नहीं था। उन्होंने पहले दिन लगभग 400 का स्कोर बनाया और मुझे नहीं लगता कि यह पिछले सप्ताह से बहुत भिन्न है।

ऑस्ट्रेलियाई कप्तान ने कहा, मुझे लगता है कि आपको कभी-कभी अपनी हिम्मत को थोड़ा नियंत्रित करना होगा, आपको भरोसा करना होगा कि निक्स पाने के लिए यह आपका सबसे अच्छा प्रतिशत है, भले ही वे कुछ कवर ड्राइव मारते हों। आपको अपने कैचर्स को अंदर रखना होगा, आपको विकेट लेने होंगे। मुझे लगता है कि हम इस श्रृंखला में लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं।

000

शतरंज विश्व कप में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे गुकेश, हम्पी

बाकू (अजरबेजान(एजेंसी)। युवा भारतीय ग्रैंड मास्टर डी. गुकेश और आर. प्रज्ञाननंदा 30 जुलाई से 24 अगस्त तक यहां होने वाले शतरंज विश्व कप में चुनौती पेश करेंगे। पुरुष और महिला खिलाड़ियों की इस प्रतियोगिता से 2024 कैंडिडेट्स टूर्नामैंट (विश्व शतरंज चैम्पियनशिप का चैलेंजर तय करने वाला टूर्नामैंट) के लिए क्वालीफाई करने का मौका मिलेगा। 17 साल के खिलाड़ियों गुकेश और प्रज्ञाननंदा दोनों को पहले दौर में बाई मिली है और वे सीधे दूसरे दौर में उतरेंगे। गुकेश अपने अभियान की शुरूआत चेंग बॉबी और इस्कांद्रोव मिस्त्रादिन के बीच होने वाले मैच के विजेता के खिलाफ करेंगे। गुकेश को तीसरे दौर में हमवतन एस.एल. नारायणन से भिड़ना पड़ सकता है बशर्ते वह अपने शुरूआती 2 दौर के मुकाबले जीतने में सफल रहें। प्रज्ञाननंदा दूसरे दौर में सेंटियागो डि मोरा और मैक्सिम लगार्डे के बीच होने वाले मैच के विजेता से भिड़ेंगे। टूर्नामैंट में हिस्सा लेने वाले अन्य भारतीयों में अर्जुन एरिगेसी, विदित संतोष गुजराती, निहाल सरीन, बी. अधिबान, अभिमन्यु पुराणिक और हर्षा भरतकोटि शामिल हैं। महिला टूर्नामैंट में भारतीय चुनौती की अगुवाई अनुभवी कोनेरू हंपी और डी. हरिका करेंगी। इन दोनों को भी पहले दौर में बाई मिली है। प्रज्ञाननंदा की बहन आर. वैशाली, मैरी आन गोम्स, पी.वी. नंधिधा और दिव्या देशमुख भी महिला टूर्नामैंट में चुनौती पेश करेंगी। विश्व कप 2023 के जरिए शीर्ष-2 की जगह शीर्ष-3 खिलाड़ियों को अगले साल अप्रैल में कनाडा के टोरंटो में होने वाले कैंडिडेट्स टूर्नामैंट के लिए क्वालीफाई करने का मौका मिलेगा।

दांव पर लगी है अंग्रेजों की इज्जत !

ऑस्ट्रेलिया को इतिहास रचने से रोकेंगे 5 खिलाड़ी

लंदन (एजेंसी)। इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच गुरुवार से द ओवल में 5 मैचों की एशेज सीरीज का आखिरी मैच खेला जा रहा है। इस मैच में इंग्लैंड हर हाल में जीत दर्ज करते हुए सीरीज 2-2 से बराबर करना चाहेगी। इंग्लैंड के पास ऐसे खिलाड़ी हैं जो ऑस्ट्रेलिया को 3-1 से सीरीज जीतने से रोक सकते हैं। आइए जानते हैं कौन-कौन से वो 5 खिलाड़ी हैं, जो इंग्लैंड को जितवा सकते हैं।

मोईन अली –टेस्ट में वापसी के बाद मोईन अली से जो उम्मीद की जा रही थी वह उसके अनुकूल दिख रहे हैं। हाफ सेंचुरी के अलावा वह विकेट भी लेते दिखे। इंग्लैंड को उनसे वैसे ही ऑलराउंड परफॉर्मेंस की उम्मीद है।

मार्क वुड – रफ्तार के बादशाह मार्क वुड बल्ले से भी अच्छी फॉर्म में हैं। उनकी कैमियो पारी इंग्लैंड के लिए काफी सपोर्टिव साबित हुई थी। उम्मीद है वह दूसरे छोर से ब्रॉड के सहयोगी के रूप में कमाल का प्रदर्शन करें।

जैक क्राउले – जैक अपने साथी ब्रॉड की तरह ही बैटिंग में टॉप पर हैं। उन्होंने 7 पारियों में सबसे अधिक 385 रन बनाए हैं। मैनचेस्टर में उन्होंने वनडे के अंदाज में 189 रनों की रिकॉर्ड पारी खेली थी। अब अंग्रेजों को

उनसे ऐसी ही एक पारी की दम्मीद होगी।

स्टुअर्ट ब्रॉड – कहने को 37 वर्ष के हो चुके ब्रॉड की गेंदों में अब भी वही तीखापन है। वह सीरीज में सबसे अधिक 18 विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। ओवल में अगर इंग्लैंड को जीतना है तो ब्रॉड को हर हाल में अपना बेस्ट देना होगा। खासकर डेविड वॉर्नर का विकेट वह एकबार फिर लेना चाहेंगे।

बेन स्टोक्स – कप्तान बेन स्टोक्स ने लॉर्ड्स टेस्ट में गजब की बैटिंग करते हुए 177 रन ठोके थे। हालांकि, वह मैच बचा नहीं पाए थे। लीड्स में 80 रनों की पारी खेली, जो पहली पारी में बढ़त के लिए महत्वपूर्ण साबित हुई। मैनेचेस्टर में भी फिफ्टी लगाई थी। अब उनसे ओवल में बड़ी और विध्वंसक पारी की उम्मीद है। वह बड़े मौके के खिलाड़ी माने जाते हैं तो यह उनके लिए मुश्किल भी नहीं।

संक्षिप्त समाचार

कोयला घोटाले में पूर्व सांसद विजय दर्डा और उनके बेटे देवेंद्र दर्डा को चार साल की जेल

रायपुर, एजेंसी। राउज एवेन्यू कोर्ट ने बुधवार को छत्तीसगढ़ में कोयला ब्लॉक आवंटन में अनियमितता से जुड़े एक मामले में पूर्व राज्यसभा सांसद विजय दर्डा , उनके बेटे देवेंद्र दर्डा और व्यवसायी मनोज कुमार जयसवाल को चार साल की जेल की सजा सुनाई। अदालत के आदेश के बाद तीनों दोषियों को हिरासत में ले लिया गया। समाचार एजेंसी पीटीआई भाषा की रिपोर्ट के मुताबिक, दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने छत्तीसगढ़ में कोयला ब्लॉक आवंटन में कथित गड़बड़ी और भ्रष्टाचार से जुड़े एक मामले में यह सजा सुनाई। अदालत ने अपने फैसले में कहा कि विजय दर्डा, उनके बेटे देवेंद्र दर्डा और मनोज कुमार जयसवाल को चार-चार साल जेल की सजा सुनाई जाती है। अदालत ने जैसे ही यह फैसला दिया, तीनों दोषियों को हिरासत में ले लिया गया। विशेष न्यायाधीश संजय बंसल ने पूर्व कोयला सचिव एचसी गुप्ता और दो पूर्व वरिष्ठ लोक सेवकों केएस क्रोफा और केसी समरिया को भी तीन साल की सजा सुनाई। हालांकि, इन तीनों दोषियों को अदालत ने निजी मुचलके पर जमानत दे दी, ताकि वे अपनी दोषसिद्धि और सजा को उच्च न्यायालय में चुनौती दे सकें। अदालत ने मामले में दोषी ठहराई गई कंपनी जेएलडी यवतमाल एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड पर 50 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया। उल्लेखनीय है कि कोयला घोटाले में 13वीं दोषसिद्धि में अदालत ने 13 जुलाई को सात आरोपियों को भारतीय दंड संहिता की धारा 120-बी (आपराधिक साजिश रचना) एवं 420 (जालसाजी) और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के प्रावधानों के तहत दोषी ठहराया था। यह कोयला घोटाला केंद्र की पूर्ववर्ती मनमोहन सिंह सरकार के कार्यकाल में सामने आया एक बड़ा घोटाला था।

असम पुलिस ने 35 करोड़ रुपये की नशीली दवाएं जब्त की, दो गिरफ्तार

गुवाहाटी, एजेंसी। असम पुलिस ने नशीले पदार्थों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए कछार जिले में 35 करोड़ रुपये की दवाएं जब्त कीं और इस सिलसिले में दो लोगों को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। एक गुप्त सूचना के आधार पर, पुलिस ने सिलचर शहर से लगभग 13 किमी दूर बांसकांडी इलाके में राष्ट्रीय राजमार्ग 37 पर एक अभियान चलाया। पुलिस ने एक वाहन को रोका और इसमें गुप्त कक्षों में छिपाकर 1,70,000 याबा गोलियां ले जाई जा रही थीं। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान किपजेन और लालडोम्सा हमार के रूप में की गई। पुलिस के अनुसार, राजमार्ग असम को मणिपुर से जोड़ता है और प्रतिबंधित पदार्थ मणिपुर राज्य से आ रहे थे। कछार जिले के एसपी नुमल महत्ता ने आईएएनएस को बताया, हमने बुधवार शाम को ऑपरेशन चलाया और भारी मात्रा में ड्रग्स बरामद किया। दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है और उनसे पूछताछ की जा रही है। सोमवार रात कछार पुलिस ने 45 करोड़ रुपये का नशीला पदार्थ जब्त किया और मादक पदार्थ तस्करी के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया।

श्रीनगर की गलियों में 34 साल बाद निकले ताजिये

श्रीनगर , एजेंसी। जम्मू-कश्मीर के पुनर्गठन और आर्टिकल 370 हटने के बाद से स्थितियां काफी बदल गई हैं। एसटी समुदाय, दलितों को अधिकारों की बात हो या फिर मुस्लिमों में ही अल्पसंख्यक शिया समुदाय के मामले हों, सभी के दिन अब बदले दिख रहे हैं। इसी कड़ी में तीन दशकों के बाद श्रीनगर में पुराने रूट से मुहर्रम का जुलूस निकाला गया। बीते 34 सालों में यह पहला मौका था, जब श्रीनगर में गुरु बाजार से डलगेट के बीच ताजिया निकाले गए। इसे प्रशासन भी बदले हालात और सांप्रदायिक सौहार्द के तौर पर पेश कर रहा है। कश्मीर से बाहर के लोगों के लिए यह हैरानी वाली बात हो सकती है कि मुस्लिम बहुल श्रीनगर में ही ताजियों पर रोक कैसे हो सकती है। इसकी वजह यह है कि सुन्नी बहुल श्रीनगर और आसपास के इलाकों में शियाओं के इस आयोजन का विरोध होता रहा है। पहले ताजिया धूमधाम से निकलते ही थे, लेकिन 1989 में आतंकवाद और सांप्रदायिक उन्माद के बाद से इस पर रोक लग गई थी। लेकिन आज नजारा बदला था और कश्मीर में नई सुबह का दिन था। सुबह 6 बजे से 8 बजे के बीच श्रीनगर के ऐतिहासिक रूट से ताजिये निकाले गए। इस दौरान बेहद कड़ी सुरक्षा थी। जम्मू कश्मीर पुलिस के एडीजीपी विजय कुमार ने कहा कि रात से ही इस रूट पर बड़ी संख्या में फोर्स तैनात की गई थी। ताजियों पर 1989 में तब बैन लग गया था, जब यहां आतंकवाद ने दस्तक दी। उस दौरान हिंदू कश्मीरी पंडितों को पलायन करना पड़ा था और बड़े पैमाने पर हिंसा हुई थी। यही नहीं वहाबी विचारधारा के प्रभाव वाले कट्टरपंथियों ने शिया मुसलमानों के ताजिया पर भी रोक लगा दी थी। इसके चलते कानून-व्यवस्था का मसला ना बन जाए। ऐसे में सरकारें भी अनुमति नहीं दिया करती थीं। हालांकि 2019 के बाद से जम्मू-कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश है और केंद्र सरकार हालात सुधारने पर जोर दे रही है। इसी के तहत प्रशासन ने इस बार ताजिया निकालने की अनुमति दी और पूरी मुस्तैदी के साथ फोर्स भी मौजूद रही। जम्मू-कश्मीर प्रशासन के अधिकारियों ने कहा कि हमने इस बार ताजिये निकालने की परमिशन इसलिए दी ताकि यह संदेश दिया जा सके कि इलाके में सब कुछ सही है। उन्होंने कहा कि हमने यात्रा निकालने से पहले शिया समुदाय के लोगों से बात की थी और फिर बैन को हटाने का फैसला लिया गया।

बाढ़ के बावजूद हरियाणा की भाजपा-जजपा सरकार अभी तक नहीं जागी : पूर्व सीएम हुड्डा

रोहतक , एजेंसी। कांग्रेस नेता और हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा ने बुधवार को कहा, राज्य में बाढ़ के कारण जान-माल के भारी नुकसान के बावजूद भाजपा-जेजेपी सरकार अभी तक नहीं जागी है। पूर्व सीएम ने कहा कि ऐसा लगता है कि सरकार ने बाढ़ प्रभावित लोगों को उनके हाल पर छोड़ दिया है। पूर्व सीएम हुड्डा ने रोहतक जिले में बाढ़ प्रभावित गांवों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और कहा कि सरकारी उदासीनता के कारण लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। सरकार ने शहरों व गांवों में सीवरेज व नालों की सफाई नहीं कराई, इसी कारण जलजमाव की समस्या विकराल हो गई है। हर बारिश के बाद शहरों की सड़कों पर जलजमाव हो जाता है। पूरे हरियाणा में किसानों की लाखों एकड़ फसल बर्बाद हो गई। इसके अलावा उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना किसानों के बजाय बीमा कंपनियों को लाभ पहुंचाने वाली योजना बन गई है। पूर्व सीएम ने मांग की कि पशुओं के लिए चारे की भारी कमी है। सरकार को चारे की व्यवस्था करनी चाहिए। इसके साथ ही घरों, दुकानों और व्यवसायों को हुए नुकसान की भरपाई भी तत्काल प्रभाव से की जानी चाहिए। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि बाढ़ से सबसे ज्यादा नुकसान गरीब तबके को हुआ है। गांव के खेतिहर मजदूरों को इस बार काम भी नहीं मिल सका। सरकार को मनरेगा मजदूरों को कम से कम 30 दिन की अतिरिक्त दैनिक मजदूरी देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार को जनता को राहत देने के साथ-साथ बारिश के पानी की निकासी के लिए भी युद्ध स्तर पर काम करना चाहिए। हुड्डा ने अधिकारियों से फोन पर भी बात की और उन्हें हरसंभव कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भारत मौसम विज्ञान विभाग के अलर्ट के बावजूद राज्य सरकार ने समय पर कदम नहीं उठाया। हर गांव में लोगों ने कहा कि सरकार ने पिछले कई सालों से नालों की सफाई नहीं कराई है। नदियों और नहरों के तटबंधों को भी मजबूत नहीं किया गया, इस वजह से लगभग पूरे हरियाणा को बाढ़ का सामना करना पड़ा। इसके अलावा खनन माफियाओं ने नदियों का प्रवाह भी बदल दिया।

हिंडन का कहर! दस गांवों के पांच हजार घर डूबे, जिंदगीभर की कमाई भी पानी में बही

नई दिल्ली, एजेंसी।
हिंडन नदी में बाढ़ आने से दस गांवों में पांच हजार घर पानी में डूब गए। इनमें रहने वाले सात हजार से अधिक लोगों के जीवनभर की कमाई पानी के साथ बह गई। बाढ़ के कारण मजबूर होकर यहां के रहने वाले तीन हजार से अधिक लोगों ने राहत शिविरों और स्कूलों में अपने परिवारों के साथ शरण ले रखी है। बाकी लोग अपने दिल्ली, गजियाबाद और अन्य स्थानों में रिश्तेदारों के यहां चले गए। लोगों को अपने बच्चों के स्वास्थ्य और खाने पीने की चिंता सता रही है।

हिंडन का पानी छिजारसी, बहलोलपुर, हैबतपुर, चोटपुर, यूसूफपुर, सुथियाना कुलेसरा, शहदरा गांव के साथ ही कई अन्य गांवों में भर गया। यहां बिहार,पश्चिम बंगाल के साथ ही बदायूं, शहजानपुर, बहराइच समेत

प्रदेश के कई अन्य जिलों के लोग मकान बना कर रहें हैं। जो शहर में लेबर, मिस्त्री, रिक्शा चलाने, खेती, गार्ड, साफ-सफाई का काम करते हैं। अपने बीमार पति और तीन बच्चों के साथ चोटपुर कॉलोनी में बने आरएस इंटरनेशनल स्कूल के राहत शिविर में रहने वाली माजिदा ने बताया कि उनके पति मेराजुल का पिछले एक साल से हॉर्निया का इलाज चल रहा है। अभी एक हफ्ते पहले ही ऑपरेशन हुआ है, लेकिन बाढ़ के कारण तीन बच्चों के साथ घर को छोड़ने को मजबूर हो गए। शिविर में खाना तो मिल रहा, लेकिन पति की हालत को देखते हुए जल्द कहीं और जाना पड़ेगा। चोटपुर के राहत शिविर में रहने वाले वीरपाल सिंह ने बताया कि वह चोटपुर कॉलोनी में पिछले पांच साल से रहते हैं। उन्होंने बताया कि वह दस दिन पहले तीन बच्चों के लिए 12 हजार रुपये की किताब और कॉपी को खरीद कर लाए थे, लेकिन बाढ़ से घर डूब गया। इसमें किताबें और घर के जरूरी दस्तावेज के साथ ही लाखों रुपये के जेवर भी डूब गए। कई प्रकार के बीमारियों से परेशान 60 वर्षीय मिथिलेश ग्यारह पोती और पोतों के साथ चोटपुर के एक राहत शिविर में एक छोटे से कमरे में हैं। उन्होंने बताया कि उनका सौ गज का मकान हिंडन में डूब गया। वह पंद्रह साल से पूरे परिवार के साथ यहां रहती हैं। बदायूं में अपने गांव के खेत को बेच कर यहां पर मकान बनाया था। चोटपुर कॉलोनी, बहोलपुर, हाजीपुर, छिजारसी के साथ ही अन्य गांवों में घुसे गंदे पानी और कीचड़ से यहां पर डेंगू, मलेरिया, त्वचा के रोग, सांस के साथ ही कई अन्य प्रकार की संक्रामक बीमारियां फैल रही हैं। राहत शिविर में लोगों के स्वास्थ्य की जांच कर रहे डॉक्टरों ने बताया कि बाढ़ प्रभावित लोगों में बच्चों और बुजुर्गों को सबसे ज्यादा बीमारियां पकड़ रही हैं। बाढ़ प्रभावित गांवों में जिन लोगों ने मवेशियों का पाल रखा था, वह मवेशियों को खुला छोड़कर निकल आए गए। इसके कारण बाढ़ में सौ से अधिक मवेशी बह गए। राहत शिविर में रहने रमेश ने बताया कि वह दूध का काम करते हैं,उनके पास चार भैंस और छह गाय थी।

डीके शिवकुमार बोले- एक साल नहीं हो पाएगा विकास; विधायकों को भी समझा देंगे

बेंगलुरु, एजेंसी। कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार बने अभी तीन महीने भी नहीं पूरे हुए हैं कि यहां पार्टी के अंदर से असंतोष की खबरें आने लगी हैं। विकास कार्यों को लेकर विधायकों के असंतोष के बाद उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने स्पष्ट कह दिया है कि इस साल विकास नहीं हो सकता। बता दें कि 11 विधायकों की तरफ से मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को एक पत्र लिखा गया था। इसमें मंत्रियों की कार्यशैली और विकास कार्यों को लेकर चिंता जताई गई थी। विधायकों का कहना था कि उन्होंने अपने क्षेत्र की जनता से जो वादे किए हैं उनको लेकर सवाल किए जा रहे हैं लेकिन सरकार की तरफ से ग्रांट नहीं मिल पा रहा है।

विधायक दल की बैठक आज: उपमुख्यमंत्री शिवकुमार ने कहा कि गुरुवार को विधायक दल की बैठक बुलाई गई है जिसमें विधायकों को समस्या के बारे में समझा दिया जाएगा। उन्होंने कहा, इस साल हमें चुनाव से पहले दी गई पांच गारंटी वाली योजनाओं पर 40 हजार करोड़ रुपये खर्च करना है। इस साल और ज्यादा फंड नहीं दिया जा सकता। बता दें कि डीके शिवकुमार जल संसाधन और बेंगलुरु शहरी विकास मंत्री भी हैं।

उन्होंने कहा, यहां तक कि हम सिंचाई और लोक निर्माण के लिए भी फंड नहीं दे पा रहे हैं। लेकिन उम्मीदें बहुत हैं। हमने विधायकों से धैर्य रखने को कहा है। कांग्रेस विधायक दल की बैठक में उनको इस बारे में समझा दिया जाएगा। इसी महीने सिद्धारमैया ने 2023-24 के लिए बजट पेश किया था और पांच गारंटी स्कीमों गृह ज्योति, गृह लक्ष्मी, अन्न भाग्या, शक्ति और युवा निधि के लिए 35 हजार करोड़ का आवंटन किया गया। इस वजह से राज्य सरकार का राजकोषीय घाटा बढ़कर 12,522 करोड़ रुपये हो गया।

सिद्धारमैया और शिवकुमार दोनों ने ही पूर्ववर्ती भाजपा सरकार पर आरोप लगाए और कहा कि पिछली सरकार ने दीवालिया जैसी स्थिति कर दी है। खजाना खाली कर दिया। लेकिन हमें अपने वादे पूरे करने हैं।

पहले ही साल हमने अपने वादे का मान रखा है। इसलिए हर किसी को कुछ समय धैर्य रखना चाहिए।मंगलवार को डीके शिवकुमार ने विधायकों से कहा था कि फिलहाल ग्रांट मांगना बंद कर दें।

नदी में डूबने से नाबालिग की मौत

नोएडा एजेंसी। राजधानी दिल्ली से सटे नोएडा में हिंडन नदी लबालब भर गई है। निचले इलाकों में बाढ़ आ गई है। बुधवार को हिंडन नदी में डूबने से एक नाबालिग लड़के की मौत हो गई। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि लड़के की उम्र 16 साल थी। वह नदी में नहाने के लिए गया था। पुलिस ने बताया कि यह बुधवार दोपहर की घटना है। बिसरख पुलिस स्टेशन को सूचना मिली कि तीन लड़के तिगरी इलाके में इकरा मस्जिद के पास हिंडन नदी में नहाने गए थे। उनमें से एक 16 साल का लड़का नदी में डूब गया। नाबालिग मृतक की पहचान तिगरी निवासी राजेश सिंह (16) के रूप में हुई है। नाबालिग को आनन-फानन में अस्पताल ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और आगे की आवश्यक कानूनी कार्यवाही की जा रही है। पुलिस और जिला प्रशासन ने लोगों से उफनती नदी के किनारों से दूर रहने की अपील की है।

गाजियाबाद में विदेशी फंडिंग के सहारे धर्मांतरण, गरीबों को देते थे पैसों का लालच; मास्टरमाइंड पादरी गिरफ्तार

गाजियाबाद, एजेंसी।
गाजियाबाद के मोदीनगर पुलिस ने विदेशी फंडिंग से धर्मांतरण कराने वाले गैंग का खुलासा करते हुए एक पादरी को गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक आरोपी पादरी और उसकी पत्नी हापुड़ में बैथहलम गोस्पल नाम से ट्रस्ट चलाते हैं और इसकी आड़ में गरीबों को पैसों का लालच देकर उनका धर्म परिवर्तन कराते थे। अधिकारियों का कहना है कि आरोपी पादरी के ट्रस्ट को विदेश और देश के विभिन्न राज्यों से फंडिंग होने की पुष्टि हुई है।

एसीपी मोदीनगर ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि 23 जुलाई को मोदीनगर थानाक्षेत्र के गांव शाहजहांपुर निवासी आशीष ने अपने गांव के रोहित और उसकी मां के खिलाफ शिकायत दी थी। आशीष का आरोप है कि मां-बेटा लोगों को पैसे देकर उन पर ईसाई धर्म अपनाने का दबाव डालते हैं। मामले का पता लगने पर हिंदू संगठनों तथा ग्रामीणों ने हंगामा किया, जिसके बाद मोदीनगर पुलिस ने रोहित और उसकी मां के खिलाफ धर्मांतरण कराने का केस दर्ज किया था। एसीपी का कहना है कि मामले की जांच में थाना हापुड़ देहात के पीरनगर सूदना निवासी महेंद्र और उसकी पत्नी के नाम प्रकाश में आए। दोनों हापुड़ में बैथहलम गोस्पल नाम से ट्रस्ट चलाते हैं। इसकी आड़ में वह धर्मांतरण कराते थे।

एसीपी मोदीनगर के मुताबित पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि महेंद्र पादरी का किरदार निभाता था। शाहजहांपुर निवासी रोहित का जीजा महेंद्र के संपर्क में था। रोहित की पत्नी बीमार हुई तो जीजा उसे महेंद्र के पास ले गया। वहां महेन्द्र ने उसका इलाज किया था। महेन्द्र दुआ के जरिए इलाज करने का दावा करता है। इसके बाद बेटे के बीमार होने पर रोहित ने महेन्द्र को अपने घर बुलाया था। एसीपी के मुताबिक इस दौरान रोहित ने कुछ ग्रामीणों को अपने घर बुलाया और पैसों का लालच देकर धर्मांतरण का दबाव डाला। पता लगने पर गांव के आशीष ने पुलिस में शिकायत की थी। एसीपी मोदीनगर के मुताबिक महेंद्र और उसकी पत्नी धर्मांतरण कराने के मिशन में जुटी हुई थी। जांच में 25 से अधिक लोगों के धर्मांतरण की बात सामने आई है। पता चला है कि महेंद्र और उसकी पत्नी हापुड़ और आसपास के कई लोगों पर धर्मांतरण का दबाव डाल रहे थे।

उनका लक्ष्य दो महीने में 150 लोगों के धर्मांतरण कराने का था। दोनों आरोपी लोगों को जाल में फंसाने के लिए ईसाई धर्म की खूबियां गिनाते थे। इसके बाद उन्हें पैसों का लालच देकर उन पर धर्म परिवर्तन करने का दबाव डालते थे।

अमेरिका में सड़कों पर भूखी-प्यासी घूम रही हैदराबाद की बेटी:सामान चोरी हुआ

शिकागो, एजेंसी।
हैदराबाद से पोस्ट ग्रेजुएशन करने अमेरिका पहुंची एक महिला शिकागो की सड़कों पर भूखी-प्यासी नजर आ रही है। महिला का नाम सैयदा लुलु मिन्हाज जैदी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, महिला का सामान चोरी हो गया था, जिसके बाद वो डिप्रेशन में चली गई। महिला की मां सैयदा वहाज फातिमा ने विदेश मंत्री एस जयशंकर को चिट्ठी लिखकर बेटी को वापस लाने की अपील की है।

महिला की मां का ये लेटर सोशल मीडिया पर तब वायरल होने लगा, जब इसे भारत राष्ट्र समिति के लीडर खलीकुर रहमान ने ट्विटर अकाउंट पर शेयर किया। उन्होंने इस महिला के पासपोर्ट-वीजा डीटेल्स शेयर करते हुए मदद की रिक्वेस्ट की है। इसके अलावा रहमान ने महिला का एक वीडियो भी शेयर किया है, जिसमें वीडियो बनाने वाला शख्स उसे खाने का सामान और पानी देता

नजर आ रहा है।

पीड़िता की मां ने भी भारत में मौजूद अमेरिका की ऐंबैसी और शिकागो में इंडियन कॉन्सुलेट से अपनी बेटी को ढूंढने में मदद करने की अपील की है। विदेश मंत्री को लिखे पत्र में मां ने लिखा- मेरी बेटी सैयदा लुलु तेलंगाना के मौला अली की रहने वाली है। वो अगस्त 2021 में मिशिगन के डेट्रॉयट शहर की ट्राइन यूनिवर्सिटी में मास्टर्स की पढ़ाई के लिए गई थी। तब उसकी हमसे अक्सर बात होती रहती थी, लेकिन पिछले 2 महीनों से उसने हमसे कोई कॉन्टैक्ट नहीं किया है। उन्होंने आगे कहा- हाल ही में मुझे हैदराबाद के ही 2 लोगों ने बताया कि मेरी बेटी डिप्रेशन में है और किसी ने उसका सारा सामान चोरी कर लिया है।

मां ने लिखा- उसके पास खाने-पीने के लिए भी कुछ नहीं बचा है। इस वजह से वो भूखी मरने पर मजबूर है। उसे शिकागो की सड़कों पर देखा गया था। मैं आप सबसे अपील करती हूं कि मेरी बेटी को ढूंढकर उसे वापस भारत लाने में मेरी मदद करें। इसके बाद महिला की मां ने बताया कि उनकी बेटी को मोहम्मद मिनहाज अख्तर नाम के शख्स की मदद से ढूंढा जा सकता है। हालांकि ये आदमी कौन है, इसकी जानकारी सामने नहीं आई है।

अमेरिका में भारतीयों के खिलाफ नस्लीय हिंसा के मामले बढ़ने के बाद दो साल में 80 हजार भारतीयों ने नए गन लाइसेंस लिए हैं। अमेरिका में रहने वाले लगभग 40 लाख भारतीयों में पहले बंदूकें रखने का ट्रेंड नहीं था। दो साल पहले मात्र 40 हजार भारतीयों के पास ही बंदूकें थीं। अमेरिका के नेशनल फायर आर्म्स सर्वे की रिपोर्ट के अनुसार, अब गन लाइसेंस वाले भारतीयों की संख्या बढ़कर एक लाख 20 हजार हो गई है। सर्वे के अनुसार 80 हजार भारतीयों ने गन लाइसेंस के लिए अप्लाय करने का मन बनाया है। अमेरिका में भारतीय समुदाय सबसे शांतिप्रिय समझा जाता है।

ब्रिटेन के जिम स्की बने इंटरगवर्नमेंटल पैनल ऑन क्लाइमेट चेंज के नए अध्यक्ष

लंदन, एजेंसी। ब्रिटेन के जिम स्की जलवायु परिवर्तन विज्ञान का आकलन करने वाली संयुक्त राष्ट्र संस्था इंटरगवर्नमेंटल पैनल ऑन क्लाइमेट चेंज (आईपीसीसी) के नए अध्यक्ष बनाए गए हैं। आईपीसीसी ने एक बयान में कहा कि स्की को थेल्मा क्रुग के मुकाबले में 69 के मुकाबले 90 वोटों से चुना गया। स्की ने आईपीसीसी चुनावों में भाग लेने वाले प्रतिनिधियों को अपने संबोधन में कहा, जलवायु परिवर्तन हमारे ग्रह के अस्तित्व के लिए खतरा है। मेरी आकांक्षा एक ऐसे आईपीसीसी का नेतृत्व करने की है, जो वास्तव में प्रतिनिधि और समावेशी हो, एक आईपीसीसी जो वर्तमान में हमारे पास मौजूद अवसरों का दोहन करते हुए भविष्य की ओर देख रहा हो। एक आईपीसीसी जहां हर कोई महसूस करता है कि उसे महत्व दिया जाता है और उसकी बात सुनी जाती है। इसमें, मैं तीन प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाऊंगा - समावेशिता और विविधता में सुधार, आईपीसीसी मूल्यांकन रिपोर्ट की वैज्ञानिक अखंडता और नीति प्रासंगिकता की रक्षा करना, और जलवायु परिवर्तन पर सर्वोत्तम उपलब्ध विज्ञान का प्रभावी उपयोग करना। आईपीसीसी के अध्यक्ष के रूप में मेरे कार्य सुनिश्चित करेंगे कि ये आकांक्षाएं साकार हों।

चुनाव केन्या के नैरोबी में संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम के मुख्यालय में हुआ, जहां आईपीसीसी अपना 59वां सत्र आयोजित कर रहा है। आईपीसीसी के अध्यक्ष के लिए चार उम्मीदवार थे। आईपीसीसी के इतिहास में ये पहला चुनाव था, जब महिला उम्मीदवार इस पद के लिए चुनाव लड़ रही थीं।

69 वर्षीय स्की लंदन के इंपीरियल कॉलेज में सस्टेनेबल एनर्जी के प्रोफेसर हैं। आईपीसीसी के हाल ही में पूरे हुए छठे मूल्यांकन चक्र के दौरान, स्केया जलवायु परिवर्तन के शमन का आकलन करने वाले कार्य समूह तीन के सह-अध्यक्ष थे। नए आईपीसीसी अध्यक्ष के चुनाव पर प्रतिक्रिया देते हुए, क्लाइमेट एक्शन नेटवर्क इंटरनेशनल के कार्यकारी निदेशक, तस्नीम एस्सोप ने आईएएनएस को बताया।

हड्डियों का अलग-अलग शेप सेहत पर असर डालता है

हाइट के अनुपात में धड़ लंबा तो पीठ दर्द, लंबी पिंडली की हड्डी से घुटनों में समस्या

लंदन, एजेंसी।
अगर कोई कमर दर्द या टेढ़े-मेढ़े घुटनों की समस्या से जूझ रहा है... तो इसके लिए उसके माता-पिता से मिले जीन दोषी हो सकते हैं। एक ताजा अध्ययन उन जीन का पता चला है जिनके कारण इंसान के कंधे की चौड़ाई, पैरों की लंबाई और पूरे कंकाल का शेप तय होता है। इन्हीं के कारण ही लोगों का आकार अलग-अलग होता है और यही लोगों की सेहत प्रभावित करते हैं। जर्नल साइंस में प्रकाशित टेक्सास यूनिवर्सिटी की स्टडी के मुताबिक, अगर हाइट के अनुपात में धड़ लंबा है तो पीठ दर्द की आशंका रहती है। वहीं, कूल्हे ज्यादा चौड़े हैं तो ऑस्टियोपोरोसिस की समस्या से घिर सकते हैं।

इसके उलट जिनकी जांघ की हड्डियां (फीमर) लंबी हैं, उन्हें घुटने से जुड़ी समस्या, दर्द और गठिया का जोखिम बढ़ जाता है। स्टडी के मुख्य लेखक और बायोकेमिस्ट्री शोधकर्ता यूचरिस्ट कुन कहते हैं- शरीर के विभिन्न जोड़ों पर बायोमैकेनिकल तनाव के कारण बीमारी पैदा होती हैं। हमारी चाल से लेकर बैठने के तरीके तक सब कुछ कंकाल के अनुपात से प्रभावित होता है। इससे स्पष्ट है कि ये बीमारियों के लिए बड़े जोखिम फैक्टर्स हैं। शोधकर्ताओं ने 40 से 80 साल उम्र वाले 30 हजार से ज्यादा लोगों के बायोबैंक के डेटा का



अध्ययन किया है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जरिए शोध कर्ताओं ने पूरे शरीर के एक्स-रे और जेनेटिक टेस्ट के नतीजों का विश्लेषण किया। एआइ प्रोग्राम यह पता लगाने में सक्षम था कि कंकाल के अनुपात का जेनेटिक मैप बनाने के लिए कौन से जीन शरीर के हिस्सों को आकार दे रहे थे। इस प्रक्रिया से कंकाल के विकास को नियंत्रित करने वाले जीन से जुड़े 145 क्षेत्रों का पता चला। इससे पहले केवल कुछ ही ज्ञात थे। वैज्ञानिकों ने पीठ दर्द, ऑस्टियोपोरोसिस के अलावा लंबी टिबिया (पिंडली की हड्डी) से घुटनों के लिए परेशानी के अलावा घुटने के ऊंचे जोड़ के कारण ऑस्टियोआर्थराइटिस के बीच संबंध भी खोजा। स्टडी में शामिल सभी कंकालों का अनुपात 30त्न से 50त्न जेनेटिक था। स्पष्ट है कि जेनेटिक्स से तय होता है कि कि आप कैसे होंगे। साथ ही भविष्य में सेहत से जुड़ी कौनसी समस्याएं हो सकती हैं। इंटीग्रेटिव बायोलॉजी एक्सपर्ट वागीश नरसिम्हन कहते हैं- 500 साल पहले लियोनार्डो दा विंची ने एक इंसान के अनुपात के बारे में सोचा था। उसी पहेली से हम आज जूझ रहे हैं। एआइ की मदद से तैयार मैप बताता है कि हमारी अनूठी कंकाल वास्तुकला कैसे विकसित हुई। इससे यह भी पता चलता है कि किस तरह जेनेटिक बदलावों के चलते इंसान दो पैरों पर सीधा चलने में सक्षम हुआ। दो पैरों की इस मूवमेंट ने प्राइमेट्स को हर तरह के वातावरण के लिए अनुकूल बना दिया। उपकरणों का इस्तेमाल करने के लिए हाथों को मुक्त किया। इससे संज्ञानात्मक विकास तेज हुआ और 'आधुनिक इंसान' के लिए मंच तैयार हुआ।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129